राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
तरुणमित्र
श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

वर्ष : 47 अंक 244
जौनपुर, शनिवार
21 जून 2025
तापमान
अधिकतम / न्यूनतम
32°C | 27°C

मूल्य 3.00 रुपये पृष्ठ-8 | जौनपुर, अयोध्या, लखनऊ, पटना (बिहार), ठाणे (महाराष्ट्र), भोपाल (मप्र) से प्रकाशित | www.tarunmitra.in

बस में घुसी कार, अमेठी में तैनात दारोगा की मौत, पांच घायल

उन्नाव, 20 जून। दबिश देकर युवती को बरामद कर लौट रही पुलिस टीम की कार लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर स्लीपर बस में पीछे से घुस गई। हादसे में कार चला रहे दारोगा की मौत हो गई, जबकि हेड कांस्टेबल समेत पांच व्यक्ति घायल हो गए। घायलों को सीएचसी रेफर किया गया है। दारोगा 2015 बैच के थे।

लखनऊ के गाजीपुर थाना क्षेत्र के सर्वोदय नगर एच 31 निवासी 31 वर्षीय मंजीत



सिंह पुत्र राम विलास वर्मा 2015 बैच के दारोगा थे। वह सदर कोतवाली अमेठी में तैनात थे। एक युवती की बरामदगी के लिए हेड कांस्टेबल प्रदीप तिवारी के साथ गए थे।

युवती और उसके स्वजन पवन निवासी विशराजगंज अमेठी, संतोष निवासी हरिपुर लोहरामऊ जनपद अमेठी, शिखा गुप्ता निवासी गोसाईगंज अमेठी और शीतला निवासी विशराजगंज अमेठी के साथ कार से लौट रहे थे। शुक्रवार सुबह लगभग 5 बजे एक्सप्रेसवे के बांगरमऊ कट पर चालक को झपकी आने से कार अनियंत्रित होकर बस में पीछे से घुस गई। हादसे में कार चला रहे दारोगा मंजीत सिंह की मौत हो गई, जबकि अन्य घायलों को यूपीडा रेस्क्यू टीम ने बांगरमऊ अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। दारोगा कार में ही फंस गए। क्रेन की सहायता से लगभग डेढ़ घंटे बाद उन्हें निकाला जा सका। पुलिस ने हादसे की जानकारी दारोगा के स्वजन को देकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हादसे में कार चला रहे दारोगा मंजीत सिंह की मौत हो गई, जबकि अन्य घायलों को यूपीडा रेस्क्यू टीम ने बांगरमऊ अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। दारोगा कार में ही फंस गए।

क्रेन की सहायता से लगभग डेढ़ घंटे बाद उन्हें निकाला जा सका। पुलिस ने हादसे की जानकारी दारोगा के स्वजन को देकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

ट्रेलर और बोलेरो की टक्कर में 9 लोगों की मौत

पुरुलिया-जमशेदपुर नेशनल हाईवे पर हुआ भीषण सड़क हादसा

पुरुलिया, 20 जून। पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले में शुक्रवार सुबह एक भीषण सड़क दुर्घटना में नौ लोगों की मौत हो गई। यह हादसा पुरुलिया-जमशेदपुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 18 पर स्थित बलरामपुर थाना क्षेत्र के नामसोल प्राथमिक विद्यालय के पास हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक कार में सवार नौ लोग पुरुलिया से झारखंड की ओर जा रहे थे, तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।



सभी नौ यात्रियों को मृत घोषित किया: घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने सभी नौ यात्रियों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद इलाके में शोक का माहौल है। मृतकों की पहचान की जा रही है और उनके परिजनों को सूचित किया गया है।

मृतकों की हुई पहचान: आठ मृतक नीमडीह थाना अंतर्गत लाकड़ी गांव के तिलाईटांड मिवासी बीरु महतो, अजय महतो, विजय महतो, स्वपन महतो, गुरुपद महतो, शशांक महतो, चित्त महतो, कृष्णा महतो है एवं एक व्यक्ति चंद्रमोहन महतो नीमडीह थाना के रघुनाथपुर निवासी है। घटना की जानकारी के बाद तिलाईटांड गांव में मातम छा गया। सभी लोग ईचागढ़ थाना के चिरुगोड़ा गांव से बराबजार थाना के अदाबना गांव बरात में गए थे। लौटने के दौरान भीषण सड़क दुर्घटना हुआ। फिलाहल पुलिस ने सभी शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया है।

पहचान के संकट से निकलकर आजमगढ़ बना अदम्य साहस का गढ़: योगी

आजमगढ़ में गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का सीएम ने किया लोकार्पण

आजमगढ़, 20 जून। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को यहां गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का लोकार्पण किया। 91 किमी लंबा लिंक एक्सप्रेसवे गोरखपुर के जैतपुर से शुरू होकर आजमगढ़ के सलारपुर को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जोड़ेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सलारपुर में जनसभा को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश और प्रदेश में विकास की रफ्तार अब रुकेगी नहीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आने वाले समय में एक्सप्रेसवे के किनारे सेमी हाईस्पीड ट्रेनों का भी संचालन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजमगढ़ के नाम से पहले लोग डरते थे लेकिन अब अदम्य साहस का गढ़ बन रहा है। पिछले आठ वर्ष में आजमगढ़ की तस्वीर बदली है। आजमगढ़ की ब्लैक पाटरी और मुबारकपुर की साड़ी अब देश-विदेश में अपनी एक खास पहचान बना रही है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कियह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और डबल इंजन सरकार के प्रयासों का परिणाम है, जो उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य से एक्सप्रेसवे प्रदेश के रूप में स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह एक्सप्रेसवे आजमगढ़ के साथ-साथ अंबेडकरनगर, संत कबीर नगर और गोरखपुर को विश्वस्तरीय कनेक्टिविटी प्रदान करेगा।

उन्होंने कहा कि बेटी और व्यापारी सहित सभी की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है। किसी ने सुरक्षा में सेंध लगाने की कोशिश की तो उसे यमलोक का टिकट उपलब्ध करा दिया जाएगा। जो दूसरों के लिए खतरा बनेंगे, उनके लिए एक टिकट बुक करा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार सुरक्षा और सुशासन की गारंटी दे रही है।

प्रयागराज में महाकुंभ, अयोध्या में राममंदिर व काशी में विश्वनाथ धाम का निर्माण हुआ। काशी, विंध्याचल और अयोध्या के विकास के बाद अब मथुरा-वृंदावन की बारी है। प्रदेश में विकास का अद्भुत समन्वय स्थापित करना है। यूपी की आधारभूत संचरना इतना मजबूत कर देंगे कि कोई भी प्रदेश का विकास होने से रोक नहीं सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को यूपी में ही रोजगार मिले इसके लिए एक्सप्रेस-वे के किनारे इंडस्ट्रियल क्लस्टर बनाया जाएगा। यह एक्सप्रेस-वे गोरखपुर, संतकबीरनगर, आंबेडकरनगर और आजमगढ़ के लिए किसी उपहार से कम नहीं है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आजमगढ़ से गोरखपुर तक यह लिंक एक्सप्रेसवे पूर्वी उत्तर प्रदेश को विकास की मुख्यधारा से जोड़ रहा है। यह कनेक्टिविटी पटना से दिल्ली तक की यात्रा को आसान बनाएगी। सीएम योगी ने कहा कि इस वर्ष के अंत तक गंगा एक्सप्रेसवे का लोकार्पण प्रधानमंत्री करेंगे और इंफ्रास्ट्रक्चर इतना मजबूत होगा कि उत्तर प्रदेश को समृद्ध होने से कोई रोक नहीं सकेगा। सीएम योगी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि 2017 से पहले सड़कों का हाल ऐसा था कि गड्ढे में सड़क थी या सड़क में गड्ढा, पता ही नहीं चलता था। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे का शिलान्यास तो हो गया था, लेकिन जमीन तक नहीं खरीदी गई थी। रु.15,200 करोड़ में 110 मीटर चौड़ा एक्सप्रेसवे बनाना चाहते थे, हमने उसे 120 मीटर चौड़ा करके रु.11,800 करोड़ में बनवाया। बचे हुए पैसों की डकैती किसकी होती, जनता समझती है।

आजमगढ़ के सलारपुर से गोरखपुर में भगवानपुर टोल प्लाजा तक के गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के लोकार्पण का पहला कार्यक्रम आजमगढ़ के सलारपुर में था। इसके बाद मुख्यमंत्री ने यूपीडा की सुरक्षा फ्लीट को झंडी दिखाकर रवाना किया। वह एक्सप्रेसवे से ही गोरखपुर तक पहुंचे और रास्ते में कम्हरियाघाट पुल का निरीक्षण किया।

एयर इंडिया ने रद्द कीं 8 उड़ानें

दिल्ली से दुबई और मेलबर्न तक यात्री परेशान

नई दिल्ली, 20 जून। अहमदाबाद प्लेन क्रैश के बाद से चर्चा में चल रही एयर इंडिया ने आज 8 फ्लाइट्स को कैंसिल कर दिया है। इनमें 4 इंटरनेशनल फ्लाइट्स भी हैं। रद्द की गईं फ्लाइट्स को चेन्नै, दिल्ली, दुबई, मेलबर्न, पुणे, अहमदाबाद, हैदराबाद और मुंबई से उड़ान भरना था। जानकारी के मुताबिक एयरक्राफ्ट्स की तकनीकी जांच, खराब मौसम और एयरस्पेस की पाबंदियों को देखते हुए यह फैसला लिया गया। एयर इंडिया की ओर से जारी बयान में कहा गया, 'एयर इंडिया की इंटरनेशनल फ्लाइट दुबई टू चेन्नै AI906, दिल्ली से मेलबर्न AI308 और AI309 मेलबर्न से दिल्ली को रद्द किया जाता है।'

एयर इंडिया ने बताया, 'दुबई से हैदराबाद की फ्लाइट भी कैंसल की जाती है। पुणे से दिल्ली, अहमदाबाद से दिल्ली, हैदराबाद से मुंबई और चेन्नै से मुंबई की फ्लाइट भी कैंसल की जाती है। मेंटनेंस और ऑपरेशनल कारणों से यह फैसला लिया गया है।' एयरलाइन कंपनी का कहना है कि जिन लोगों की यात्रा प्रभावित हुई है, उन्हें पूरा रिफंड दिया जाएगा। इसके अलावा वैकल्पिक यात्रा का प्लान भी उनसे साझा किया जाएगा। एयर इंडिया के बयान में कहा गया कि इस असुविधा के लिए हमें खेद है। हमारा स्टाफ वैकल्पिक हवाई यात्रा की सुविधा देने के लिए तत्पर है ताकि यात्री जल्दी और सुरक्षित अपना सफर तय कर सकें। यात्रियों को फुल रिफंड और रिशेड्यूलिंग का ऑफर दिया जाता है।

कंपनी ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे अपने फ्लाइट्स का स्टेट्स वेबसाइट पर चेक कर रहते रहें। इसके अलावा किसी भी अपडेट के लिए कस्टमर केयर पर कॉल कर लें। एयर इंडिया का कहना है कि हमने अपने एयरक्राफ्ट्स की चेकिंग बढ़ा दी है और एयरस्पेस से जुड़ी पाबंदियां हैं। इसके अलावा कुछ रूटों पर मौसम बिगड़ने की चिंता भी है। ऐसी स्थिति में हमें कुछ फ्लाइट्स को कैंसल करन पड़ रहा है।



असम में कांग्रेस को प्रमोट कर रहे मुस्लिम देशों के 5000 सोशल मीडिया अकाउंट: हिमंत

गुवाहाटी, 20 जून। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को एक बड़ा दावा करते हुए कहा कि असम कांग्रेस के पक्ष में 5,000 से अधिक सोशल मीडिया अकाउंट अचानक सक्रिय हो गए हैं, जिनमें से अधिकतर इस्लामिक देशों से ऑपरेट हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने इसे राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला बताते हुए कहा कि केंद्र सरकार को इस बारे में जानकारी दे दी गई है। मुख्यमंत्री ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि इन सोशल मीडिया अकाउंट्स की उत्पत्ति 47 अलग-अलग देशों से हुई है, जिनमें सबसे ज्यादा अकाउंट बांग्लादेश और पाकिस्तान से हैं। ये अकाउंट पिछले एक महीने से असम कांग्रेस की गतिविधियों और एक विशेष कांग्रेस नेता पर केंद्रित हैं। शर्मा ने आरोप लगाया कि अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों को देखते हुए ये अकाउंट्स राज्य के राजनीतिक माहौल को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं।

बंदरों के कारण टूटा तार, युवक की करंट लगने से मौत

बस्ती, 20 जून। शहर के दरियाखा मोहल्ले के गोपाल गली में शुक्रवार की सुबह बंदरों का झुंड तार पर झूल रहा था। अचानक तार आपस मे उलझ गए, जिससे एक तार टूट कर नीचे गिर गया। जिसकी चपेट में एक युवक आ गया। आनन फानन में लोग जिला अस्पताल ले गए जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।पुलिस शव को कब्जे में लेकर आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने में लगी है। पाकरडाड निवासी अंगद उम्र 38 वर्ष अपने बुआ के घर दरियां खा मोहल्ले के गोपालगली में आये थे। सुबह चाय पीकर घर के सामने सड़क पर टहल रहे थे। दूसरी तरफ पोल पर बंदरों का झुंड विद्युत तार पर उछल कूद मचा रहे थे। तार आपस मे उलझ कर टूट कर गिर गया। जिसकी चपेट में अंगद आ गए। करंट लगने से झुलस गए। मौके पर उपस्थित लोग अंगद को जिला अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की बुआ भानमती का रो रोकर बुरा हाल है।

प्रमुख स्थलों, मार्गो पर टैक्सी स्टैंड चिन्हित करने का निर्देश

15 दिवस के अन्दर बिना रजिस्ट्रेशन वाले टैक्सियों का कराए रजिस्ट्रेशन अन्यथा करें कार्यवाही : जिलाधिकारी

तरूणमित्र न्यूज

मीरजापुर। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में नगरीय क्षेत्रों में अवैध टैक्सियों, टेम्पो स्टैण्डों से लगने वाले जाम पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रभारी यातायात पुलिस एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मीरजापुर को निर्देशित करते हुए कहा कि नगर से प्रमुख मार्गो, स्थानों पर जाने वाले रास्तो पर टैक्सी स्टैण्ड हेतु जमीन चिन्हित करते हुए वहां पर पेयजल, शौचालय की व्यवस्था कराएं तथा अवैध रूप से टैक्सी स्टैण्ड संचालित करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि परिवहन अधिकारी विभाग में बिना रजिस्ट्रेशन कराएं चल रहे टैम्पो, ई-रिक्शा के मालिकों को नोटिस देते हुए 15 दिवस के अन्दर रजिस्ट्रेशन कराने हेतु समय दे तत्पश्चात अवैध रूप से टैक्सी, ई रिक्शा संचालित करने वालों पर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी व यातायात पुलिस आटो रिक्शा, ई रिक्शान के रूट चिन्हांकन की कार्यवाही भी सुनिश्चित करें। अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया मार्ग के किनारे पेट्रोल पम्पों मालिकों को सड़को को कट करने व नाली को क्षतिग्रस्त यदि किया जाता है तो नोटिस जारी कर कार्यवाही करें।

उन्होंने दुघर्टना बाहुल्य स्थानो को भी चिन्हित करते हुए राज्य मार्गो, प्रमुख जिला मार्गो व अन्य जिला मार्गो के जक्शन से पहले नियमानुसार स्पीड ब्रेकर बनवाए ताकि मोड़ पर वाहनों की गति धीमी हो सकें। सम्भागीय परिवहन अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा, यातायात विभाग, जिला विद्यालय निरीक्षक आपस में समन्वय स्थापित कर विभिन्न स्कूलो एवं कालेजो में छात्रो को यातायात नियमो के बारे में जागरूक करने के लिए गोष्ठी एवं प्रतियोगिता कराकर यातायात नियमो के बारे में जानकारी दें।

उन्होंने कहा कि दुघर्टना वाले सड़को पर रोडलाइट व दुघर्टना बाहुल्य क्षेत्र सम्बन्धित बोर्ड भी लगाया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम प्रधानो के माध्यम से भी अभियान चलाकर यातायात नियमो प्रति लोगो को जागरूक करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि गुड सेमेरिटन योजना के प्रोत्साहन हेतु समाचार पत्रो एवं होर्डिंग के माध्यम से प्रचार प्रसार कर लोगो को जागरूक किया जाए। उक्त योजना के तहत किसी दुघर्टना में घायल व्यक्ति को यदि किसी व्यक्ति द्वारा अस्पतला पहुंचाया जाता है तो उसे गुडसेमेरिटन योजना के तहत किसी पुलिस के द्वारा कोई पूछताछ नहीं किया जाएगा तथा पीएचसी, सीएचसी व मेडिकल कालेज में ऐसे लोगों के नाम रजिस्ट्रर में दर्ज कर गोपनीय तरीके से रखा जाए, ताकि उन्हें सेमेरिटन योजना के तहत पुरस्कृत किया जा सकें। बैठक में चिन्हित ब्लैक स्पाट पर सुधारीकरण, रोड सेफ्टी पालिसी आदि पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी विजय कुमार, उप जिलाधिकारी चुनार राजेश वर्मा, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, शैलेन्द्र अग्रहरि सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व विभिन्न एशोसिएशन के प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

योग को बनाए अपने जीवन का हिस्सा : साध्वी सरिता

विश्व हिंदू महासंघ की राष्ट्रीय धर्माचार्य साध्वी सरिता ने योग पर डाला विस्तार पूर्वक प्रकाश

तरूणमित्र न्यूज

भदोही। विश्व हिंदू महासंघ की राष्ट्रीय धर्माचार्य साध्वी सरिता ने कहा कि योग एक प्राचीन भारतीय परंपरा है। जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रुप से स्वस्थ बनाती है। वहीं योग के नियमित अभ्यास से सहनशीलता, धैर्य और मानसिक शक्ति जैसे गुण विकसित होते हैं।

उक्त बातें साध्वी सरिता नगर के धौरहरा मोहल्ले में स्थित सभासद अजय दुबे के आवास पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहीं। वें 21 जून विश्व योग दिवस पर योग संजीवनी ट्रस्ट (रजिस्टर्ड) भारत के बैनर तले नगर के मर्यादपट्टी स्थित रामलीला मैदान में आयोजित होने वाले योग कार्यक्रम में शामिल होने के लिए भदोही आई है। आगे उन्होंने कहा कि योग एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण

साधक है। योग का अभ्यास करने से व्यक्ति का मन शांत होता है और वह बेहतर तरीके से काम पर ध्यान केंद्रित कर पाता है। ऐसे में सभी को चाहिए कि वह योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं और इसके लाभ का अनुभव प्राप्त करें। उन्होंने योग के महत्व पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला।

इस मौके पर योगाभ्यास विजय श्रीवास्तव, विनीत बरनवाल, दिलीप गुप्ता, तरुण शुक्ला, गिरधारी जायसवाल, अरविंद मौर्य, अजय दुबे आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहें।

लहंगपुर विद्युत उपकेंद्र से जुड़े दर्जनों गांवों की विद्युत सप्लाई बीती रात से हुई बाधित

लालगंज, मीरजापुर। स्थानीय विकासखंड क्षेत्र के लहंगपुर विद्युत उपकेंद्र से जुड़े दर्जनों गांवों की विद्युत सप्लाई बीती रात से बाधित हो गई है कारण हाई टेंशन लाइन की पोल पर लगे इंसुलेटर थोड़ी सी बरसात होने पर पंचर हो जा रहे हैं। इसकी वजह से गंगहराकलां, गंगहरा खुर्द, लहंगपुर, रेही, मझियार, बामी, फटाहवा, धसड़ा, बिरतीया, पटेल नगर, राजापुर, चितांग, इस्लामपुर, कोल्हुआ, तेंदुआ कलां, तेंदुआ खुर्द, रामपुर मड़वा, पगार, इस्लामपुर, मस्तर, तुरकहां जैसे गांवों की विद्युत सप्लाई आए दिन खराब रहती है। ग्रामीणों ने कहा कि पहले लालगंज से 11000 की सप्लाई लहंगपुर के गांवों में आ रही थी। दूरी होने के कारण लो वोल्टेज, तार, पोल टूटना, आदि समस्या को देखते हुए 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र लहंगपुर नया उपकेंद्र बनाया गया कि ओवरलोड और आए दिन पोल, तार, इंसुलेटर खराब होने से विद्युत उपभोक्ताओं को छुटकारा मिले लेकिन जब से लालीमाटी से लहंगपुर तक नई विद्युतीकरण हुआ है तब से सामान इतने घटिया लगाए गए हैं कि थोड़ी सी बरसात या हवा चले तो विद्युत सप्लाई 12 घंटे, 24 घंटे, 36 घंटे के लिए बंद हो जाती है।

एनसीएल में योग दिवस आयोजित किए जाएँगे विभिन्न कार्यक्रम

सिंगरौली/सोनभद्र/(तरूणमित्र न्यूज)। भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों द्वारा सिंगरौली एवं सोनभद्र परिक्षेत्र के 32 स्थानों पर योग सत्रों का आयोजन किया जाएगा जिसमें एनसीएल कर्मी एवं उनके परिजन, संविदाकर्मी, स्कूली छात्र एवं स्थानीय जन मानस योग अभ्यास में भाग लेंगे। इसके अतिरिक्त इस दौरान एनसीएल द्वारा 'हरित योग' के तहत 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के माध्यम से वृक्षारोपण भी किया जाएगा।

गौरतलब है कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रतिवर्ष 21 जून को मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग है। इसी क्रम में एनसीएल ने गत 15 जून से 20 जून तक योग बूट कैंप का आयोजन किया जिसके तहत एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों में योग के महत्व को जन जन तक पहुंचाने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों जैसे जागरूकता रैली, विद्यालयों में निबंध

लेखन एवं पोस्टर निर्माण, ड्राईंग,पेंटिंग प्रतियोगिताएं, सार्वजनिक योग सत्र एवं योग कार्यशालाएं आयोजित की गयी।

नाबालिग बेटी को घर से बहला फुसलाकर भगाने का लगाया था आरोप

ड्रमंडगंज। लालगंज थाना क्षेत्र के चौकी बरौधा अन्तर्गत एक गांव निवासी पिता ने करीब पन्द्रह दिन पहले बरौधा चौकी पर पहुंचकर तहरीर देकर गांव निवासी एक युवक पर अपने नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने का गंभीर आरोप लगाया था दी गई तहरीर में पिता ने आरोप लगाया था की हमारे नाबालिग बेटी को भगा ले जाने में युवक के साथ उसके परिवार के ही कुछ लोगों का हाथ है पन्द्रह दिन बीत जाने के बाद भी बरौधा पुलिस घर से गायब नाबालिग बेटी को पता लगाने में नाकामयाब रही पिडीत पिता बेटी घर से गायब होने के बाद से बरौधा चौकी का लगातार चक्कर काट रहा है लेकिन पन्द्रह दिन बीत जाने के बाद बरौधा पुलिस के हाथ खाली है पिडीत पिता ने आरोप लगाया है कि बरौधा पुलिस हमारे नाबालिग बेटी को पता लगाने में रुची नहीं दिखा रही है जिससे हमारे बेटी को भगाकर ले जाने वाले युवक के परिजनों का मन बड़ा हुआ है इस संबंध में चौंकी इंचार्ज बरौधा हरिकेश सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है कार्रवाई की जा रही है।

हिण्डालको में किसान जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

रेणुकूट/सोनभद्र/(तरूणमित्र न्यूज)। हिण्डालको रेणुकुट क्लस्टर हेड, समीर नायक के नेतृत्व एवं कलस्टर हेड एच.आर., जसबीर सिंह के मार्गदर्शन में पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए आदित्य बिड़ला रुरल टेक्नोलॉजी पार्क (ए.बी.आर.टी.पी.) म्योरपुर में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में म्योरपुर एवं दुध्दी विकास खण्डों के 70 सीमान्त किसानों के साथ-साथ हिण्डालको ग्रामीण विकास विभाग से जुड़े स्वयं सेवियों को जागरूकता एवं प्रशिक्षण दिया गया।

इस अवसर पर विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे पशु धन बीमा, पशु एम्बुलेन्स सेवा 1962, वर्गीकृत वृय, राष्ट्रीय पशु धन मिशन, सुअर पालन, टीकाकरण - एफएमडी, एचएसबीक्यू, लम्पी, स्किन रैबीज इत्यादि पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गई एवं उपलब्ध योजनाओं का लाभ लेने पर जोर दिया गया। म्योरपुर स्थित ए.बी.आर.टी.पी. में आयोजित प्रषिक्षण षिविर के दौरान म्योरपुर विकासखण्ड के पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राहुल राज ने पशु टीकाकरण के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि विश्व में सबसे ज्यादा दुधारु पशु भारत में पाए जाते हैं और विश्व दुग्ध उत्पादन में भी हमारा देश विश्व में अग्रणी है, लेकिन फिर भी प्रति पशु दुग्ध उत्पादन में हम बहुत पीछे हैं।

किसानों को पशु नस्ल में सुधार के द्वारा प्रति पशु दुग्ध उत्पादन को बढ़ाना होगा। हिण्डाल्को ग्रामीण विकास विभाग के प्रमुख श्री अनिल झा ने पशु पालकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बकरी का दूध गाय व भैंस के दुध से अधिक पौष्टिक होता है। अत: हमें बकरी पालन में भी अपना ध्यान केन्द्रित करना होगा। भारत में भी कई बकरियों की प्रजातियां हैं जिनसे ज्यादा दुग्ध उत्पादन होता है।

प्रशिक्षण के दौरान पशु नस्ल में सुधार के लिए कृत्रिम गर्भाधान को बहुत लाभकारी बताते हुए कहा कि कृत्रिम गर्भाधान से पशु नस्ल को सुधार करके प्रति पशु दुग्ध उत्पादन में आसानी से बढ़ोत्तरी की जा सकती है। कार्यक्रम के दौरान समय-समय पर पशुओं को लगने वाले टीकों के बारे में व कृत्रिम गर्भाधान के बारे में बहुत ही आसान तरीके से किसानों को समझाया गया। प्रशिक्षण में उपस्थित किसानों ने कार्यक्रम को बहुत ही लाभकारी बताते हुए आगे भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन हेतु। कार्यक्रम का संचालन हिण्डाल्को ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी राजेश सिंह ने किया। आए हुए सभी किसान बन्धुओं को हिण्डाल्को ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी सुभाशीष चक्रवर्ती ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

बैंकों में लंबित फाइलों को लेकर बीडीओ ने जताई नाराजगी, दिए निस्तारण के निर्देश

मीरजापुर। लालगंज खंड विकास अधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने शुक्रवार को विकास खंड क्षेत्र की विभिन्न बैंकों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों की सीसीएल (कैश क्रेडिट लिमिट) संबंधी लंबित फाइलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश बैंक प्रबंधकों को दिए।

बीडीओ ने आर्यावर्त बैंक, पंजाब एंड सिंध बैंक, इंडियन बैंक व एसबीआई सहित अन्य बैंकों के अधिकारियों से बातचीत की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि फाइलों का समय पर निस्तारण नहीं होने से समूहों के कार्य प्रभावित हो रहे हैं और स्वरोजगार की दिशा में चल रहे प्रयासों को झटका लग रहा है।उन्होंने कहा कि फाइलों की लंबित प्रक्रिया के चलते समूहों को समय पर वित्तीय सहायता नहीं मिल पा रही है।जिससे उनके उद्यम बाधित हो रहे हैं। यदि समयबद्ध तरीके से सीसीएल स्वीकृत हो तो ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित हो सकते हैं।बैंक अधिकारियों ने बीडीओ को भरोसा दिलाया कि सभी लंबित फाइलों को तय समय सीमा में निस्तारित कर दिया जाएगा और इस दिशा में प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जाएगा।

व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के लिए योगाभ्यास जरूरी : सुनील

सोनभद्र/(तरूणमित्र न्यूज)। पतंजलि योग परिवार सोनभद्र के तत्वाधान में रॉबर्ट्सगंज कचहरी परिसर स्थित सोनभद्र बार एसोसिएशन सभागार में शुक्रवार को प्रात: कालीन सत्र में योगाभ्यास कुशल मार्गदर्शक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश राम पाठक की अध्यक्षता में सभी प्रमुख योग गुरुओं द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व पूर्वाभ्यास कराया गया। भारत स्वाभिमान के जिला महामंत्री सुनील कुमार चौबे योगी ने कहा कि व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के लिए योगाभ्यास जरूरी है। उन्होंने 21 जून को होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सोनभद्र बार एसोसिएशन सभागार में प्रात: 4य30 बजे सभी योग प्रेमियों से समय से पहुंचने के लिए आग्रह किया। इसके अलावा योग के दौरान सभी को सफेद कुर्ता, पायजामा अथवा योग टीशर्ट पहनकर आने, बातचीत न करने, मोबाइल स्विच ऑफ रखने का भी आग्रह किया।

योगाभ्यास कार्यक्रम में पतंजलि

योग समिति जिला प्रभारी रवि प्रकाश त्रिपाठी योगी, प्रमुख योग शिक्षक सुनील कुमार श्रीवास्तव, ओम प्रकाश यादव, बलदाऊ श्रीवास्तव, नगर संयोजक दिनेश लाल श्रीवास्तव, विमला इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य नारायण लाल श्रीवास्तव, वरिष्ठ अधिवक्ता अमरेश चन्द्र त्रिपाठी, कमेटी महामंत्री एसपी मेहता, वरिष्ठ योग साधक चंद्र बहादुर सिंह, लक्ष्मी नारायण पांडे, नागेंद्र नाथ चौबे, रामसेवक पांडेय, सुरेंद्र जायसवाल, धर्मेंद्र चौरसिया, रूप नारायण सिंह, प्रेम प्रकाश शुक्ला, संजय कुमार, अशोक गुप्ता, वरिष्ठ अधिवक्ता गोविंद नारायण सिंह, हृदय नारायण पाठक,पुरुषोत्तम प्रजापति, राजू सोनी समेत सभी कक्षाओं के प्रमुख योग शिक्षक, योग साधक उपस्थित रहे।

मतदाता पुनरीक्षण को लेकर बैठक एसडीएम ने दिए आवश्यक निर्देश

दुद्धी, सोनभद्र/(तरूणमित्र न्यूज)। शुक्रवार को दुद्धी तहसील सभागार में निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों की एक बैठक एसडीएम निखिल यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। एसडीएम निखिल यादव ने उपस्थित सुपरवाइजरों, जोनलों को निर्देशित किया कि 18 साल उम्र पूर्ण करने वाले नए मतदाताओं का नाम जोड़ा जाय तथा मृतक मतदाताओं को विलोपित किया जाय। इसके अलावा जिन मतदाता लड़कियों की शादी हो गई हैं उनका नाम निरस्त करते हुए विवाहित गाँव में जोड़ा जाय।

एसडीएम ने कहा कि निर्वाचन की प्रक्रिया निरंतर चलती रहती हैं इसलिए समय-समय पर मतदाता सूचि का संशोधन किया जाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि पूर्व में आयी त्रुटियों में सुधार की जाएगी। सर्वे में नाम जोड़े और घटाएं जा रहे

है,जो विस्थापित हो चुके है उनका कटना है। साथ ही 80 से 85 वर्ष से ज्यादा उम्र के मतदाताओं को चिन्हित करे और समय दृसमय पर निर्वाचन नियमावली देखते रहे ताकि कोई भी मतदाता का नाम मतदाता सूचि से छूट न सके।

इस दौरान तहसीलदार अंजनी कुमार गुप्ता के अलावा निर्वाचन से जुड़े जोनल, सुपरवाइजर व लेखपाल उपस्थित रहे।

राजस्व विभाग की टीम ने माना फरीपान में बरासत में हुई चूक

म्योरपुर/सोनभद्र/(तरूणमित्र न्यूज)। स्थानीय ब्लॉक के ग्राम पंचायत फरीपान में चर्चित भूमि विवाद की अभी तक जांच में गुरुवार को दो लेखपालों की टीम ने फर्जी बरसात करा जमीन बेचने को लेकर तहसील दिवस और मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायत की साक्ष्यों की जांच के साथ पीड़ित और आरोपी पक्ष का लिखित में बयान दर्ज किया।

पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाते हुए 1978 में लिखे पंचों का पत्र सौंपा साथ की राजस्व रिकॉर्ड और एक खतौनी में दर्ज फूल मति के नाम का साक्ष्य दिया और कहा कि वरासत में तत्कालीन लेखपाल ने चूक किया जिससे फूलमती का नाम छोड़ कर बेचनी का नाती बन कर नाम दर्ज करा लिया गया। पीड़ित पक्ष के रामनारायण, सत्यनारायण, झुरहरिया अनिल आदि का दावा है कि बेचनी के वारिस हम लोग है राजस्व रिकॉर्ड बता रहा है गांव के बुजुर्गों से भी जानकारी मिल जाएगी। जबकि बरसात करा जमीन बैनामा कराने वाले राम गुलाम और राम किशुन निवासी पोखरा नवकी नानी बड़े नाना के तीसरी पत्नी जिसे परिवार ने स्वीकार नहीं किया था और उसे जीवन यापन के लिए खेत क्यारी दी गई थी।

11 जून 1978 को उनकी मौत हुई तो जमीन गिरवी रख उनका क्रियाकर्म किया गया था। दोनों भाई उन्हीं के नाती है यह पूरा गांव जनता है। लेखपाल महेंद्र यादव और गांव के लेखपाल मुकेश कुमार ने दोनों की बाते और साक्ष्य देखने के बाद कहा कि चूक तो वरासत में कही हुई जरूर है। जांच रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी जाएगी साथ ही सलाह दी कि तहसील दार न्यायालय में दोनों पक्ष जाए और समस्या का समाधान निकाले।

सुनियोजित खेल का साजिश कर्ता कौन

ब्लॉक के फरीपान प्रकरण में पोखरा निवासी राम गुलाम और राम किशुन द्वारा कथित रूप से वरासत कराना और उस जमीन को बेचने के पीछे साजिश रचने वाला आखिर कौन है। पीड़ित राम नारायण गांव के विलास, हरिचरण, सुग्रीव, चरकू आदि का कहना है कि रजिया बेचनी की मौत के आज 40 साल से ऊपर हो गए।कोई जमीन मांगने नहीं आया ये गांव के ही एक दबंग व्यक्ति का साजिश है अन्यथा दोनों भाई सीधे साधे किसान है। इस मामले की तह तक गहराई से जांच हो तो सच्चाई सामने आ सकता है।

नाम मोबाइल नंबर लिखवाने का अभियान शुरू

दुद्धी, सोनभद्र/(तरूणमित्र न्यूज)। परिवहन विभाग द्वारा महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों पर लगाम लगाने के उद्देश्य से नई व्यवस्था शुरू की गई है, व्यवस्था के क्रम में ऑटो रिक्शा सहित अन्य सार्वजनिक परिवहन के वाहन पर वाहन चालकों के नाम, मोबाइल नंबर और आधार कार्ड नंबर लिखे जा रहे है। इसी क्रम में शुक्रवार को म्योरपुर तिराहे पर यातायात उपनिरीक्षक राजेश यादव व दिवान मो शोएब ने दुद्धी क्षेत्र में चलने वाले ऑटो रिक्शा, ई रिक्शा आदि पर चालकों के नाम मोबाइल नंबर और आधार नंबर पेंटर से बड़े बड़े अक्षरों में सफेद पेंट से लिखवाए ताकि वाहनों पर महिला यात्रियों के साथ हुए अपराध के दौरान वाहनों की पहचान आसानी से हो सके।

अदालती सम्मन

समन बिनावर इनफिसाल मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय उप जिलाधिकारी सदर सोनभद्र
नम्बर मुकदमा-86 सन् 2025
रमाकान्त यादव बनाम उमाकान्त यादव वगै0

उमाकान्त यादव पुत्र स्व0 राम प्रताप, निवासी सहिजन खुर्द, तहसील राबर्ट्सगंज, थाना राबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र।

हरगाह,

मैं आपके नाम नाशिल की दायरा की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 24 माह 06 सन् 2025 बवक्त 10 बजे के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमें के हालात से करार वाकहि वाकिफ किया गया हो और उमूरात अरूण मुतल्लिका मुकदमा का जबाब दे सके या जिसके साथ और कोई सख्श हो जो की जबाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर होगा और जबाबदेही दावा करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज जमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपनी जबाबदेही को इस्तेमाल करना चाहते हो।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर मजकूर हाजिर नहीं होगें तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूम होगा।

मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 20 माह 06 सन् 2025 ई0 जारी किया गया।

न्यायालय की आज्ञा से
मुंसरिस

सूचना- सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का जफराबाद डाकखाना में सुकन्या खाता सं. 010005357970 है जिसमें उसका नाम काव्या दर्ज है जबकि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाणपत्र एवं आधार कार्ड में कावेरी जायसवाल दर्ज है, जो सही है। अत: मेरी पुत्री को कावेरी जायसवाल के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

प्रार्थी- रवि कुमार जायसवाल
26, मोहल्ला शेखवाड़ा, पो0 जफराबाद
शाहबरेपुर, जफराबाद, जौनपुर

सूचना- सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2011 अनुक्रमांक 3197528 का प्रमाणपत्र-सह-अंकपत्र वास्तव में खो गया है।

प्रार्थी- सतीश कुमार राजभर
पुत्र जियालाल
ग्राम- सोहौली, थाना-बरदह
जिला- आजमगढ़

अदालती सम्मन

सम्मन बगरज एनफैसाल मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायलय उपजिलाधिकारी सदर, जौनपुर
मु0नं0 सन्
धारा- 116 उ0प्र0रा0सं0 2006
शोभनाथ बनाम श्रीमती आशा देवी
ता.पेशी-25.06.2025 जवाब/तनकीह

बनाम-1- श्रीमती आशा देवी पत्नी स्व0 अशोक कुमार, 2-विरेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 अशोक कुमार, 3-अरुण कुमार, 4-अनिल कुमार पुत्रगण स्व0 चन्द्रवली, 5-मनोज कुमार, 6-दुर्गेश कुमार पुत्रगण स्व0 दयाशंकर, 7-गीता देवी पत्नी स्व0 प्रमोद कुमार मौर्य, 8-अजीत कुमार, 9-अमन कुमार पुत्रगण प्रमोद सभी निवासीगण उमरपुर हरिबन्धनपुर, पर0 हवेली, तह0 सदर, जौनपुर, 10-नगर पालिका परिषद जौनपुर जरिए चेयरमैन नगर परिषद जौनपुर।

बावजह हो कि .... आपके नाम एक नालिश बाबत दाखिल हुआ है। लिहाजा आपको लाजिम है कि खुद या बजरिये अधिवक्ता/ वकील हाजिर होकर कुछ उज्र हो आज तारीख 25 माह 6 सन् 2025 ई0 बवक्त 08.00 बजे बमुकदमा अदालतन या बजरिये अधिवक्ता/ वकील अदालत हाजा में हाजिर होकर मुकदमें की पैरवी करें वरना आपके खिलाफ एकतरफा हुक्म सादिर कर दिया जायेगा।

वसिका मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत है आज दिनांक .. माह .. सन् .... ई0 को जारी किया गया।

-न्यायालय

शरीर को मन से और मन को आत्मा से जोड़ता है योग

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से योग को पूरे विश्व ने लगाया गले

मीरजापुर। ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व साप्ताहिक योगाभ्यास के अंतर्गत नगर के फतहा घाट पर योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन दयाशंकर मिश्र (दयालु) एवं उपाध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग (राज्यमंत्री) सोहन लाल श्रीमाली ने योग कार्यक्रम में पहुंचकर विभिन्न आसनों को कर योगाभ्यास किया।

अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मीरजापुर श्याम सुन्दर केसरी के तत्वाधान में आयोजित योग कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए आयुष मंत्री ने कहा कि देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रयासों से पूरे विश्व में योग को अंतर्राष्ट्रीय मान्यता दिलाई है। 21 जून 2025 को दुनिया के 180 से ज्यादा देश योग दिवस मनाएंगे। इस योग दिवस को लेकर पूरे देश में पूर्वाभ्यास किया जा रहा है। आज इस गंगा तट पर भी सभी माताएं, बहनों, युवाओं के साथ मिलकर योग अभ्यास किया गया है। 15 जून 2025 से चल रहे इस योगाभ्यास में सब मिलकर अभ्यास कर रहे है। योग के लिए देश में एक लाख से ज्यादा स्थानों एवं उत्तर प्रदेश में 4075 स्थानों पर योग किया जायेगा। योग का शाब्दिक अर्थ होता है जोड़ना, योग ने शरीर को तन से और तन को

अंतराष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व योग करते लोग।

आत्मा से जोड़ने का काम किया है। गांव को शहर से, शहर को प्रदेश से, प्रदेश को देश से, देश को विश्व से जोड़ने का काम रही है।

अपने नाम की सार्थकता को आज योग ने प्रमाणित किया है। भारत के सनातन विधा को जिस तरह से विश्व ने गले लगाया है, निश्चित ही सनातन की विजय है। प्रधानमंत्री ने विकास के साथ देश की विरासत को भी सजोया है। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने कहा कि 21 जून 2025 को होने वाले अंतरराष्ट्रीय दिवस को लेकर पूरे सप्ताह योगाभ्यास किया जा रहा है। आज फतहा घाट पर हुए इस अभ्यास में आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु जी भी शामिल होकर योगाभ्यास किया है। अगर जीवन में निरोग रहना है तो हमें अपने दिनचर्या में योग शामिल करना होगा,ष्जब करेंगे योग तो बनेंगे निरोग। 21 जून 2025 देश में बड़ी संख्या में लोग योग कर के पूरे विश्व को भारत की प्राचीन विरासत का दर्शन कराएंगे। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में पूरे शान के साथ कल योग दिवस मनाया जायेगा।

पतंजलि महिला योग समिति की तरफ से आई राजलक्ष्मी ने भी अपने योग से सभी को प्रभावित किया। जिसको लेकर आयुष मंत्री एवं आभा फाउंडेशन द्वारा अंगवस्त्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया है। ऐसी बालिकाएं दूसरों के लिए प्रेरणा बनती है। इस मौके पर पिछड़ा आयोग के उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री) सोहन श्रीमाली माली, आयुष मंत्री के जन सम्पर्क अधिकारी गौरव राठी, नितिन विश्वकर्मा, सभासद शरद सरोज, शशिधर साहू, संदीप तिवारी, विजय प्रजापति, अजय मोदनवाल, राजेश सोनकर, सत्यनारायण जायसवाल, ऋषभ जायसवाल, गौरव उमर, जाह्नवी तिवारी, अमित श्रीनेत, ईओ जी लाल, कर अधीक्षक शरदेंदु सिंह, जलकल अभियंता ओमप्रकाश राम, सीएसआई मनोज सेठ, आरआई अनिल जायसवाल, कंप्यूटर प्रभारी राकेश गुप्ता, जेई जटा शंकर पटेल सहित आमजन एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

रोडवेज का बाबू घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

□ नई बस पर ड्यूटी लगाने के एवज में चालक से मांगी थी पांच हजार की रिश्वत

जौनपुर। जनपद में भ्रष्टाचार पर शिकंजा कसते हुए एंटी करप्शन वाराणसी की टीम ने शुक्रवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए रोडवेज विभाग के बाबू को पांच हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार, रोडवेज के ड्राइवर झल्लू सरोज से प्रदीप श्रीवास्तव ने उसे नई बस पर ड्यूटी लगाने के लिए पांच हजार रुपये की मांग की थी। पीड़ित चालक ने इसकी शिकायत एंटी करप्शन विभाग से की। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए टीम ने जाल बिछाया और आज दोपहर लगभग तीन बजे रिश्वत लेते समय आरोपी को रंगे हाथ पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद एंटी करप्शन टीम आरोपी बाबू को लाइन बाजार थाने लेकर पहुंची, जहां आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद उसे वाराणसी मुख्यालय ले जाया गया।

इस कार्रवाई से रोडवेज विभाग में हड़कंप मच गया है। वहीं, आमजन और कर्मचारियों में यह संदेश गया है कि भ्रष्टाचार किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। रिश्वत लेते रोडवेज बाबू गिरफ्तार, एंटी करप्शन की बड़ी कार्रवाई नई बस पर ड्यूटी दिलाने के बदले मांगी थी घूस, रंगे हाथ पकड़ा गया बाबू झल्लू सरोज की शिकायत पर हुई कार्रवाई, विभाग में मचा हड़कंप यदि आप चाहें तो मैं इस खबर के लिए एक फोटो कैप्शन या सोशल मीडिया पोस्ट भी तैयार कर सकता हूं।

दिनचर्या में शामिल करें योग : रजनी साहू

जौनपुर। मन को शांत, तनाव को दूर करने का आसान तरीका योग है इसे सभी को अपने दिनचर्या में शामिल करना चाहिए यह आवाहन नेशनल योग प्रशिक्षक रजनी साहू ने विश्व योग दिवस के पूर्व बेला पर लायंस क्लब रॉयल द्वारा गोसाई रामलीला मैदान उर्दू बाजार में आयोजित योगा वर्कशॉप में किया। उन्होंने कहा योग शारीरिक व मानसिक दोनों दृष्टिकोण से लाभदायक है। क्लब अध्यक्ष मधुसूदन बैंकर ने कहा क्लब अपने सदस्यों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से योगा वर्कशॉप का आयोजन किया है योग को अपनी जीवन शैली का अहम हिस्सा बनाने से हम अनेक बिमारियों से बच सकते हैं। संस्थापक अध्यक्ष अजय गुप्ता ने कहा स्वस्थ जीवन के लिए योग प्राचीन काल से ऋषि मुनियों द्वारा अपनाया गया है। इस अवसर पर सभी लोगों ने विभिन्न प्रकार की योग क्रियाओं को करते हुए इसके महत्व को समझा और अन्त में सभी लोगों ने योग के माध्यम से खुद को स्वस्थ रखने और दूसरों को भी जागरूक करने का संकल्प लिया। इस अवसर विशेष पर क्लब अध्यक्ष मधुसूदन बैंकर ने योगाचार्या रजनी साहू को अंगवस्त्रम व गिफ्ट देकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर एकता गुप्ता, संजीव साहू, अभिताश गुप्ता, विनोद अग्रहरि, आशीष गुप्ता, विष्णु गौंड़, जितेंद्र सोनी, बालकृष्ण साहू, अभिषेक जायसवाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे सभी के प्रति धन्यवाद क्लब सचिव अजय सोनकर ने व्यक्त किया।

अवैध तमंचा के साथ सफाई कर्मी गिरफ्तार

जौनपुर। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के लालमनपुर सोनिया पुलिया के पास से पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध तमंचा के साथ गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत विभिन्न धाराओं में केस पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई में जुट गई है। पुलिस के अनुसार उपनिरीक्षक रितेश कुमार द्विवेदी को बृहस्पतिवार रात गश्त के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति लालमनपुर सोनिया पुलिया के पास मिला, पुलिस ने जब तलाशी ली व्यक्ति के पास से एक अवैध तमंचा 315 बोर का बरामद हुआ। तमंचा बरामद होने के बाद पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त से जब पुछताछ की व्यक्ति ने अपना नाम हीरालाल पाल पुत्र जोखई पाल निवासी रामपुर दवन सिंह थाना सरायख्वाजा बताया, गिरफ्तार हीरालाल पाल पेशे सफ़ाई कर्मी है वैजापुर बाजार में दबंगई करता है और मारपीट अवैध कार्यो के कई घटनाओं में शामिल रहा है। थाना प्रभारी विनय प्रकाश सिंह ने बताया की गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत विभिन्न धाराओं में केस पंजीकृत कर लिया गया है। चालान न्यायालय समक्ष भेजकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

कार्यकर्ता ही संगठन की असली बुनियाद : डा. अजय

जौनपुर। भारतीय जनता पार्टी का हर एक कार्यकर्ता ही पार्टी संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। चाहे बड़ी इमारत हो य बहुत बड़ा संगठन। जब उसकी बुनियाद मजबूत होती है तो इमारत की खूबसूरती और उसकी ताकत अपने आप देश दुनिया में रोशनी फैलाती रहती है। यह बातें भाजपा मछली शहर संगठन के जिलाध्यक्ष डा. अजय सिंह ने कही। वह शुक्रवार को क्षेत्र के जगदीशपुर स्थित गणेश वाटिका में आयोजित भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन व सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने के लिए सरकार ने संकल्प लिया है।

उत्तर प्रदेश सहकारी बैंक की डायरेक्टर अंजना श्रीवास्तव ने कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि 2027 के आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अभी से तैयार रहने की जरूरत है। नगर पालिका के अध्यक्ष पति डा. रामसूरत मौर्या, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष दीपक सिंह ने संगठन के लिए पूरी तरह से सहयोग करने का भरोसा दिया। हमारी आपकी कड़ी मेहनत से पार्टी को और मजबूती मिलेगी। बस जरूरत है हम लोग संगठन को मजबूत करते हुए समाज के सभी वर्ग को एक साथ जोड़े। कार्यक्रम को संबंधित करने वालों में अरविंद कुमार सिंह महामंत्री भाजपा किसान मोर्चा मुख्य रहे। कार्यक्रम का संचालक वेद प्रकाश सिंह सोनू ने किया।

बीईओ ने बैठक में विद्यालयों को संवारने की शुरू की कवायद

जौनपुर। सिरकोनी ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी अमरेश कुमार सिंह ने कहा कि एक जुलाई से खुल रहे परिषदीय विद्यालयों में बच्चों की उपस्थित जरूर बढ़ाने की जरूरत है। शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक गांव गांव में जाकर नए बच्चों के दाखिले पर जोर देंगे। जिससे विद्यालयों को मजबूती तो मिलेगी। साथ ही गांव में बच्चों के शैक्षिक स्तर में सुधार होगा। वह शुक्रवार को ब्लाक संसाधन केंद्र बाकराबाद में आयोजित बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने सरकार की नीतियों से शिक्षकों को अवगत कराया। बताया कि हमें शासन के नए निर्देशन को हर हालत में पालन करना होगा। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगा। बैठक के दौरान बीईओ श्री सिंह ने पेयरिंग सहित अन्य गम्भीर मामलों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देश पर ब्लॉक के 13 विद्यालयों का डाटा मिला। जिसमें 50 से कम छात्र शिक्षा ले रहे है। बैठक में उसके अलावा शैक्षिक सत्र 2025-26 की स्कूल प्रोफ़ाइल,शिक्षक प्रोफ़ाइल, विद्यालय में उपलब्ध अन्य संसाधनों की रिपोर्ट को यू डायस पोर्टल पर अपलोड करने, डीबीटी कार्य को समय से पूरा करने सहित साफ सफाई व अन्य कार्यों को करवाने का निर्देश दिया गया। बैठक की प्रस्तुति नोडल शिक्षक संकुल डा. आशीष श्रीवास्तव ने किया। बैठक में एकेडमिक रिसोर्स पर्सन, नोडल शिक्षक संकुल तथा पेयरिंग विद्यालय के मनोज कुमार, विनय कुमार यादव, विक्रांत कुमार जायसवाल, पवन सिंह, कालिंदी जैसल सहित आदि शिक्षक मौजूद रहे।

चौपाल में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

जौनपुर। धर्मापुर विकास खंड के गजना और तरसंड ग्राम पंचायतों में शुक्रवार को ग्राम की समस्याओं और उसके निराकरण को लेकर ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में ब्लाक से आये अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्यायें सुनी और उसके निस्तारण का संबंधित को निर्देश दिया। ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गयी। ब्लाक के प्रभारी एडीओ पंचायत राजेश यादव ने ग्रामीणों को आवास, पेंशन आदि के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि इससे मिलने वाले लाभ और इसका लाभ कैसे उठाया जाए। ऐसी तमाम जानकारियों से ग्रामीणों को रूबरू कराया। अन्य अधिकारियों ने आगामी बरसात के मौसम को देखते हुए गांवों में साफ सफाई और जलनिकासी की समुचित व्यवस्था करने की बात भी ग्रामीणों द्वारा की गयी। इस अवसर पर प्रभारी एडीओ पंचायत राजेश यादव, प्रधान उर्मिला यादव, आशीष यादव, ऊषा सिंह, जयप्रकाश सिंह, सचिव माता प्रसाद, अरविंद यादव, रामसम्हार यादव, अतुल यादव आदि उपस्थित रहे।

ओवर लोड दो ट्रैक्टर ट्रॉली सीज

जौनपुर। कृषि कार्य में पंजीकृत कराकर ट्रैक्टर का व्यवसायिक उपयोग करने वालों के खिलाफ जिला प्रशासन ने अभियान शुरू कर दिया है। डीएम डा. दिनेश चंद्र के निर्देश पर जफराबाद थाना पुलिस ने शुक्रवार को ऐसे ही दो ट्रैक्टर को थाने लाकर ट्रॉली सहित सीज कर दिया। जबकि ट्रैक्टर के चालक का चालान न्यायालय भेज दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से मोरंग, गिट्टी, मिट्टी और बालू ढोने वाले ट्रैक्टर चालकों में हड़कंप मचा है। जफराबाद थाना पुलिस वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान क्षेत्र के कल्याणपुर बाजार में तेज रफ्तार तथा असावधानी से ट्रैक्टर चला रहे ट्रैक्टर को मिट्टी लदे ट्राली तथा चालक सहित पकड़ लिया। ज्ञात हो इधर कुछ दिनों से कबूलपुर जफराबाद मार्ग पर मिट्टी लादकर ट्रैक्टर ड्राइवर अनियंत्रित रूप से चला रहे थे। जिसकी शिकायत मिलने पर थाना प्रभारी विश्वनाथ प्रताप सिंह ने कबूलपुर बाजार में दो ट्रैक्टर को रोका। आवश्यक कागजात न दिखाने पर ट्रैक्टर को ट्रॉली अपने कब्जे में ले लिया। प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह ने बताया कि चालक गोलू यादव, मनीष का शांति भंग में चालान न्यायालय भेज दिया गया है।

संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, ससुरालीजन फरार

थानागद्दी। स्थानीय चौकी क्षेत्र के भड़ेरी गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। 28 वर्षीय मृतका नेहा सरोज ने शुक्रवार की सुबह अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। विवाहिता की मौत के बाद उसके ससुराल वाले व पति रिशु सरोज मौके से फरार हो गए। मृतका के मायके पक्ष की ओर से भाई शुभम सरोज ने दर्ज कराई गई तहरीर में आरोप लगाया गया है कि ससुराल वाले नेहा को लगातार प्रताड़ित करते थे और उसकी हत्या कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट होगी। थाना सुरेरी अंतर्गत राजापुर अनेई की रहने वाली नेहा सरोज की शादी वर्ष 2019 में रिशु सरोज से हुई थी और वह दो बच्चों की मां थी। एक बेटा व एक बेटी है। मृतका के परिजन का कहना है कि नेहा को दहेज को लेकर कई बार प्रताड़ित किया गया और अब उसकी हत्या को आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की जा रही है। मौत के बाद से नेहा के हाथ में आटा लगा था। पीड़ित पक्ष ने उच्च अधिकारियों से न्याय की मांग की है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और फरार आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है।

किसान ने एसडीएम से लगाई न्याय की गुहार, पुलिस जांच में जुटी

थानागद्दी। स्थानीय चौकी अंतर्गत आसमानपट्टी गांव में दबंगई की एक शर्मनाक घटना सामने आई है, जहां एक किसान की पैमाइश से चिह्नित जमीन की बाढ़ तारबंदी और उसमें लगी चरी की फसल को विपक्षियों ने नष्ट कर दिया। मामले में पीड़ित किसान पंचम मौर्य ने उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित किसान पंचम मौर्य ने आरोप लगाया कि राजस्व विभाग की देखरेख में विवादित भूमि की पक्की पैमाइश कर पत्थरगड्डी कराई गई थी। इसके बाद उसने अपने खेत की सुरक्षा के लिए तार और पोल से घेराबंदी की तथा चरी की फसल बोई थी। बावजूद इसके विपक्षी प्रमोद के परिजन ने तीन दिन पूर्व जबरन खेत में घुसकर घेराबंदी तोड़ दी, खाद फेंक दी और फसल को पूरी तरह बर्बाद कर दिया। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी ने तत्काल पुलिस को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में थानागद्दी चौकी प्रभारी आशुतोष गुप्ता ने बताया कि पीड़ित की तहरीर प्राप्त हुई है, मामले की जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

उचित दर की दूकान का उद्घाटन

चंदवक। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरामनपुर में अन्नपूर्णा मनरेगा योजना के तहत उचित दर की दुकान का उद्घाटन मंत्री गिरिशचन्द यादव द्वारा फीता काट कर किया गया। इस मौके पर क्षेत्र के सभ्रान्त नागरिकों के साथ पूर्व ब्लाक प्रमुख अजय प्रकाश सिंह उर्फ केडी सिंह के साथ क्षेत्रीय जनता को संबोधित करते हुए मंत्री ने अन्नपूर्णा मनरेगा योजना उचित दर की दुकान के विषय में बताते हुए कहा इससे गरीब तपके को लोगों को फायदा होगा।

शाही किले के सामने धंसी सड़क

जौनपुर। शहर में विकास कार्यों की पोल अब सड़कों पर बने गड्ढे और धंसी हुई जमीन खुद खोल रही है। ऐतिहासिक शाही किला, जो पर्यटन की दृष्टि से शहर का गौरव है, उसके ठीक सामने एक युवक गड्ढे में उतरकर विकास खोजता नजर आया। दृश्य देखने वाले राहगीरों के चेहरों पर मुस्कान थी, पर भीतर ही भीतर व्यवस्था पर सवाल भी खड़े हो रहे थे। यही नहीं, बगल में स्थित अम्बर होटल के सामने की सड़क धंस चुकी है, और मजाकिया लहजे में वहां एक स्थानीय नागरिक ने मिट्टी में एक पौधा रोप दिया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बीते कई महीनों से सड़क की हालत बेहद खराब है। नगर पालिका और पीडब्ल्यूडी विभाग को कई बार शिकायत दी गई, लेकिन सुधार कार्य अब तक नहीं हो पाया। नगर निवासी अर्जुन सिंह का कहना है, जौनपुर जैसे ऐतिहासिक शहर में जहां पर्यटक भी आते हैं, वहां की मुख्य सड़कों की हालत किसी ग्रामीण पगडंडी से बदतर है। दूसरी ओर युवा वर्ग इस सबको व्यंग्य और सोशल मीडिया के माध्यम से उजागर करने की कोशिश कर रहा है। शाही किले के सामने गड्ढे में उतरकर युवक का विकास खोजो अभियान अब शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। स्थानीय प्रशासन की चुप्पी पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। नागरिकों की मांग है कि नगर की प्रमुख सड़कों की मरम्मत कार्य शीघ्र कराया जाए और पर्यटन स्थलों के आस-पास की स्थिति पर विशेष ध्यान दिया जाए।

न्यायालय के आदेश पर दो वारंटी गिरफ्तार

बक्शा। स्थानीय पुलिस न्यायालय के आदेश पर शुक्रवार को अलग-अलग गावो से दो वारंटी को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया उपनिरीक्षक बृजेश मिश्र द्वारा सड़ेरी गांव निवासी वंशराज एवं सुजियामऊ गांव के पवन कुमार के घर दबिश देकर गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

राजबली शुक्ल की पुण्यतिथि पर 21 महिला सफाई कर्मियों को किया गया सम्मानित

जौनपुर। पुण्यतिथि पर सामान्य रूप से भारतीय परम्परा में घर- परिवार, नात -रिस्तेदार, संगे -सम्बन्धियों को आमंत्रित करने एवं भोज आयोजित कर पूर्वजों को याद करने की आम रिवाज है। राजा श्री कृष्ण दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर अखिलेश्वर शुक्ला ने एक अलग अंदाज में अपने पिताश्री की पुण्यतिथि पिछले तीन वर्षों से मनाने की परम्परा शुरू की है। ज्ञात हो कि पं राजबली शुक्ल के पांच पुत्रों में ज्येष्ठ पुत्र प्रो. अखिलेश्वर शुक्ला है। सभी पुत्र बाहर होने के कारण अपने अपने अंदाज से पुण्यतिथि मनाते हैं। डा. अखिलेश्वर शुक्ला ने प्रथम तिथि 20 जून 2023 को यातायात से जुड़े, शहर के चौराहों पर तपती धूप में ड्यूटी करने वाले 21 जवानों को वर्दी के साथ सम्मानित कर उत्साह बढ़ाने का कार्य किया था। द्वितीय पुण्यतिथि (2024) पर 21 समर्पित गौसेवकों को पोलिटेक्निक स्थित गौशाला में अंगवस्त्र के साथ सम्मानित किया गया था। पुनः तिसरी पुण्यतिथि पर 20 जून को नगर पालिका में कार्यरत 21 महिला सफाई कर्मियों को अपने फैजबाग स्थित आवास पर अंगवस्त्रम के साथ सम्मानित कर महिला कर्मियों का मनोबल बढ़ाने का कार्य किया। सम्मानित होने वालों में सुश्री ममता, गुन्जा, लैह्लू, निशा, आरती, अंशू, शैल कुमारी, निलम, पार्वती, पुष्पा, रूखसाना, मीरा, लक्ष्मी, हसीना, अनीता, मीना आदि रहीं।

सम्मानित होने वाली महिला सफाई कर्मियों के साथ डा. अखिलेश्वर शुक्ल समेत अन्य।

वहीं नगर पालिका के कार्यालय अधीक्षक अनिल यादव, अरविन्द कुमार, संजीव कुमार, राजेश कुमार सहित नगर पालिका कर्मचारी संघ के अध्यक्ष कमरूद्दीन, संरक्षक विनोद सिंह के साथ साथ ऋषिकुल एकेडमी के प्रबंधक ऋषिकेश द्विवेदी, सहायता ज्वैलर्स के मनीष गुप्ता सहित पत्रकार बन्धु की उपस्थिति सराहनीय रही। बात करने पर प्रोफेसर अखिलेश्वर शुक्ला ने बताया कि- पुज्य पिता सदैव समाज के उन लोगों पर विशेष ध्यान दिया करते थे जो श्रमजीवी वर्ग से थे। यही कारण है कि मैं पिता जी की आत्मा की शान्ति के लिए समाज के उस तबके का उत्साह बढ़ाने के लिए जो भी कर सकता हूं-करना चाहता हूं। प्रोफेसर अखिलेश्वर शुक्ला का मानना है कि- कोई काम छोटा नहीं होता, यदि यह समझ हम भारतीयों में आ जाये तो समाज/ राष्ट्र की तरक्की/ विकास को कोई रोक नहीं सकता। प्रो शुक्ला का यह भी कहना कि हमारे पूर्वजों ने समस्त कार्यों को चार भागों में बांट कर जिस समाज एवं विकास की आधारशीला रखी थी। उसे पूरे विश्व स्तर पर देखा और समझा जा सकता है। जिसके बिना पूरा समाज अपंग अपाहिज हो सकता है। धर्म कर्म, पर्व त्योहार, स्वस्थ - खुशहाल जीवन के लिए सेवा अर्थात सफाई कर्मियों के योगदान को भला कैसे भुलाया जा सकता है। सफाई कर्मियों द्वारा समर्पित भाव से सेवा एवं किसी भी कार्य को छोटा नहीं समझने का संदेश सर्वग्राह्य होना चाहिए। व्यक्तिगत नित्य कर्मों पर यदि विचार करें तो पाएंगे कि चारो कर्म हमारे स्वयं के दिनचर्या में शामिल है। इसलिए राष्ट्रीय हित में हमें जो भी दायित्व प्राप्त है उसका निर्वाह इमानदारी से करना ही राष्ट्रधर्म है।

रालोद की बैठक में वाराणसी कार्यक्रम की बनी रूपरेखा

रालोद के कार्यक्रम में भाग लेते पार्टी के पदाधिकारीगण।

जौनपुर। शहर के खरका तिराहे स्थित राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) की एक महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को जिलाध्यक्ष रघुनाथ यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य 23 जून को वाराणसी में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारी एवं सफलता सुनिश्चित करना रहा।

यह कार्यक्रम रामनाथ चौधरी लान (गणपति उद्यान), नारिया लंका, वाराणसी में आयोजित किया जाएगा, जिसमें रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह शिरकत करेंगे। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई और जनपद के जिम्मेदार पदाधिकारियों को विभिन्न दायित्व सौंपे गए ताकि कार्यक्रम को भव्य और सफल बनाया जा सके। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष रामआसरे विश्वकर्मा, पूर्व अध्यक्ष डा. सतेन्द्र कुमार सिंह, बांके लाल शुक्ला, युवा नेता बलराम यादव, सहित अन्य तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव महेन्द्र विश्वकर्मा ने किया।

रामनगर भड़सरा में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा का समापन

उमानाथ महाराज।

जौनपुर। भगवान कृष्ण सुदामा की दीन-दशा देखकर बिलख-बिलखकर रोने लगे। उनकी आंखों से इतने आंसू बहे कि उनसे सुदामा के पैर धुल गये। उक्त बातें रामनगर भड़सरा में संजय मिश्र के आवास पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर व्यास पीठ से उमानाथ महाराज ने व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि पत्नी सुशीला के बार-बार कहने पर सुदामा अपने बचपन के मित्र द्वारिकाधीश कृष्ण से मिलने गये। वे द्वारिकाधीश के महल के फाटक पर द्वारपाल से कृष्ण से मिलने की बात कही तो वह उनके फटे पुराने कपड़े और पैरों में जूता नहीं होने के कारण आश्चर्यचकित हो गया। द्वारपाल ने भगवान कृष्ण के पास जाकर सुदामा की दीनता की बात कहते हुए बताया कि सुदामा नाम का कोई व्यक्ति उनसे मिलने आया है।

सुदामा का नाम सुनते ही श्रीकृष्ण अपना सिंहासन छोड़कर दौड़ पड़े। वे अपने मित्र को गले लगा लिये और उन्हे अपने सिंहासन पर बैठाकर उनके पैर धुलने के लिए परात में पानी भरवाकर मंगाया। कथा व्यास ने कवि नरोत्तमदास की पंक्तियां- ऐसे बिहाल बिवाइन सो पग कंटक जाल लगे कर जोये। हाय महादु:ख पायो सखा तुम आये इतैन किते दिन खोये।। पानी परात को हाथ छुयो नहिं नैनन के जल सो पग धोये। देखि सुदामा की दीन दशा करूना करिके करूनानिधि रोये। के माध्यम से दोनों मित्रों के मिलन का वर्णन किया तो श्रद्धालुओं के नेत्रों से आंसू छलक पड़े। उक्त अवसर पर डा. कंचन तिवारी, रागिनी, हेमा, आरती मिश्रा, आराध्या, हिमांशु आदि उपस्थित रहे। आभार ज्ञापन राजीव मिश्र ने किया।

बाइक सवार मनबढ़ों ने व्यापारी को पीटा

चार घन्टे बन्द रही दुकानें, एसओ के आश्वासन पर खुली बाजार

बक्शा। नौपेड़वा बाजार में बीते गुरुवार की रात्रि बाइक सवार मनबढ़ों ने लाठी डंडो से बाजार में पहुंच एक ब्यापारी की पिटाई कर दहशत फैलाते हुए फरार हो गए। परिजन रात्रि में घायल अवस्था में नौपेड़वा सामुदायिक अस्पताल ले गए जहां शुक्रवार सुबह स्थिति खराब देख जिला अस्पताल ले गए जहां चिकित्सक ने बेहतर उपचार हेतु ट्रामा सेंटर वाराणसी भेज दिया। सूचना पर रात्रि में ही तत्काल पहुंचे थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने पीड़ित परिजन की तहरीर पर गोरियापुर गांव निवासी नामजद सूरज यादव, प्रिंस यादव, दीपक यादव सहित दर्जनभर अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

उधर घटना से नाराज व्यापार मण्डल अध्यक्ष ने भ्रमण करतें हुए आरोपियों की गिरफ्तारी होने तक बाजार बन्द करवा दिया। बताते है कि बीते मंगलवार की शाम बाजार के गल्लामंडी के सामने बाइक खड़ी करने को लेकर एक आभूषण ब्यवसायी पुत्र से कुछ वाद-विवाद व मारपीट हुई थी। उसी बात से नाराज सात बाइक पर दर्जनभर से अधिक मनबढ़ युवकों ने रात्रि दस बजे उसी स्थान पर पहुँच 24 वर्षीय दीपक केशरी को लाठी डंडो से हमला बोल गम्भीर रूप से घायल दहशत फैलाते हुए फरार हो गए। सूचना मिलते ही तत्काल थानाध्यक्ष पुलिसकर्मियों के साथ बाजार पहुंच गए। परिजन घायल को अस्पताल ले गए जहां प्राथमिक उपचार पश्चात घर लेकर चले गए परन्तु सुबह घायल युवक की हालत खराब देख परिजन जिला अस्पताल फिर ट्रामा वाराणसी चले गए। उधर पुलिस आरोपियों के घर से फरार होने के कारण कुछ लोगों को हिरासत में लेकर थाने चले गए। उधर घायल की खराब स्थिति की जानकारी होने पर ब्यापार मण्डल अध्यक्ष आशीष जायसवाल एवं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आशीष जायसवाल ने आरोपियों की गिरफ्तारी होने तक बाजार बंद करवा दिया। सूचना पर पुनः पहुंचे एसओ व ब्यापारियों से वार्ता हुई जिसमें शनिवार तक गिरफ्तारी का एसओ ने भरोसा दिलाया। करीब चार घन्टे बन्दी के बाद दुकानें खुल गई। इस दौरान हेमंत सेठ, अरविंद मोदनवाल दिलीप अग्रहरि, चन्दन मोदनवाल, रिंकू, अंकित जायसवाल, सूरज जायसवाल सहित दर्जनों ब्यापारियों की भीड़ रही।

राजस्व टीम गठित करने का आदेश

जौनपुर। तहसील सदर अर्नतगत ग्राम सीहीपुर में ग्राम सभा की जमीन पर हो रहे अवैध कब्जे के मामले में जिलाधिकारी ने एसडीएम को राजस्व टीम गठित करने का आदेश दिया है। ज्ञातव्य है कि उक्त गांव की भूखंड पर नवीन परती है जिस पर कुछ दबंग लोग कई वर्षो से मकान बनाकर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। राजस्व विभाग कई बार उक्त निर्माण को मौके पर रोकवा तो देता परंतु ग्रामसभा की जमीन का सीमांकन नहीं किया जाता जिसके कारण विवाद की स्थिति आज भी बनी हुई है। यहां की सभासद रूपा गुप्ता ने डीएम से मिलकर उन्हे मामले से अवगत कराया तो उन्होंने राजस्व टीम गठित करने का आदेश दिया। ग्रामीणों ने एसडीएम से मिलकर उक्त अवैध निर्माण रोकवाने की मांग की। उक्त अवसर पर प्रमोद सिंह, दयाशंकर सिंह, मो. अब्बास, जंगबहादुर गौड़, विजय यादव, अरविंद विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

फांसी पर झूलती मिली वृद्ध की लाश

चन्दवक। स्थानीय थाना क्षेत्र के बजरंग नगर चौकी अंतर्गत ग्राम हीरापुर मचहटी में घर के अंदर रस्सी के सहारे लटकती लाश मिली है। जानकारी के लिए बताते चलें कि 60 वर्षीय सुदामा राम पुत्र स्वर्गीय बजई राम, जो की अकेले ही रह रहे थे घर के अंदर फांसी पर लटकते हुए पाए गए।

सुबह अधिक देर तक दरवाजा बंद होने के कारण पड़ोसियों ने देखा कि कोई चहल कदमी नहीं हो रही है तो जिज्ञासा बस दरवाजा खटखटाया दरवाजा अंदर से बंद था कोई आवाज न आने पर लोगों ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से किसी तरह दरवाजा खुलवाया तो देखा की रस्सी के सहारे सुदामा राम की लाश लटकी हुई थी। ग्रामीणों के सहयोग से लाश को जमीन पर उतारकर पीएम के लिए भेज दिया। बताते चले की मृतक की पत्नी का दो साल पूर्व ही निधन हो चुका था इनकी दो बेटियां थी पहले की शादी हो चुकी थी दूसरी छोटी बेटी प्रीति केमिस्ट करके गुजरात में जॉब कर रही थी। दोनों बेटियां गुजरात में ही थी कि यहां घटना घटित हो गई। चर्चाओं के अनुसार मृतक कर्ज से डूबा हुआ था।

मृतक की फाईल फोटो

विद्युत कटौती से जनता बेहाल, प्रशासन से कार्रवाई की मांग

शाहगंज। जिले के सुइथा ब्लॉक में बिजली विभाग की लापरवाही और जूनियर इंजीनियर (जेई) की मनमानी से उपभोक्ता बेहद परेशान हैं। बीते 19 जून को देहरी फीडर पर सुबह 11:30 बजे बिजली आपूर्ति अचानक ठप हो गई, जो रात करीब 12 बजे बहाल हो सकी। इस दौरान लोगों को भीषण गर्मी और अंधेरे में दिन गुजारना पड़ा।

स्थानीय लोगों के अनुसार, बिजली विभाग को फाल्ट की जानकारी समय पर दे दी गई थी, लेकिन कोई कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा। मरम्मत का कार्य शाम छह बजे के बाद शुरू हुआ। उपभोक्ताओं ने जब जेई से संपर्क करना चाहा तो उन्होंने फोन उठाने से परहेज किया। बाद में जब किसी तरह संपर्क हुआ तो उन्होंने अशोभनीय भाषा में बात की, जिससे उपभोक्ताओं में नाराजगी और बढ़ गई। रोज की समस्या बन चुकी है बिजली कटौती स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यह पहली बार नहीं है। क्षेत्र में अवैध कनेक्शन, ओवरलोडिंग, और जर्जर तारों की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। जहां शासन द्वारा प्रतिदिन 18 घंटे बिजली आपूर्ति का दावा किया जाता है, वहीं यहां बमुश्किल 13-14 घंटे ही बिजली मिल पाती है। जेई पर गंभीर आरोप ग्रामीणों का आरोप है कि जेई शिकायतों को नजरअंदाज करते हैं, समय पर फॉल्ट न तो चेक किया जाता है और न ही उसकी मरम्मत होती है। जनता की समस्याओं को लेकर उनका रवैया बेहद गैर-जिम्मेदाराना है। प्रशासन से कार्रवाई की मांग इस लापरवाही से बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। उपभोक्ताओं ने जिलाधिकारी से मांग की है कि ऐसे जेई के खिलाफ तत्काल अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए और बिजली आपूर्ति व्यवस्था को सुधारने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही कोई समाधान नहीं निकला, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। बिजली जैसी बुनियादी सुविधा के लिए आमजन का यूं संघर्ष करना सरकार और प्रशासन की कार्यक्षमता पर गंभीर प्रश्नचिन्ह है।

पॉक्सो ऐक्ट का फरार आरोपी गिरफ्तार

बक्शा। स्थानीय पुलिस छः माह से फरार दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने बीते 12 जनवरी को मुकदमा दर्ज कराया कि सूरज सरोज मेरी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर कही भगा ले गया। उन्होंने बताया कि फरार सूरज को उपनिरीक्षक अटल विहारी मिश्र ने लालाबाजार तिराहा से गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया।

ऑनलाइन आवेदन 25 जून तक

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए विश्वविद्यालय परिसर स्थित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 25 जून निर्धारित की गई है। यह जानकारी विश्वविद्यालय के प्रवेश समन्वयक प्रो. मिथिलेश सिंह ने दी।

कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है, बल्कि शोध गतिविधियों को भी प्रोत्साहित करना है, जिससे विद्यार्थी वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बन सकें। उन्होंने विद्यार्थियों से समय से आवेदन करने की अपील की। विश्वविद्यालय परिसर में कुल छह संकाय- विज्ञान, अनुप्रयुक्त सामाजिक विज्ञान, विधि, अभियांत्रिकी, फार्मेसी एवं व्यवसाय प्रबंधन के अंतर्गत स्नातक, स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा स्तर के पाठ्यक्रम संचालित हैं। साथ ही रज्जू भैया संस्थान में भी शिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

प्रो. सिंह ने बताया कि प्रवेश परीक्षा जुलाई के तीसरे सप्ताह में आयोजित की जाएगी, जिसका विस्तृत कार्यक्रम एवं प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय के समर्थ पोर्टल पर उपलब्ध रहेगा। पूर्वांचल विश्वविद्यालय की विशिष्ट पहचान इसकी अत्याधुनिक सुविधाओं में निहित है, जिसमें उच्च स्तरीय प्रयोगशालाएं, समृद्ध केंद्रीय पुस्तकालय, वाई-फाई युक्त परिसर, इंडोर एवं आउटडोर स्टेडियम तथा छात्रावास की सुविधाएं सम्मिलित हैं। यह सभी सुविधाएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सहायक सिद्ध हो रही हैं।

डीएम के ओएसडी की पत्नी की तेरहवीं में शामिल हुए राज्यमंत्री

शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देते राज्यमंत्री

जौनपुर। धर्मापुर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम सभा राजेपुर गोपालपुर में जिलाधिकारी के ओएसडी आदित्यनाथ त्रिपाठी की पत्नी के तेरहवीं में जिलाधिकारी सहित जनपद के तमाम अधिकारी विधायक और राजनेता सहित क्षेत्र के तमाम लोगों का जमावड़ा रहा। इस अवसर पर सभी लोगों ने मृतका नीलम के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया।

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

जौनपुर। शुक्रवार को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष उपेन्द्र प्रताप सिंह की उपस्थिति में एक बैठक जिला महिला चिकित्सालय में आयोजित की गई जिसमें सभी पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई और निर्णय लिया गया कि हम राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जो भी घटक हैं वो पुरानी पेंशन की बहाली आउटसोर्सिंग एवं संविदा आदि कर्मचारी की सेवा सुरक्षा संबंधी प्रकरणों को लेकर 24 जून को जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष भूख हड़ताल एवं सत्याग्रह आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। उपस्थित होने वालों में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के महामंत्री सत्य प्रकाश मिश्रा संघर्ष समिति अध्यक्ष संजय सिंह, मयाशंकर मिश्रा, डा. अतहर समीम खान, भुवन चंद्र मिश्रा, डा. इंद्र भानमौर्य, सचिन कुमार सिंह, भावना वर्मा नर्सजसंघ अध्यक्ष,आशा देवी आउटसोर्सिंग से चंदन सिंह, सर्वेश पाल, चित्रांशु शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे।

ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की गई जान

जौनपुर। वाराणसी फैजाबाद रेलवे प्रखंड स्थित लखनपुर पांडेपुर के मध्य एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लिया और पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक लाइन बाजार थाना क्षेत्र के पांडेपुर पुरुषोत्तमपुर गांव निवासी जितेंद्र मौर्या उम्र लगभग 62 वर्ष पुत्र स्वर्गीय विश्राम मौर्य गुरुवार रात्रि लखनपुर पांडेपुर गांव के मध्य किसी ट्रेन की चपेट में आ गए। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई स्थानीय पुलिस ने लाश को कब्जे में लिया और आगे की कार्यवाही करने में जुट गई।

तरुणमित्र
शनिवार, 21 जून 2025
संवत- 2081, आषाढ़ कृष्ण पक्ष- 10/11

अमेरिका दूर रहे

क्या ईरान के खिलाफ युद्ध में अमेरिका भी कूदेगा? अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप जब इस मुद्दे पर कहते हैं कि 'मैं ऐसा कर सकता हूं और नहीं भी कर सकता' - तो वह अनिश्चितता को और बढ़ा देते हैं। इस रवैये से तनाव कम करने में मदद नहीं मिलने वाली। अगर अमेरिका इस टकराव का हिस्सा बना, तो इसके नतीजे उसके साथ-साथ पूरे पश्चिम एशिया के लिए विनाशकारी साबित हो सकते हैं। इस्राइल और ईरान के बीच का संघर्ष केवल सैन्य या रणनीतिक लिहाज से अहम ठिकानों तक सीमित नहीं रहा है। इसका दायरा फैल रहा है और जद में आम लोग आ रहे हैं। लेकिन, यूक्रेन युद्ध रुकवाने को आतुर ट्रंप का व्यवहार इस मामले में बिल्कुल अलग है। ईरान से बिना शर्त सरेंडर जैसी बात कहने से यही जाहिर होता है कि अमेरिका की दिलचस्पी शांति में नहीं है। ट्रंप सारे पत्ते अपने हाथ में रखना चाहते हैं। उनके कहने पर अमेरिकी सेना तैयार है।

खबरें हैं कि ईरान ने भी पश्चिम एशिया में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने के लिए मिसाइलें तैनात कर दी हैं। यानी, अब एक ट्रिगर पॉइंट इस संघर्ष को भयावह युद्ध में बदल सकता है। ट्रंप इतना बड़ा रिस्क इसलिए लेना चाहते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि ईरान परमाणु हथियार बनाने के बहुत करीब है। हालांकि इस मामले में कोई निश्चित रिपोर्ट नहीं है। अमेरिका ने इस सदी की शुरुआत में भी ऐसी ही एक गलती की थी- इराक के खिलाफ युद्ध। जनसंहार के जिन हथियारों की खोज के नाम पर उसने इराक में तबाही फैलाई, वे कभी मिले ही नहीं और हजारों अमेरिकी सैनिकों को जान गंवानी पड़ी। इराक आज भी अस्थिर है। वॉशिंगटन को ऐसा ही कड़वा घूंट अफगानिस्तान में भी पीना पड़ा। ईरान की स्थिति इन दोनों के मुकाबले मजबूत है। अगर अमेरिका युद्ध में शामिल हुआ, तो लड़ाई बस ईरान तक सीमित नहीं रहेगी। UAE, सऊदी अरब, जॉर्डन समेत इस इलाके के कई देशों में अमेरिकी सेना तैनात है और ईरान उन्हें निशाना बनाने की कोशिश करेगा, जिससे ये मुल्क भी हिंसा की चपेट में आ जाएंगे। एक डर यह भी है कि ईरान के समर्थन हूती जैसे लड़ाके गुट भी अलग-अलग मोर्चा खोल सकते हैं।

ईरान ने अभी तक ग्लोबल ऑयल सप्लाई को नहीं छुआ है। लेकिन, मौजूदा नेतृत्व के सामने अस्तित्व का संकट आया, तो वह पूरी ताकत से जवाब देगा, और नतीजा दुनिया के लिए आर्थिक तबाही भी लेकर आएगा। अमेरिका ने कई मौकों पर गलत अनुमान लगाए हैं- अपने अतीत से उसे इतना तो सबक लेना ही चाहिए।

...आज का दिन...

मेष- शुभ भावनाओं का उदय, कार्य क्षमता में वृद्धि, अधीनस्थ सहयोगियों से सहयोग, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, अध्यात्म के प्रति आस्था, आपसी सौहार्द, हर्ष भी।

वृषभ- शारीरिक मानसिक कष्ट, कार्य व्यवसाय में नुकसान, वाद-विवाद की आशंका, स्वजनों से असहयोग, कर्ज से चिन्तित, धन हानि, सुख शांति का अभाव।

मिथुन- बुद्धि-विवेक से कार्य-सिद्धि, सामाजिक कृत्यों की ओर अभिरुचि, निजी जिन्दगी में सुख के साधन सुलभ, दूसरों की सलाह मान्य, विवाद का समापन।

कर्क- वाक्पटुता से संकल्प सिद्धि, घरेलू वातावरण सुखद, शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण सफलता, खुशी, जनकल्याण में रुझान, इच्छित पद की प्राप्ति, यात्रा सुखद।

सिंह- कार्य-व्यवसाय में उन्नति, सुख-सुविधा के निमित्त व्यय, मनोरंजन की ओर रुझान, आय के नवीन स्रोत उपस्थित, विशिष्टजनों से अपेक्षित सहयोग, हर्ष।

कन्या- लाभ का मार्ग अवरुद्ध, वैचारिक अस्थिरता, कार्यों में अड़चनें, मन दुविधामय, दूसरों के गलतफहमी के शिकार, प्रतिष्ठा में कमी की अनुभूति, मित्रों से तकरार।

तुला- स्वास्थ्य सुधार पर, नौकरी में प्रोन्नति, नवसमाचार की प्राप्ति, परिवार में उत्साह, भौतिक सुख के साधन सुलभ, मनोविनोद के सुअवसर प्राप्त, मान-सम्मान में वृद्धि।

वृश्चिक- अभीष्ट सिद्धि का प्रयास सार्थक, व्यक्तित्व का विकास, महत्वपूर्ण उपलब्धि, पारिवारिक सम्बन्धों में सुधार, सुख के साधन प्राप्त, मित्रों से विचार-विमर्श।

धनु- परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, व्यवसायिक दृष्टिकोण से समय हितकर, वैवाहिक जीवन में संतोष, आत्मसंयम से कार्यों में सफलता, मानसिक तनाव में कमी।

मकर- योजना अधूरी, धन का अभाव, विरोधी प्रभावी होने हेतु प्रयत्नशील, प्रियजनों से मतभेद, इच्छित पद की प्राप्ति में अड़चनें, वाहन से चोट-चपेट की आशंका।

कुम्भ- आरोग्य सुख में वृद्धि, स्वजनों से विचार-विमर्श, व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, लाभ का मार्ग प्रशस्त, पारस्परिक सम्बन्धों में मधुरता, संत समागम।

मीन- आर्थिक स्थिति में सुधार, सद्विचारों का उदय, आनन्द की अनुभूति, उपहार या सम्मान का लाभ, राजनीतिक गतिविधियों की ओर रुझान, दाम्पत्य जीवन मधुर।

-: श्री विमल जैन :-
हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद् एस-2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, आकांक्षा हास्पिटल के निकट, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002 (उ0प्र0)- मो0:-09335414722

अवसाद का सामना करने में योग की भूमिका



- कुमार कृष्णन -

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2024 के अनुसार भारत में लगभग हर बीस में से एक व्यक्ति अवसाद से पीड़ित हो सकता है। यह सर्वेक्षण दर्शाता है कि भारत में मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। विश्व स्तर पर, लगभग 26.4 करोड़ लोग अवसाद से प्रभावित हैं। तुलनात्मक रूप से देखें तो महिलाओं में अवसाद अनुभव करने की संभावना अधिक होती है, लेकिन यह भी एक तथ्य है कि अवसाद किसी भी समय और किसी भी उम्र में हो सकता है।

ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में शहरों में अवसाद अधिक है। एक अन्य रपट के अनुसार अविवाहित लोगों की तुलना में विवाहित लोगों में अवसादग्रस्त होने की संभावना 60 फीसदी अधिक होती है। जबकि विवाहित व्यक्ति परिवार में रहता है, तो फिर क्यों अवसाद का शिकार होता है क्योंकि कई बार परिवार या समूह में रह कर भी मनुष्य यह अनुभव करता है कि कोई उसे नहीं समझता, किसी के पास उसके लिए समय नहीं है। वह किसी से अपनी बात साझा नहीं कर पाता। ऐसे में खुद को अकेला पाता है।

यह सभी आर्थिक पृष्ठभूमि वाले लोगों को प्रभावित कर रहा है। चाहे एक अभावग्रस्त व्यक्ति जो एक शाम के भोजन के लिए जद्दोजहद कर रहा है या एक अमीर व्यक्ति जो विलासितापूर्ण जीवन व्यतीत कर रहा है। इससे भी चिंताजनक बात यह है कि अवसाद ग्रस्त व्यक्ति भावनात्मक रूप से कमजोर मानसिक स्थिति में अपना जीवन ही समाप्त करने का निर्णय ले लेता है। भारत में किशोरों और युवाओं में आत्महत्या की बढ़ती प्रवृति ने इस बात को रेखांकित किया है कि इस बीमारी पर गंभीरतापूर्वक विचार किया जाना चाहिए।

किसी व्यक्ति में अवसाद का प्रांरभ बहुत छोटी व तुच्छ चीजों से भी हो सकता है। जैसे कक्षा में प्रथम न आ पाना, परीक्षा में मनचाहे अंक प्राप्त न कर पाना आदि। अवसाद के कुछ गंभीर कारण भी हो सकते हैं जैसे कोई व्यक्ति अपने किसी अंग के पक्षाघात से ग्रस्त हो। कैंसर तथा मानसिक असंतुलन जैसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त लोगों को भी अवसाद हो सकता है। इसे द्वितीयक अवसाद कहते हैं। ऐसे लोगों में अवसाद धीरे-धीरे कम हो जाता है, जो गंभीर बीमारी से लड़ना सीख जाते हैं या उनका सफल इलाज हो जाता है।

घटना और वजह जिससे अवसाद होता है को अलग रखते हुए अवसाद का मूलभूत लक्षण बहुत ही सामान्य है। एक अवसाद ग्रस्त व्यक्ति कंधे को उचकाता है, छाती को सिकोड़ता है, भावनात्मक रूप से कमजोर दिखता है तथा उसमें जीवन के प्रति अलगाव और गैर जवाबदेही दिखाई पड़ती है। कई मामलों में अवसाद अपने आप ही धीरे-धीरे कम होने लगता है। वहीं कुछ मामलों में यह काफी लम्बे समय तक जारी रहता है।

अवसाद के प्रकार अवसाद के कई प्रकार हैं।

रोगजन्य और शरीरजन्य अवसाद- यह किसी दूसरी बीमारी (गंभीर व जीवन पर्यंत चलने वाली) या किसी इलाज के कारण होती है।

उम्मीद या विफलता आधारित अवसाद- यह उस स्थिति में होता है, जब कोई अपनी उम्मीद पूरी नहीं कर पाता। उदाहरण के लिए एक विद्यार्थी या एक खिलाड़ी जो किसी परीक्षा या खेल में आशा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाता। यह क्षणिक होता है, परंतु उन्हें इससे बाहर निकलने की आवश्यकता है, ताकि उनका अगला प्रदर्शन प्रभावित न हो।

भावनात्मक अवसाद- यह भावनात्मक जुड़ाव के टूटने पर होता है। उदाहरण के लिए दो व्यक्ति जो एक दूसरे के अत्यधिक नजदीक हैं, तो किसी प्रिय व्यक्ति की मृत्यु या शोक से भी अवसाद हो सकता है।

अहम केन्द्रित अवसाद- अवसाद का यह प्रकार उन लोगों में होता है, जो उच्च अधिकार प्राप्त तथा उच्च पद/स्थिति में जीवन बिताते हैं और जब वे पाते हैं कि अब इसके अधिकारी नहीं है। आमतौर पर यह बीमारी तब होती है, जब लोग अवकाश प्राप्त करने के करीब होते हैं।

अवसाद का सामना करने में योग की भूमिका

योग वास्तव में मस्तिष्क तथा भावनाओं का विज्ञान है और इसलिए अवसाद के लक्षणों को दूर करने के लिए यह एक महान वरदान है। अवसाद के मामलों में जिस चीज की तुरंत आवश्यकता होती है, वह है व्यक्ति को लक्षण के अनुरूप आराम पहुंचाना। किसी व्यक्ति की मानसिक स्थिति और भावनाएं उसकी शारीरिक मुद्रा में प्रतिबिंबित होती हैं। यदि शारीरिक मुद्रा में कोई संशोधन होता है, तो यह व्यक्ति की भावनात्मक स्थिति में बदलाव ला सकता है। यहीं पर योग की शारीरिक मुद्रा (आसन) अवसाद ग्रस्त व्यक्ति की मदद कर सकती है। यह प्रभाव क्षणिक हो सकता है परंतु जब एक निश्चित समय तक इसका निरंतर अभ्यास किया जाता है, तो यह व्यक्ति में परिवर्तन ला सकता है और अवसाद से मुक्ति दिला सकता है। पद्मभूषण सम्मान से सम्मानित परमहंस स्वामी निरंजनानंद सरस्वती ने मनोरोगों के उपचार में योग के महत्व पर प्रकाश डाला है। उन्होंने योग निद्रा, भ्रामरी, भस्त्रिका और अनुलोम विलोम जैसे प्राणायामों को अवसाद और चिंता जैसी मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के लिए प्रभावी बताया है। विभिन्न आसनों में विपरीत दंडासन हैं। इसमें कंधे को पीछे ले जाया जाता है, जिससे छाती खुलती है और इस प्रकार यह अवसाद की मुद्रा का प्रतिकार करता है। हालांकि कोई व्यक्ति इन आसनों को तुरंत ही नहीं कर सकता क्योंकि इसमें रीढ़ की हड्डी को पीछे की ओर वलय रूप में मुड़ने लायक होना चाहिए। यही कारण है कि खड़ी मुद्रा वाले आसन जैसे त्रिकोणासन, पार्श्वकोणासन और अर्धचन्द्रासन इस प्रकार सहायता प्रदान करते है कि इससे रीढ़ मजबूत होती है और एक व्यक्ति पीछे की ओर झुक जाता है। जैसा कि पहले कहा गया है कि आसन प्रभावी होते हैं, परंतु जब हम अवसाद ग्रस्त होते हैं, तो हमारी इच्छा शक्ति और संकल्प हमसे दूर हो जाते हैं। किसी कार्य को पूरा करने की हमारी इच्छा अपने निम्न स्तर पर होती है। ऐसी स्थिति में विख्यात योगाचार्य वी.के.एस. आयंगर ने व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाने का सुझाव दिया। उन्होंने घरेलू मुड़ने वाली कुर्सी का उपयोग किया ताकि एक व्यक्ति आसानी से विपरीत दंडासन कर सके, जिससे उसके मन और मस्तिष्क में परिवर्तन संभव हो सके।

अवसाद के लक्षणों को समाप्त करने में उल्टे आसन सहायता करते हैं। इन उल्टे आसनों के अंतर्गत अधोमुख वृक्षासन, पिंच मयूरासना, शीर्षासन, सर्वांगासन और सेतु बंध सर्वांगासन आते हैं। इन सभी आसनों को करते समय हमारा मस्तिष्क हृदय से नीचे होता है। अवसाद ग्रस्त व्यक्ति आंतरिक भय से पीडित होता है, ये आसन आंतरिक भय जैसे किसी वस्तु, व्यक्ति के खोने का डर, असफलता का भय और शक्तिहीन होने के डर से हमें मुक्ति दिलाते हैं।

बोस्टन यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर के एक अध्ययन के अनुसार जो व्यक्ति सप्ताह में दो बार उपयुक्त उपकरणों के साथ योग करता है और इसका अभ्यास घर पर भी करता है, तो यह अवसाद के लक्षणों को कम करने में मददगार होता है। प्रत्येक आसन में सांस लेने की विशेष प्रक्रिया होती है। एक व्यक्ति को इसे गंभीरतापूर्वक देखना चाहिए और सांस के प्रति अपने मन में जागरूकता का विकास करना चाहिए। सांस की जागरूकता के साथ जब आसन किये जाते हैं, तो अभ्यास करने वाला व्यक्ति आसन के साथ एकीकृत हो जाता है।

इसमें सांस छोड़ने की प्रक्रिया लम्बी हो जाते हैं और इससे तनाव भी बाहर निकल आता है। इसी प्रकार जब हम गहरी सांस लेते हैं, तो हममें साहस की भावना मजबूत होती है। यौगिक उपचार के सर्वाधिक महत्वपूर्ण पहलुओं में है आश्रम जीवन, जो व्यक्ति वास्तव में सकारात्मक शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को आकांक्षी है एवं उन मूल कारणों की खोज करना चाहता है, जो जीवनचर्या एवं विचारधारा की गड़बड़ी से रोग उत्पन्न करते हैं उसे आश्रम में रहकर, थोड़े समय में ही यह जानकारी मिल जाएगी। साथ ही साथ सही जीवनशैली एवं योग के साथ उनका अनुकूलन तीव्रता से होगा।

(विभूति फीचर्स)

सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के नाम पर निशाना बनती सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर

- मनोज कुमार अग्रवाल -

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसरों, विशेष कर महिलाओं को कथित सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के नाम पर तेजी से निशाना बनाया जा रहा है। हाल ही में एक घटनाक्रम में बठिंडा की सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर कंचन कुमारी, जिन्हें कमल कौर भाभी के नाम से भी जाना जाता है, की निर्मम हत्या कर दी गई। यह हत्या हमें इस बात की याद दिलाती है कि कथित नैतिकता के नाम पर किया जा रहा विरोध, जो कभी ऑनलाइन ट्रोलिंग तक सीमित था, अब हिंसक आपराधिक गुंडई और आतंकवाद में बदल गया है। इस सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर की हत्या को अंजाम देने वाला कथित मास्टरमाइंड अमृतपाल सिंह मेहरों, कथित तौर पर कौम दे राखे नामक एक कट्टरपंथी समूह का प्रमुख बताया जाता है। जिसने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर द्वारा प्रसारित की गई सामग्री को कथित तौर पर अनैतिक कृत्य के रूप में दर्शाते हुए हत्या को सही ठहराने का प्रयास किया है। इतना ही नहीं, हत्याकांड के बाद संयुक्त अरब अमीरात भागने के बाद हत्या को सही ठहराते हुए, एक वीडियो को जारी करना, संकीर्ण मानसिकता का दुस्साहस ही दर्शाता है। निस्संदेह, यह मामला संकीर्णता के पोषक और कट्टरपंथी तत्वों की सोच से अलग नहीं है। यह उस दुराग्रही सोच की कड़ी का ही हिस्सा है, जो हिंसा और धमकियों के माध्यम से महिलाओं की अभिव्यक्ति पर सोशल पुलिसिंग के जरिये शिकंजा कसने की कोशिश में रहती है।

इससे पहले भी 28 जून 2022 को राजस्थान के उदयपुर में एक हिन्दू टेलर कन्हैयालाल की हत्या भारतीय जनता पार्टी की प्रवक्ता नूपुर शर्मा के समर्थन में एक सोशल मीडिया पोस्ट साझा करने के लिए की गई थी, जिनकी टिप्पणियों के कारण 2022 में मुहम्मद पैगम्बर को लेकर की गई टिप्पणी पर विवाद हुआ था। हमलावरों ने कन्हैया लाल की दुकान में ग्राहक बनकर प्रवेश किया फिर उसकी नृशंसता से हत्या कर दी। इस हत्या के वीडियो बना कर इंटरनेट पर पोस्ट किए गए थे, जिसमें दो कथित हमलावर कसाई के चाकू पकड़े हुए थे और हत्या की ज़िम्मेदारी लेते हुए खुद की पहचान मुहम्मद रियाज़ अत्तारी और मुहम्मद गौस के रूप में कर रहे थे। अब इस मामले के दो मुख्य आरोपियों को हाइकोर्ट से जमानत पर रिहा कर दिया गया है। कमल कौर की हत्या भी कन्हैया लाल कांड की पुनरावृत्ति है। आए दिन देश के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग कट्टरपंथी अपराधी व आतंकी समूहों द्वारा धर्म या पंथ या संस्कृति और नैतिकता के रखवाले बनकर ऐसे कृत्यों को अंजाम दिया जाता रहा है। पिछले दिनों बेंगलुरू में भी एक महिला सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर को केवल उसके पहनावे को अभद्र बताते हुए एसिड हमले की धमकी दी गई। इस धमकी भरे वीडियो के वायरल होने के बाद उस व्यक्ति को उसके नियोक्ता ने नौकरी से निकाल दिया। यह विडंबना ही है कि कभी ऐसे मामले पाकिस्तान व अफगानिस्तान में महिला सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसरों को लेकर सामने आते थे। अब भारत में कथित सांस्कृतिक धार्मिक शुचिता व नैतिकता के नाम पर ऐसे हमले किए जा रहे हैं। एक अन्य खतरनाक घटना में, एक लोकप्रिय यूट्यूब शो में दिखाई देने वाली एक डिजिटल निर्माता अपूर्वा मुखीजा को बलात्कार और जान से मारने की ऑनलाइन धमकी दी गई। इस पर राष्ट्रीय महिला आयोग ने हस्तक्षेप करते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की। निस्संदेह, इन लोगों का रवैया बता रहा है कि इस तरह की वारदातों के पीछे एक तय एजेंडा काम कर रहा है जिसका लक्ष्य कथित नैतिकता के संरक्षण के नाम पर हिंसा कर आतंक की नई फसल को तैयार करना है। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसरों, विशेष कर महिलाओं को कथित सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के नाम पर तेजी से निशाना बनाया जा रहा है। सवाल उठता है कि उनके इन मूल्यों को कौन परिभाषित करता है और किसने उन्हें इस सतर्कता को लागू करने का अधिकार दिया। बठिंडा की दुर्भाग्यपूर्ण घटना की पंजाब महिला आयोग ने निंदा करके सही कदम उठाया है, लेकिन केवल आधिकारिक निंदा पर्याप्त नहीं है। कानून प्रवर्तन एजेंसियों को ऐसे मामलों को सुनियोजित अपराधों के रूप में दर्ज करना चाहिए, जो हमारे सामाजिक ताने-बाने को खतरा पहुंचाते हैं।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों को भी इस दिशा में जिम्मेदारी उठानी चाहिए कि वे समय रहते सोशल मीडिया के दुरुपयोग रोकें व घृणास्पद सामग्री को अपने प्लेटफॉर्म से हटाएं। साथ ही सोशल मीडिया का दुरुपयोग करने वाले तत्वों पर कड़ी नजर रखें। किसी भी लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की आजादी एक अपरिहार्य अंग है। निश्चित रूप से अभिव्यक्ति की आजादी की अपनी सीमाएं भी हैं। हालांकि, यह आजादी आलोचना से प्रतिरक्षा नहीं देती, लेकिन यदि आलोचना किसी की मर्यादा को नुकसान पहुंचाने या हत्या की धमकी में तब्दील होने लगे, तो शासन-प्रशासन को सख्त संदेश देना चाहिए। खासकर डिजिटल सतर्कता बढ़ाने की जरूरत है। विशेषकर जब डिजिटल निगरानी शारीरिक हिंसा में बदलने लगे। जिसे किसी कीमत पर सहन नहीं किया जाना चाहिए। यदि ऐसे मामलों में अभी से सख्ती न दिखाई गई तो समाज में ऐसी हिंसक कार्रवाई की घटनाओं को थामना मुश्किल हो जाएगा। अब पंजाब के बहुचर्चित कमल कौर उर्फ कंचन कुमारी हत्याकांड में नया मोड़ सामने आया है। इस मामले के मुख्य आरोपी और कथित मास्टरमाइंड अमृतपाल सिंह मेहरो के समर्थन में पोस्टर लगाए गए हैं, जिनमें उसे 'इज्ज़त का राखा' बताया गया है। ये पोस्टर लुधियाना-मालेरकोटला रोड स्थित प्रसिद्ध गुरुद्वारा आलमगीर साहिब के पास देखे गए, जिनकी तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं।

पोस्टरों में अमृतपाल सिंह मेहरो को एक धार्मिक व्यक्ति के रूप में पेश किया गया है और उसके खिलाफ चल रही जांच को साजिश बताया गया है। पोस्टर में लिखा गया है कि %महिरो ने जो किया वह इज्ज़त की रक्षा के लिए किया%। अब यह मामला जांच एजेंसियों और पुलिस के लिए चिंता का विषय बन गया है। पोस्टर सामने आने के बाद पुलिस को शक है कि आरोपी को बचाने या उसके पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि इस घटनाक्रम पर नजर रखी जा रही है और जिन लोगों ने ये पोस्टर लगाए हैं, उनकी पहचान कर कार्रवाई की जाएगी। वहीं, अमृतसर की सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर दीपिका लूथरा को जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने पटियाला से रमनदीप सिंह नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आतंकी संगठन बब्बर खालसा और निहंग अमृतपाल सिंह मेहरो और उसके साथियों की तरफ से दीपिका को लगातार धमकियां मिल रही हैं। साइबर थाना पुलिस अमृतपाल सिंह मेहरो और उसके दो साथियों के खिलाफ केस दर्ज कर चुकी है और दीपिका को सुरक्षा के लिए दो गनमैन मुहैया करवा दिए गए हैं। सवाल यह है कि देश कानून से चलेगा या अपराधिक आतंकी मानसिकता वाले लोग समानांतर खौफ और आतंक का माहौल बना कर लोगों को निशाना बनाएंगे और दहशत का राज कायम करेंगे? क्या अमृत पाल मैहरों जैसे लोग नया भिंडरावाला बनने की फिराक में है? ऐसे लोग समाज में भय और दहशत फैलाने के लिए एक रील बनाने वाली निहत्थी युवती का कत्ल करने कराने में भी गर्व और गौरव समझते हैं। ऐसे असामाजिक आतंकी तत्वों को जितना जल्दी हो सके कानून की नकेल डालकर नियंत्रित करना चाहिए वरना यह समाज के लिए नए नासूर बनेंगे। यहां यह भी बता दें कि इस तरह के मामलों में पुलिस की कमजोर विवेचना और लोक अभियोजकों की कमजोर पैरवी के चलते कन्हैयालाल जैसे नृशंस हत्याकांड के दो प्रमुख आरोपियों को हाइकोर्ट से जमानत मिल जाती है यही वजह है कि हत्यारों के भीतर कानून का कोई भय नहीं रह पाता है।

(विभूति फीचर्स)

चंदौली

भारतमाला परियोजना के लिए जमीन अधिग्रहण का विरोध जारी

तरूणमित्र न्यूज

डीडीयू नगर, चंदौली। जिले में भारतमाला परियोजना से प्रभावित ग्रामीणों का बस्ती बचाओ संघर्ष समिति के तत्वाधान में अनिश्चितकालीन धरना के चौथे दिन विभिन्न दलों ने अपना समर्थन देकर धरना को धार देने का काम किया। वहीं पहुंचे एसडीम अनुपम मिश्रा ने ग्रामीणों को समझाने बुझाने का प्रयास किया। लेकिन ग्रामीण अपने मांगों पर अड़े रहे। भारतमाला परियोजना के तहत रेवसा गांव के लगभग 200 परिवार को उजाड़ने का काम किया जा रहा है। इसमें अभी तक ना तो मुआवजा मिला और ना ही जमीन आवंटन की प्रक्रिया पूर्ण की गई। इससे पहले ही एसडीएम अनुपम मिश्रा की तानाशाही के कारण मकान ढहाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई।

ग्रामीणों को मकान खाली करने का भी अल्टीमेटम तक दे दिया गया। जिसके कारण सदमे में आने से एक वृद्धा महिला की मौत भी हो गई। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने रेउसा बस्ती बचाओ संघर्ष समिति के तत्वाधान मेंअनिश्चित कालीन धरना शुरू कर दिया। धरना के तहत भारतमाला परियोजना से प्रभावित परिवार को विस्थापन से पहले पुनर्वास, आवासीय जमीन का पट्टा, भूमि अधिग्रहण कानून 2013 के तहत सर्किल रेट व बाजार रेट में जो अधिक हो इसका चार गुना मुआवजा के साथ ही बरसात के बाद मकान खाली करायें जाने आदि मांगों को लेकर ग्रामीण अडे हुए हैं। इसको लेकर सपा, आम आदमी पार्टी,बसपा, किसान न्याय मोर्चा, किसान संघर्ष मोर्चा,भाकपा माले सहित तमाम दलों का समर्थन भी मिल रहा है। ग्रामीणों के समर्थन में सभी दल के वक्ता पहुंचकर धरना में जान फूंकने व धार देने का काम कर रहे हैं।

कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों के मर्जर पर शिक्षक संघ का विरोध

तरूणमित्र न्यूज

चकिया, चंदौली। प्रदेश सरकार द्वारा कम छात्र संख्या वाले प्राथमिक विद्यालयों को बंद कर अन्य विद्यालयों में समायोजित करने के निर्णय के विरोध में बुधवार को बीआरसी चकिया पर शिक्षकों का जमावड़ा हुआ। इस निर्णय को लेकर शिक्षक संघ ने मुखर विरोध दर्ज किया और सड़क से लेकर मुख्यालय तक आंदोलन का ऐलान किया।

शिक्षक संघ के अध्यक्ष अजय गुप्ता ने बताया कि संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा ने मुख्यमंत्री से ट्विटर के माध्यम से आग्रह किया है कि ऐसे विद्यालयों को बंद न किया जाए, जिससे बच्चों का अपने ही गांव में पढ़ने का अधिकार (आरटीई एक्ट 2009 की धारा 6 के अंतर्गत) सुरक्षित रह सके।

अजय गुप्ता ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व में शुरू हुआ सर्व शिक्षा अभियान हर गांव और मजरे तक शिक्षा पहुँचाने के उद्देश्य से लाया गया था। उसी सोच के अंतर्गत प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों की स्थापना हुई थी। अब उन्हें बंद कर देना इस सोच के विपरीत है। उन्होंने यह भी कहा कि जनसंख्या नियंत्रण अभियान के कारण नामांकन में गिरावट स्वाभाविक है। वहीं दूसरी ओर, विभाग ने अधोमानक और गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों को अनुमति दे रखी है, जिससे सरकारी विद्यालयों के नामांकन पर असर पड़ा है।

अन्य वक्ताओं ने सरकार से सवाल किया कि यदि शिक्षक-छात्र अनुपात पहले ही मानक के अनुसार है तो विद्यालय बंद करने की क्या आवश्यकता है? अगर शिक्षकों की जरूरत है, तो नई भर्तियाँ होनी चाहिए, न कि विद्यालयों का मर्जर। संघ के नेताओं ने चेताया कि पहले ही 20,000 विद्यालयों का मर्जर हो चुका है जिससे पदोन्नति की संभावनाएँ खत्म हो गईं। 2015 से आज तक किसी भी शिक्षक की पदोन्नति नहीं हुई है। नए आदेश से हजारों पद समाप्त हो जाएंगे, जिससे नवयुवाओं के शिक्षक बनने के सपने भी टूटेंगे। अंत में संघ ने मुख्यमंत्री से इस आदेश को तत्काल निरस्त करने की अपील की। वक्ताओं ने चेताया कि गाँवों में यदि स्कूल बंद हुए तो जनआक्रोश होना तय है।

आरपीएफ ने किया नाबालिग बच्ची का रेस्क्यू

तरूणमित्र न्यूज

डीडीयू नगर, चंदौली। शुक्रवार को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डीडीयू की उप निरीक्षक अर्चना कुमारी मीना साथ सहायक उप निरीक्षक अरविंद कुमार सिंह साथ स्टाफ एव रेलवे चाइल्ड हेल्प डीडीयू राधेश्याम द्वारा डीडीयू जंक्शन पर अकेली महिला यात्रियों व बच्चों की सुरक्षा एवम् संरक्षा हेतु गश्त चेकिंग किया गया। इस दौरान डीडीयू जंक्शन के मेन एफओबी पर प्लेटफार्म नंबर 01/02 के रैम्प के पास दिल्ली छोर पर समय लगभग 08ः30 बजे एक नाबालिक लड़की को अकेले भटकते हुए पाया, जिनसे पूछने पर अपना परिचय उम्र 15 वर्ष, निवासी थाना हरशंकर, जिला मुजफ्फरपुर, बिहार बताई। बाद उक्त नाबालिक लड़की को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डीडीयू पर लाकर काउंसलिंग किया गया। बातचीत में लड़की द्वारा बताया गया कि वह घर से परिजन को बिना बताए गुस्सा होकर अकेले चली आई है।

जिसके बाद बाद उक्त नाबालिग बच्ची के परिजनों को उचित माध्यम से सूचना दी गई। एवं उक्त नाबालिक बच्ची को उनके परिजनों तक सही सलामत सुपुर्द करने हेतु चाइल्ड लाइन डीडीयू के ऑन ड्यूटी स्टाफ को सुपुर्द किया गया।

चंदौली सांसद ने ऑपरेशन सिंदूर' को बताया जुमला

तरूणमित्र न्यूज

डीडीयू ,नगर चंदौली। सांसद वीरेंद्र सिंह ने शुक्रवार को चंदौली स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। मीडिया से बातचीत में उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' को जुमला करार देते हुए कहा कि पहलगाम में हमला करने वाले आतंकियों का क्या हुआ, सरकार इस पर चुप क्यों है। सांसद ने कहा कि देश में किसान खाद के लिए परेशान हैं, लेकिन सरकार उनकी सुन नहीं रही। उन्होंने जनता की समस्याओं को लेकर गंभीर चिंता जताई और कहा कि शासन-प्रशासन से लेकर संसद तक आम आदमी की आवाज को अनसुना किया जा रहा है।

इस जनसुनवाई कार्यक्रम में सकलडीहा विधायक प्रभु नारायण यादव, पूर्व विधायक मनोज सिंह, पूर्व विधायक जितेंद्र कुमार एडवोकेट, चंद्रशेखर यादव, संतोष यादव, सीपी खरवार, जिलाध्यक्ष सत्यनारायण राजभर, पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका मुगलसराय राजकुमार जायसवाल सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में ग्रामीणों ने भी अपनी समस्याएं रखीं, जिनमें बिजली, सड़कों की स्थिति, आवास और खाद-बीज की किल्लत जैसे मुद्दे प्रमुख रहे। सांसद वीरेंद्र सिंह ने बताया कि सभी उठे मुद्दों को लेकर जिलाधिकारी से वार्ता की जाएगी, ताकि जनता की समस्याओं का जल्द समाधान हो सके।

चकिया में विद्यालय से लौटते समय शिक्षक घायल, ट्रॉमा सेंटर में भर्ती

तरूणमित्र न्यूज

चकिया, चंदौली। शुक्रवार को चकिया क्षेत्र के मुबारकपुर स्थित कंपोजिट विद्यालय में कार्यरत सहायक अध्यापक राशिद खान उस वक्त गंभीर रूप से घायल हो गए जब विद्यालय से लौटते समय उनकी बाइक लाठिया गांव के समीप एक आवारा गाय से टकरा गई। इस दुर्घटना के बाद शिक्षक सड़क पर गिर पड़े और उन्हें सिर व चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों की मदद से जैसे ही यह सूचना विद्यालय के प्रधानाध्यापक शिवानंद सिंह तक पहुँची, वे तत्काल मौके पर पहुंचे और घायल शिक्षक को

संयुक्त जिला चिकित्सालय, चकिया के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया।

डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद, शिक्षक की स्थिति को देखते हुए उन्हें वाराणसी ट्रॉमा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। बताया गया कि शिक्षक की स्थिति चिंताजनक तो नहीं है, लेकिन सिर पर गहरी चोट के कारण बेहतर इलाज की आवश्यकता थी।

घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल पहुंचे शिक्षा विभाग और संघ के अधिकारी घटना की खबर जैसे ही शिक्षा विभाग में फैली, खंड शिक्षा अधिकारी राम टहल, शिक्षक संघ अध्यक्ष अजय गुप्ता सहित वरिष्ठ शिक्षक बाबूलाल, अनिल यादव, दिनेश मौर्य, ओम प्रकाश दुबे, नरेश गुप्ता और जेपी पटेल भी अस्पताल पहुंचे और घायल शिक्षक का हालचाल लिया। शिक्षक संगठनों ने जताई चिंता इस घटना के बाद शिक्षकों में रोष और चिंता देखी गई। शिक्षक संघ ने क्षेत्र में आवारा पशुओं की बढ़ती समस्या को गंभीर बताते हुए प्रशासन से सड़क सुरक्षा के सख्त प्रबंधों की माँग की है।

बरहन प्रधान जगमेंद्र सिंह यादव बने सपा पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव

तरूणमित्र न्यूज

डीडीयू नगर चंदौली। समाजवादी पार्टी के पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ ने बड़ी जिम्मेदारी देते हुए बरहन गांव निवासी ग्राम प्रधान जगमेंद्र सिंह यादव को प्रदेश सचिव नियुक्त किया है। यह घोषणा प्रदेश अध्यक्ष राजपाल कश्यप ने की। गुरुवार को जिले में कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की और पार्टी नेतृत्व के इस निर्णय का स्वागत किया।

नवनियुक्त प्रदेश सचिव जगमेंद्र सिंह यादव ने कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें दी गई है, उसका वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व की

सराहना करते हुए कहा कि पार्टी हमेशा कार्यकर्ताओं का सम्मान करती है और उन्हें आगे बढ़ाने का काम करती है। समाजवादी युवजन सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष योगेंद्र यादव चकरू ने कहा कि जगमेंद्र सिंह यादव की नियुक्ति से यह स्पष्ट होता है कि सपा नेतृत्व हमेशा जमीनी कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता देता है।

इस मौके पर गुरु प्रकाश यादव, दयाराम यादव प्रधान, कमलेश यादव, त्रिभुवन यादव, द्वारिका खरवार, लालमणि पाल, रविकांत यादव, अबरार खान, राजनाथ बिंद और सौरभ राजभर सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

श्री काशी विश्वनाथ धाम में सावन भर प्रोटोकॉल की सुविधा रहेगी बंद : मण्डलायुक्त एस राजलिंगम

कहा आगामी सावन को लेकर बाबा विश्वनाथ मंदिर में लगभग- लगभग तैयारी हो चुकी है पूरी

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास कार्यपालक समिति के अध्यक्ष एवं वाराणसी मंडलायुक्त एस. राजलिंगम ने श्रावण मास तैयारियों के संबंध में शुक्रवार को विस्तृत जानकारी मीडिया से साझा की।

उन्होंने बताया कि आगामी सावन को लेकर बाबा विश्वनाथ मंदिर में लगभग- लगभग तैयारी पूरी हो चुकी है मण्डलायुक्त ने बताया कि सभी अधिकारियों के साथ बैठक सुनिश्चित की जा चुकी हैं।सभी अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया जा चुका है कि जो भी कमियां रह गई हैं वह जल्द से जल्द पूरा कर ली जाएं। उन्होंने आगे बताया कि पूरे सावन भर प्रोटोकॉल की सुविधा बंद रहेगी ताकि किसी भी श्रद्धालु को मंदिर परिसर में दर्शन करने के लिए असुविधा न हो। इस संबंध में मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा सभी संबंधित विभागों से भी पत्राचार कर लिया गया है।मंडलायुक्त ने कहा कि काशी में क्षतिग्रस्त मार्गों को तत्काल ठीक करने के भी दिशा निर्देश दिए गए हैं।महाकुंभ की अवधि में बाबा विश्वनाथ में श्रद्धालुओं के लिए सुविधा दी गई थी उससे बेहतर सुविधा देने की कोशिश की जा रही है।

मण्डलायुक्त एस राजलिंगम

कुलपति प्रो. आनन्द त्यागी ने विश्वविद्यालय के अन्य सहयोगियों संग किया चन्दन के पौधे का रोपण


पौधा रोपण करने के दौरान मौजूद कुलपति प्रो आनंद त्यागी, कुलसचिव डा. सुनीता पांडेय, परीक्षा नियंत्रक दीप्ति मिश्रा, एफओ प्रो सुधीर शुक्ला व विश्वविद्यालय के अन्य प्राध्यापकगण

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को कुलपति प्रो. आनन्द कुमार त्यागी ने चन्दन के वृक्षों का रोपण किया। कुलपति प्रो त्यागी द्वारा पंत प्रशासनिक भवन के सामने स्थित भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री उद्यान एवं चन्दन वाटिका में वृक्षारोपण किया गया।

इस दौरान कुलसचिव डा. सुनीता पाण्डेय, परीक्षा नियंत्रक दीप्ति मिश्रा, कुलानुशासक प्रो के.के. सिंह, प्रो. संजय, उपकुलसचिव हरीश चन्द व आनन्द कुमार मौर्य, छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष प्रो राजेश कुमार मिश्र, मुख्य गृहपति प्रो टी.बी. सिंह, सम्पत्ति अधिकारी डा. सूर्यनाथ सिंह आदि ने भी चन्दन का पौधा लगाया।

प्राथमिकता के आधार पर महिला संबंधी अपराधों का त्वरित करें निस्तारण, पेश आए विनम्रता के साथ : एडीसीपी नम्रिता श्रीवास्तव

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। नम्रिता श्रीवास्तव, अपर पुलिस उपायुक्त, (महिला अपराध) ने शुक्रवार को पुलिस आफिस कार्यालय पर सर्किल रोहनियां में लम्बित समस्त महिला सम्बन्धी विवेचनाओं की समीक्षा बैठक की। समीक्षा विषयक बैठक में उपस्थित समस्त विवेचकों को विवेचना की बारीकियों से अवगत कराते हुए विवेचना के यथाशीघ्र विधिक निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

एडीसीपी नम्रिता श्रीवास्तव ने समीक्षा बैठक में अधीनस्थों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राथमिकता के आधार पर महिला संबंधी अपराधों का निस्तारण जल्द से जल्द हो। जिन मामलों में अभी तक बरामदगी नहीं हो पाई है। उनमें तेजी लाते हुए बरामदगी की कार्रवाई को अंजाम दें। लंबित विवेचना का निस्तारण जल्द से जल्द करें। थाने या चौकी पर आने वाली हर महिला फरियादियों के साथ पुलिसकर्मी शालीनता से पेश आए एवं उनकी समस्याओं को सुन गुणवत्तापूर्ण, ससमय समाधान का प्रयास करें।

एडीसीपी (महिला अपराध) नम्रिता श्रीवास्तव समीक्षा बैठक में अधीनस्थों को महिला अपराध के मामले में दिशा निर्देश देते हुए

कर्मकांड एवं ज्योतिष पाठ्यक्रमों के माध्यम से धर्मगुरु बनने का सुनहरा अवसर : प्रो बिहारी लाल शर्मा

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बिहारी लाल शर्मा ने शुक्रवार को बताया कि नई शिक्षा नीति के अंतर्गत बी-वोक एवं एम-वोक पाठ्यक्रम के तहत पं. दीनदयाल उपाध्याय कौशल विकास केंद्र में दो पाठ्यक्रम ज्योतिष एवं कर्मकांड और वास्तुशास्त्र एवं आंतरिक सज्जा में सत्र 2025-26 हेतु प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है।

कुलपति ने बताया की यह पाठ्यक्रम सभी के लिए रोजगारपरक है और धर्मगुरु बनने के लिए एक सम्पूर्ण पाठ्यक्रम है। इसके माध्यम से अर्चक, ज्योतिषी के रूप में भी रोजगार प्राप्त किया जा सकता है। समाज और राष्ट्र में कर्मकांड और ज्योतिष शास्त्र के ज्ञान से पूजा आदि के वास्तविक दर्शन से समाज को जोड़ा जा सकता है। बी-वोक पाठ्यक्रम तीन वर्ष का है और इसमें छह सेमेस्टर होंगे। एम-वोक पाठ्यक्रम चार सेमेस्टर का होगा। प्रवेश फार्म का शुल्क रुपये 500/- है और पाठ्यक्रम की फीस आठ हजार पांच सौ रुपये (8000/-) प्रति सेमेस्टर निर्धारित की गई है। आवेदन पत्र कौशल केंद्र कार्यालय (पाणिनि भवन के द्वितीय तल पर गृह विज्ञान विभाग) पर सुबह 10:30 से दोपहर 4:30 बजे तक प्राप्त किए जा सकते हैं। कौशल केंद्र की निदेशक प्रो विधु द्विवेदी ने बताया कि इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से छात्र धर्मगुरु बनने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल प्राप्त कर सकते हैं और समाज में पूजा आदि के वास्तविक दर्शन को बढ़ावा दे सकते हैं।

कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कुलपति प्रो. आनंद त्यागी करेंगे पुस्तक का लोकार्पण

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो आनन्द कुमार त्यागी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को योग दर्शन ज्ञान का अक्षय भंडार नामक पुस्तक का लोकार्पण होने वाला है। पुस्तक के संपादक द्वय प्रो. निरंजन सहाय व डॉ. अविनाश कुमार सिंह एवं सह-संपादक उज्ज्वल कुमार सिंह हैं। यह पुस्तक न केवल योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक पक्षों को उद्भासित करता है, बल्कि उसे भारतीय दर्शन, प्रकृति और आत्मबोध के गहरे संदर्भ में भी प्रस्तुत करता है।

अस्सी नदी के पुर्नस्थापन एवं जीर्णोद्धार से संबंधित बैठक में लिए गए कई अहम निर्णय

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अस्सी नदी के पुर्नस्थापन एवं जीर्णोद्धार से संबंधित एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पुलकित गर्ग, उपाध्यक्ष वीडीए द्वारा बैठक का संचालन किया गया। बैठक में आई0आई0टी0 (बी.एच.यू.) से डॉ शिशिर गौड, वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े तथा प्रो प्रभात कुमार सिंह, प्रो अनुराग ओझा एवं प्रो बाला नायडू उपस्थित रहकर तकनीकी पहलुओं से अवगत कराया गया।

वीडीए वीसी पुलकित गर्ग द्वारा अवगत कराया गया कि अस्सी नदी के जीर्णोद्धार एवं पुन: नदी के रूप में पुर्नस्थापन हेतु काम्प्रेहैंसिव प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने हेतु वाराणसी विकास प्राधिकरण एवं आईआईटी बीएचयू के मध्य एमओयू सम्पादित हुआ है, जिसके क्रम में आईआईटी, बी0एच0यू0 के विशेषज्ञ प्रोफेसरों के द्वारा काम्प्रेहेंसिव प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार की जा रही है। आज बैठक में प्रो0 शिशिर गौड़ के द्वारा अस्सी नदी के पुर्नस्थापन एवं जीर्णोद्धार कार्य हेतु एक विस्तृत प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया तथा समग्र कार्य योजना (Comprehensive Action Plan) का प्रस्तुतीकरण आई0आई0टी0 (बी.एच.यू.) द्वारा जिलाधिकारी महोदय के समक्ष किया गया। प्रस्तुतीकरण में अस्सी नदी के लगभग 08 किलोमीटर लंबे स्ट्रेच एवं कैचमेंट एरिया में आने वाले 06 तालाब के सम्बन्ध में विस्तृत तकनीकी रिपोर्ट से अवगत कराया गया तथा यह भी अवगत कराया गया कि वर्तमान में उपलब्ध अस्सी नदी के प्रारम्भ होने से पूर्व से जनपद-प्रयागराज, भदोही एवं वाराणसी में लगभग 160 किलोमीटर की लम्बाई में पैलिखोचैनल उपलब्ध है। सिंचाई विभाग (बंधी प्रखंड) को आई0आई0टी0 (बी.एच.यू.) द्वारा प्रस्तुत कार्य योजना के आधार पर संशोधित डी.पी.आर. (Detailed Project Report) तैयार कराने के निर्देश दिए गए।अधिशासी अभियन्ता, जल निगम को निर्देशित किया गया कि अस्सी नदी के समीप एस0टी0पी0 से ट्रिटमेंट के उपरान्त निकलने वाले जल को अस्सी नदी में ले जाने के लिए क्या किया जा सकता है इसका परीक्षण कर अवगत कराया जाय। अपर नगर आयुक्त, नगर निगम को निर्देशित किया गया कि अस्सी नदी के कैचमेंट क्षेत्र में अभियान चलाकर सफाई एवं कूड़ा उठाने की कार्यवाही पूर्ण करायी जाय।

एसडीएम सदर को निर्देशित किया गया कि राजस्व अभिलेखों में अस्सी नदी के सम्बन्ध में इंट्री आदि की जॉच कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाय। राजस्व विभाग समेकित रूप से इसका परीक्षण कर प्राथमिकता पर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।बैठक में डॉ गुडाकेश शर्मा अपर सचिव वीडीए, सुभाष सिंह, अपर नगर आयुक्त, अमित ओमार एस0डी0एम0 सदर उपस्थित रहे। साथ ही अनूप सिंह, अधिशासी अभियन्ता जलकल विभाग, कमल सिंह अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम, प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड, व से सी0पी0 वर्मा महेन्द्र कुमार, अधिशासी अभियन्ता, बंधी प्रखण्ड, वाराणसी, तथा अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण भी बैठक में सम्मिलित हुए।

जिलाधिकारी सतेन्द्र कुमार बैठक की अध्यक्षता करते हुए। वीडीए वीसी पुलकित गर्ग सहित अन्य रहे मौजूद

छात्र कल्याण संकाय द्वारा आयोजित सात दिवसीय योग कार्यशाला संपन्न

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में छात्र कल्याण संकाय, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ द्वारा आयोजित सात दिवसीय योग कार्यशाला सामूहिक सूर्य नमस्कार: ऊर्जा एवं एकाग्रता का अनुभव का शुक्रवार को समापन हुआ।

मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के उपकुलसचिव हरीश चन्द ने कहा कि योग एक ऐसी कला है, जो जीवन जीना सिखाता है। विशिष्ट अतिथि संपत्ति अधिकारी डॉ सूर्यनाथ सिंह रहे। स्वागत करते हुए कार्यक्रम समन्वयक एवं छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष प्रो राजेश कुमार मिश्रा ने कहा कि योग आत्मानुशासन है, स्मृति है, ध्यान है और अंत मोक्ष की ओर ले जाने वाली साधना है। योग का प्रशिक्षण डा. चंद्रमणि द्वारा दिया गया, जिसमें सूर्य नमस्कार, योग प्रोटोकॉल के साथ माइग्रेन एवं मानसिक तनाव में लाभकारी आसनों और प्राणायामों को कराया गया। संचालन त्रिपुरारी लाल मिश्र एवं धन्यवाद ज्ञापन डा. गनेश जायसवाल ने किया। इस अवसर पर प्रो पिताम्बर दास, प्रो नन्दिनी सिंह, डा. अम्बरीष राय, जयंत मौर्य, श्रीधर सिंह, सोनाली, सौरभ चौधरी, चंदन कुमार प्रजापति, शशि कुमार शर्मा आदि उपस्थित रहे।

समापन कार्यक्रम में मंचासीन मुख्य अतिथि उप कुलसचिव हरीश चंद, विशिष्ट अतिथि संपत्ति अधिकारी डॉ सूर्यनाथ सिंह व छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष प्रो राजेश मिश्रा व अन्य

महापौर अशोक तिवारी ने नलकूप का किया शिलान्यास

वाराणसी। महापौर अशोक कुमार तिवारी ने शुक्रवार को राजाबाजार व तरना वार्ड में 2 नलकूप का शिलान्यास किया।वार्ड संख्या 35 राजाबाजार में पी0डब्लू0डी0 जदीद बाजार ताज होटल के पीछे 1 नलकूप के साथ 6 राइजिंग मेन पाईप लाइन विस्तार कार्य का शिलान्यास किया गया, जिसकी लागत 41 लाख 32 हजार है। इससे लगभग 500 परिवार लाभान्वित होंगे।

वार्ड संख्या 21 तरना वार्ड में 01 मिनी नलकूप के साथ 1100 मीटर पाइप लाइन विस्तार कार्य का शिलान्यास किया गया, जिसकी लागत 49 लाख 91 हजार है।इससे लगभग 500 परिवार लाभान्वित होंगे।कार्यक्रम के दौरान अरविंद सिंह उत्तरी विधान सभा प्रभारी, प्रभात सिंह- जिला उपाध्यक्ष, पार्षद राजेन्द्र यादव, रोहित मिश्रा, संदीप रघुवंशी, सुशील गुप्ता, सिद्धनाथ शर्मा, अशोक मौर्या, मदन मोहन दुबे, राजेन्द्र मौर्या, पूर्व पार्षद दिनेश यादव व संदीप त्रिपाठी, मण्डल अध्यक्ष-विवेक पाण्डेय के साथ भाजपा कार्यकर्ता व अधिकारी के साथ स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

नलकूप का शिलान्यास करते महापौर अशोक कुमार तिवारी, क्षेत्रीय पार्षद व अन्य

मो. अरशद बने राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के मीडिया प्रभारी

तरुणमित्र न्यूज

खेतासराय। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद (पंजीकृत), जिला इकाई द्वारा खेतासराय निवासी पत्रकार मोहम्मद अरशद को जिला मीडिया प्रभारी के पद पर नियुक्त किया गया है । उनके मनोयन से सगंठन में हर्ष व्याप्त हो गया। इस संबंध में जिलाध्यक्ष तामीर हसन शीबू ने बताया कि यह नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन व निर्देशानुसार की गई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मोहम्मद अरशद संगठन की गरिमा, उद्देश्य और सिद्धांतों को प्राथमिकता देते हुए निष्ठा और ईमानदारी से पत्रकार हित में कार्य करेंगे तथा संगठन को नई ऊँचाइयों तक पहुंचाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर जिला प्रभारी शशिकांत मौर्य सहित संगठन के अन्य पदाधिकारियों ने भी नवनियुक्त मीडिया प्रभारी को बधाई दी है।

करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

तरुणमित्र न्यूज

जंघई। क्षेत्र स्थित सेमरी बोलियापुर निवासी परमेंद्र यादव की विद्युत करेंट की चपेट में आने से मौत हो गई। रेलवे कर्मचारी विजय बहादुर यादव का दूसरे नंबर का बेटा 35 वर्षीय परमेंद्र शुक्रवार की सुबह 7 बजे इंडक्शन चूल्हे से चाय बना रहा था कि वह करेंट की चपेट में आ गया। परिजन उपचार के लिए स्थानीय चिकित्सकों के पास ले गए किंतु उन्हें बचाया नहीं जा सका।परमेंद्र मुंबई में प्राईवेट सर्विस करते थे। बिमार पिता विजय बहादुर यादव की देखभाल के लिए 2 माह से घर आए हुए थे। परमेंद्र को एक बेटी और एक बेटा है। इस घटना से पुरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

अदालत में हाजिर न होने पर पुलिस ने वारंटी को दबोचा

तरुणमित्र न्यूज

खेतासराय। न्यायालय में हाजिर न होने पर स्थानीय पुलिस ने ग्राम सोंगर निवासी एक वारंटी के यहाँ दबिश देकर हिरासत में ले लिया। पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही के बाद चालान न्यायालय भेज दिया। उक्त गांव निवासी मोहम्मद पुत्र कुतुबुद्दीन के घर पर शुक्रवार को दबिश देकर गिरफ्तार किया गया है, वह किसी मामले में न्यायालय से वांछित था। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष रामाश्रय राय के साथ उपनिरीक्षक शैलेन्द्र कुमार राय, कांस्टेबल विनोद प्रजापति समेत अन्य लोग शामिल रहे।

पीड़िता की तहरीर पर पति सास ससुर समेत चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

मुंगराबादशाहपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के पकड़ी गोदाम मोहल्ला निवासी निधि गुप्ता पुत्री संजय कुमार गुप्ता की तहरीर पर पुलिस ने पीड़िता के पति, सास, ससुर, ननद समेत चार लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है।

पुलिस को दी गई तहरीर में पीड़िता निधि गुप्ता पुत्री संजय कुमार गुप्ता ने बताया है कि उसकी शादी फरवरी 2024 में प्रतापगढ़ जिले के कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के पूरनपुर गांव निवासी अजय कुमार मोदनवाल के साथ हुई थी। निधि का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले उसे आठ लाख रुपए और एक बुलेट मोटरसाइकिल दहेज के लिए पुन: आए दिन प्रताड़ित करते रहे। एक दिन उसे कोई विषाक्त पदार्थ भी पिला दिया जिससे उसकी तबियत बिगड़ने पर सूचना पर मायके वाले ससुराल पहुंचे लोगों ने पुलिस की सहायता से अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के बाद तबियत ठीक हुई । ससुरलीजन के प्रताड़ना से उबकर वह अपने मायके मुंगरा बादशाहपुर थाना क्षेत्र के पकड़ी गोदाम मोहल्ला में आकर रहने लगी। पीड़िता निधि गुप्ता की तहरीर पर मुंगरा बादशाहपुर पुलिस ने उसके पति अजय कुमार मोदनवाल, सास गीता देवी, ससुर कमलेश कुमार मोदनवाल, ननद आंचल मोदनवाल समेत चार लोगों के विरुद्ध सुसंगत धारा के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक दिलीप कुमार सिंह का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

युवक ने लगाई फांसी, मौत

सुजानगंज। क्षेत्र के रामापुर कुन्दहा गांव में बृहस्पतिवार देर शाम को एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। प्राप्त जानकारी अनुसार कुन्दहा ग्राम निवासी अखिलेश पांडेय (अंतिम (25)पुत्र स्व. देव शरण पांडेय बृहस्पतिवार देर शाम को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिए। वहीं मृतक युवक की शादी हुई थी परन्तु पत्नी द्वारा युवक के उपर दहेज प्रथा का मुकदमा दायर किया गया है जो कि न्यायालय में विचाराधीन है। इस संदर्भ में पूछे जाने पर थाना अध्यक्ष सुजानगंज यजुवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सूचना के आधार पर मौके पर पुलिस पहुंचकर लाश को अपने कब्जे में लेते हुए अन्य परिक्षण कराने के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया। वहीं मृतक युवक के स्वजनों के अनुसार युवक के उपर दायर मुकदमे को आपसी समझौते के माध्यम से सुलह करने की कोशिश की गई थी पर मृतक युवक की पत्नी द्वारा मामले में समझौता करने के लिए दस लाख रुपए मांगने पर बात नहीं बन पाई।

जमीनी विवाद में हुई मारपीट, दो घायल

मुफ्तीगंज। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के विझवार सागर गांव में शुक्रवार की सुबह जमीनी विवाद में हुई मारपीट में दो लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह थाना क्षेत्र के विझवार सागर गांव की निषाद बस्ती में प्रभाकर निषाद की विवादित जमीन है जिसपर कोर्ट में मुकदमा भी चल रहा है गांव के ही लालचंद निषाद और बलराज निषाद उक्त जमीन पर मिट्टी पाटने रहे थे जिसके चलते विवाद हो गया था और यू पी 112 पुलिस को फोन करके के बुलाया गया पुलिस आधे घंटे में मौके पर पहुंचने की बात कही जिसपर दोनों पक्ष अपने अपने घर चले गए इसी बीच एक पक्ष का लड़का अनुपम निषाद कोचिंग पढ़कर वापस घर आ रहा था कि दूसरे पक्ष के लोगों ने मारना पीटना शुरू कर दिया शोर होने पर अनुपम के स्वजन मौके पर पहुंच बीच बचाव करने में प्रभाकर पुत्र लालता प्रसाद और अमन निषाद घायल हो गए।

घायलों द्वारा अभिषेक पुत्र लालचंद रामबृक्ष पुत्र श्रीराम उत्कर्ष पुत्र बेद प्रकाश और मुकेश के खिलाफ तहरीर दी गई है। इस उपलक्ष्य में थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर फूल चंद पाण्डेय ने बताया की विवादित जमीन पर मिट्टी पाटने को लेकर विवाद हुआ था। घायल पक्ष की तरफ से चार लोगों के खिलाफ मुकदमा लिखने के लिए तहरीर मिली है घायलों को मेडिकल करवाने के लिए भेज दिया गया है मेडिकल के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

समस्याओं को लेकर हुई किसान पंचायत

जंघई। किसानों की समस्या को लेकर भारतीय किसान यूनियन की एक किसान पंचायत जंघई में सम्पन्न हुई जिसमे भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश सचिव राजनाथ यादव किसानों की समस्या को प्रमुखता से उठाया।

भारतीय किसान यूनियन कार्यालय जंघई पर प्रदेश सचिव राजनाथ यादव की अध्यक्षता किसान पंचायत हुई जिसकी अध्यक्षता करते हुये राजनाथ यादव ने कहा कि जब तक किसानों का संगठन मजबूत नहीं होगा तब तक किसी किसानों को न्याय नहीं मिलेगा आप लोग संगठन को मजबूत करो क्योंकि जिले में कुछ तहसील ऐसे हैं जहां के लेखपाल सरकारी जमीनों को गैर कानूनी ढंग से भूमि माफियाओं को कब्जा कर रहे हैं गरीब किसान तहसील से लेकर के प्रदेश स्तर तक शिकायत करता है लेकिन सुनवाई नहीं हो रहा है इतना ही नहीं माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश का आदेश है कि जिला प्रशासन भूमि माफियाओं के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करें लेकिन वर्तमान समय में माननीय मुख्यमंत्री के आदेशों का पालन भी कुछ जिलों में नहीं हो पा रहा है अंत में राजनाथ यादव प्रदेश सचिव ने कहा कि आप लोग संगठन को मजबूत करो आप लोगों के समस्याओं को मैंने बहुत ध्यान से सुना और सब के समस्याओं को समाधान करने के लिए मैं अपने जिले के उच्च अधिकारियों से बात करूंगा इस मौके पर प्रेम राज मिश्रा विकास प्रजापति, रामसमुझ प्रजापति, सामला पटेल, कृष्ण मुरारी यादव चंद प्रजापति, रेवती यादव अमरनाथ यादव मौजूद रहे।

बार और बेंच ने राष्ट्रपति का मनाया जन्मदिन

उपजिलाधिकारी (न्यायिक) ने काटा केक, दी शुभकामनाएं

तरुणमित्र न्यूज

मछलीशहर। तहसील सभागार में अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं की उपस्थिति में शुक्रवार को भारत की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु का जन्म दिन मनाया गया। उपजिलाधिकारी (न्यायिक) पवन सिंह ने केक काटकर राष्ट्रपति को शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कहा कि भारत की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु असंख्य संघर्षों के बाद भी राष्ट्र और जनसेवा के लिए आपका संकल्प नारी शक्ति के नेतृत्व व सामर्थ्य का जीवंत प्रतीक है। देश के बंचितों और महिलाओं की कल्याण की दिशा में आपका संघर्ष और समर्पण हर किसी को प्रेरित करता है। आपके स्वास्थ्यपूर्ण सुदीर्घ जीवन की हम अब कामना करते हैं। इस अवसर पर तहसीलदार रवि रंजन कश्यप, नायब तहसीलदार विवेक श्रीवास्तव, विक्रम पासवान, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष हुबेदार पटेल, महामंत्री नन्द लाल, वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश चंद्र सिन्हा, अशोक श्रीवास्तव, आरपी सिंह, सुरेंद्र मणि शुक्ला, विनय पांडेय, कमलेश कुमार, अभिषेक सिंह, अंबिका बिंद, अजय सिंह, अनुराग सिन्हा, आलोक विश्वकर्मा के बी सिंह, जितेंद्र श्रीवास्तव, वेद प्रकाश श्रीवास्तव, उमेश श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

केक काटते एसडीएम न्यायिक पवन कुमार।

पुलिस ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

पुलिस हिरासत में वांछित।

बरसठी। पुलिस अधीक्षक के जनपद जौनपुर डॉक्टर कौस्तुभ के आदेशानुसार अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे हैं अभियान के क्रम मेंथाना बरसठी क्षेत्र से 17 जून को भोर मे दो अवयस्क लड़कियां जो अपने घर से बिना बताये चली गयी थी, सूचना पर थाना स्थानीय पर धारा 137(2) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया। प्रभारी निरीक्षक राजेश यादव के नेतृत्व में विवेचना के दौरान उपनिरीक्षक अम्ब्रीश कुमार सिंह द्वारा तत्परता से घटना का अनावरण कर दोनों लड़कियो व भगा कर ले गये अभियुक्त लवकुश गौतम पुत्र सीताराम गौतम निवासी ग्राम दीनापुर मलाई थाना बरसठी जनपद जौनपुर सहित बरामदगी व गिरफ्तारी करते हुए विवेचना से धारा 137 (2), 87, 64, 75 (1) बीएनएस व 3/4,7/8 पाक्सो एक्ट की बढोत्तरी की गयी तथा अभियुक्त लवकुश गौतम को जेल रवाना किया गया तथा अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

महिला ठगी की हुई शिकार, थानाध्यक्ष को दिया प्रार्थना पत्र

बरसठी। क्षेत्र के बघनरी गांव की एक महिला पैसे दोगुने करने के लालच में ठगी का शिकार हो गई। महिला ने अपने परिजनों के साथ थाने पहुचकर पुलिस को लिखित तहरीर देकर कार्यवाई की मांग की है। उक्त गांव निवासी प्रेमलता पत्नी कमलेश कुमार पटेल के अनुसार लगभग दो माह पूर्व मियाचक बाजार में एक महिला मिली थी, जिसने पीड़ित महिला को दो गुना पैसा कमाने का लालच दिया था।

जिसके बाद दोनो में फोन के द्वारा बातचीत होने लगी, ठगी महिला खुद को किसी फाइनेंशियल कंपनी का प्रतिनिधि बताते हुए जल्दी पैसे दोगुना करने की पूरी स्कीम धीरे-धीरे समझाने लगी। पीड़िता प्रेमलता ने बताया कि, पहले तो उसे संदेह हुआ, लेकिन कॉल करने वाली महिला प्रोफेशनल तरीके से बात करते हुए उसे विश्वास में ले लिया। अज्ञात ठगी महिला ने सबसे पहले एक हजार रुपए स्कैनर के माध्यम से निवेश करवाया। पीड़ित महिला ने बताए गए स्कैनर पर राशि भेज दी। कुछ घण्टों बाद कॉलर ने महिला को बताया कि उसकी राशि दोगुनी हो गई है और अब फिर पैसे भेजे जिससे अधिक राशि दोगुनी हो जाए। यह सुनकर प्रेमलता को भरोसा हो गया कि यह स्कीम सच्ची है इसके बाद प्रेमलता ने परिवार एवं गांव के कुछ लोगो से उधार पैसे मांगकर करीब दस बार में लगभग दो लाख रुपए स्कैनर के माध्यम से ट्रांसफर कर दिया। समय बीतने के बाद जब कर्ज दिए लोग पीड़िता से अपने पैसे की मांग करने लगे तो प्रेमलता ने ठगी महिला से संपर्क करना चाहा, तो पाया कि उसका नंबर बंद हो चुका था। ठगी का एहसास होते ही पीड़ित प्रेमलता शुक्रवार को अपने परिजनों के साथ बरसठी थाने पर अज्ञात महिला के खिलाफ लिखित तहरीर दिया है।

सात घंटे बाधित रहेगी विद्युत उपकेंद्र जलालपुर और सेहमलपुर की लाइन

जलालपुर। 33केवी लाइन जमा योजना अंतर्गत कुंवर हरिवंश सिंह नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज जगरनाथपट्टी जगदीशपुर परिसर से शिफ्ट किया जाना है। सभी सम्मानित उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि उक्त कार्य हेतु 21 जून को सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक 33केवी जलालपुर लाइन से पोषित विद्युत उपकेंद्र जलालपुर और विद्युत उपकेंद्र सेहमलपुर से निर्गत समस्त 11केवी की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जेई कृपा शंकर पटेल व उपखंड अधिकारी जलालपुर मनीष कुमार ने दिया है।

पुलिस ने पांच गोवंशों को पकड़ा, एक गिरफ्तार

रामपुर। प्रभारी निरीक्षक देवानंद रजक द्वारा पुलिस फोर्स के साथ गुरुवार की रात क्षेत्र में रात्रि गस्त में निकलकर अवैध ले जा रहे गोवंशों, संदिग्ध वाहनों की चेकिंग करते हुए रामपुर से भरथीपुर की तरफ नहर के रास्ते जा रहे थे कि जरिये मुखबिर सूचना मिला कि एक पीकप जिसमें गोवंश लदा हुआ है,भरथीपुर से रामपुर की तरफ नहर के रास्ते जा रहा है, जिसका कुछ लोग मोटर साईकिल से पीछा कर रहे है। इस सूचना पर प्रभारी निरीक्षक देवानंद रजक ने रात्रि गश्त कर रहे उपनिरीक्षक संतोष कुमार सिंह व हेड कांस्टेबल त्रिलोकीनाथ सिंह को वाहन संख्या यूपी 62 एजी 0274 द्वितीय मोबाइल से भरथीपुर की तरफ से पीछा करने को बताया गया। साथ ही हेड कांस्टेबल ओमप्रकाश मिश्रा, कांस्टेबल विश्वास पाण्डेय व हेड कांस्टेबल सूरज सोनकर, कांस्टेबल पकंज यादव, विनोद यादव, रवि चौरसिया, विश्वास पाण्डेय को भरथीपुर के तरफ से नहर के रास्ते पर घेराबन्दी करने के लिए सूचित किया गया। इसके बाद चारों तरफ से पुलिस फोर्स ने घेराबन्दी करते हुए ग्राम बौरिया के पास एक पिकअप दिखाई पड़ा। जिसमें क्रूरता पूर्वक बांधे गये 05 गोवंश बछड़ा के साथ दिखाई पड़ा। उस समय रात्रि के करीब 01.35 बज रहे थे।

पुलिस ने पिक पर सवार एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया जबकि शेष दो लोग मौके से अन्धेरे का फायदा उठाकर भाग गये। पूछताछ में गिरफ्तार युवक ने अपना नाम अजीत गौतम पुत्र स्व. राधेश्याम गौतम निवासी रघुनाथपुर थाना रामपुर जनपद जौनपुर बताया। पुलिस की माना जाए तो गिरफ्तार युवक अपने साथियों के साथ गोवंशों को बेचने के लिए ले जा रहा था। गिरफ्तार शुदा अभियुक्त के विरुध्द थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत करते हुए चालान न्यायालय भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक देवानंद रजक ने बताया कि फरार दो अभियुक्तों की पुलिस तलाश में जुटी हुई है।

पुलिस हिरासत में आरोपित।

सभी निकायों में पालीथिन प्रतिबंध एवं जब्ती करने के लिए अभियान चलाकर करें कार्यवाही: एडीएम

- नगर पालिका सहित समस्त नगर पंचायतों में कराए गए कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न
- वर्षा ऋतु से पूर्व नाला, नाली की साफ-सफाई का कार्य पूर्ण कराने के लिए निर्देश

कार्यालय में मासिक समीक्षा बैठक करते अपर जिलाधिकारी।

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। अपर जिलाधिकारी प्रभारी अधिकारी नगरीय निकाय सत्यप्रिय सिंह की अध्यक्षता में माह मई तक नगर पालिका सहित समस्त नगर पंचायतों में कराए गए कार्यों की समीक्षा बैठक शुक्रवार को अपर जिलाधिकारी कक्ष में संपन्न हुई। जहां समस्त निकायों द्वारा कराए गए कार्यों का सत्यापन समस्त अधिशासी अधिकारी की उपस्थिति में अपर जिलाधिकारी द्वारा की गई।

समीक्षा के दौरान अपर जिलाधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि नगर निकायों में फागिंग, एंटी लार्वा आदि का नियमित रूप से छिड़काव कराते रहें। वर्षा ऋतु से पूर्व नाला, नाली की साफ सफाई का कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करे। निकायों द्वारा कर एवं करेंत्तर देयों की वसूली शत प्रतिशत पूर्ण करा लें। इसके अलावा 15वां वित्त एवं अवस्थापना निधि से स्वीकृत कार्यों को ससमय पूर्ण कराने के निर्देश दिए। वंदन योजना, पंडित दीनदयाल नगर विकास योजना एवं आकांक्षी योजना सहित अन्य योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की समीक्षा की गई। कूड़ा निस्तारण हेतु समस्त अधिशासी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए कि किसी भी दशा में कूड़ा एवं साफ-सफाई में लापरवाही न हो अन्यथा की स्थिति में संबंधित अधिशासी अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। निराश्रित गोवंश के लिए गौशाला में भूसा-चारा आदि के प्रबंध हेतु समस्त अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया गया। गर्मी को दृष्टिगत सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल हेतु समस्त अधिशासी अधिकारियों को व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सभी निकायों में पालीथिन प्रतिबंध एवं जब्ती करने के लिए अभियान चला कर कार्यवाही करें।

बैठक के दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सहित समस्त अधिशासी अधिकारी उपस्थित रहे।

254 लीटर अंग्रेजी शराब संग शातिर गिरफ्तार

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। पुलिस अधीक्षक इलामारन जी के निर्देशन में अवैध शराब कारोबार/कारोबारियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को 254 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब सहित एक शातिर कारोबारी को गिरफ्तार किया गया। थाना सरायलखन्सी पुलिस व आबकारी आजमगढ़ टीम देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान भुजौटी रामबृक्ष का मकान से 254.16 लीटर कुल 400 पीस अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक अभियुक्त पवन कुमार अस्थाना पुत्र त्रिवेणी लाल अस्थाना निवासी बागबहार थाना पवई जनपद आजमगढ़ को गिरफ्तार किया गया। उक्त के सम्बन्ध में थाना सरायलखन्सी पर मु0अ.सं. 284/2025 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम व 318(2) बी.एन.एस. पंजीकृत कर चालान न्यायालय किय गया।

जिलाधिकारी ने ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का प्रतिनिधियों संग किया अंतरिक निरीक्षण

निर्वाचन आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र द्वारा ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का आंतरिक निरीक्षण शुक्रवार को किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा समस्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस में लगे सील पैक ताले को खुलवाया गया। इसके उपरांत ईवीएम/वीवीपैट की मशीनों के रख रखाव की स्थिति का जायजा भी लिया गया।

जिलाधिकारी ने वेयरहाउस के चारों तरफ लगाए गए सीसीटीवी कैमरो की सक्रियता, कंट्रोल रूम, कक्षवार विद्युत आपूर्ति, खिड़कियों एवम् रोशनदानों को सुरक्षित रखने के उपायो सहित अन्य बिंदुओं का निरीक्षण किया। उन्होंने वेयरहाउस के बाहर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से वाह्य सुरक्षा व्यवस्था की अनवरत निगरानी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस की सुरक्षा के दृष्टिगत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ही उन्होंने सुरक्षा गार्ड्स की शिफ्ट वार तैनाती सहित वेयरहाउस की अन्य सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

निरीक्षण के समय अपर जिला अधिकारी सत्यप्रिय सिंह, भाजपा से सुनील यादव, इंडियन नेशनल कांग्रेस से रामकरण यादव, भाकपा प्रतिनिधि अब्दुल अजीम खां, बीएसपी से गोरखनाथ, सपा से रामधनी चौहान, आप पार्टी से अवधेश मौर्या तथा संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

वेयरहाउस का निरीक्षण कर बाहर आते राजनीतिक दल के लोग संग डीएम व एडीएम।

पत्रकार प्रवीण राय के बड़े भाई आलोक राय का निधन

दाह संस्कार में सैकड़ों की संख्या में शामिल हुये लोग

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। जनपद के दोहरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम सभा कोरौली निवासी मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति के जिलाध्यक्ष प्रवीण राय के बड़े भाई आलोक राय (48 वर्ष) का वाराणसी के एपेक्स हॉस्पिटल में इलाज के दौरान गत दिवस गुरुवार को निधन हो गया जहां रात 8.30 बजे अंतिम सांस ली। वहां से उनका पार्थिव शरीर वाराणसी से रात में ही गांव आ गया। निधन का समाचार पर घर पर सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंचे हुये थे। शुक्रवार की सुबह 9 बजे अंतिम संस्कार हेतु मुक्ति धाम, दोहरीघाट के लिये शव यात्रा प्रारंभ हुई। शमशान घाट पर 14 वर्षीय बालक मंगलम राय ने पिता के शव को मुखाग्नि दिया। ज्ञातव्य हो कि लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व स्व.आलोक राय के पिता डा.नागेन्द्र राय व

स्व.आलोक राय।

दादी का एक ही दिन निधन हो गया। उसके गम से अभी पत्रकार प्रवीण राय उबर नहीं पाये थे कि बड़े भाई के निधन से उनके ऊपर जिम्मेदारियों का बोझ आ पड़ा है। स्व.आलोक के निधन से उनकी धर्मपत्नी नीतू राय, पुत्र मंगलम राय और पुत्री राज नंदिनी, चाचा विनय शंकर राय के करुण क्रन्दन से लोगों का दिल पसीज जा रहा था। उनके निधन का समाचार सुनते ही पत्रकारों, समाजसेवियों, राजनेताओं, चिकित्सक, अधिवक्ता, व्यापारियों, अधिकारी, कर्मचारियों व सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त किया। वहीं अपने बालसखा स्व. आलोक राय के निधन पर स्वतंत्र व वरिष्ठ पत्रकार रंजीत राय काफी दुखित रहे। बीते कुछ माह से स्व.आलोक राय उर्फ नन्हें के अस्वस्थ होने पर बराबर उनके संपर्क में रहे रंजीत राय ने आखिरी समय में मऊ से वाराणसी तक के इलाज के समय अस्पताल में उनकी सेवा में लगे रहे। शमशान घाट पर पहुंचने वालों में ब्लाक प्रमुख प्रदीप राय, प्रबन्धक धर्मेन्द्र राय, राजेश राय, सांसद प्रतिनिधि प्रभात राय, भाजपा नेता संतोष राय, सूरज राय, विनय राय 'बंटी', रामानुज सिंह, अवधेश राय, पत्रकार सुवाष यादव, रजनीकान्त पाण्डेय, नागेन्द्र राय, विश्वजीत उपाध्याय, संजय राय, रंजीत राय, किंकर सिंह, पिन्टू मिश्रा, विमल राय, जनार्दन मिश्रा, नवीन राय, अमित राय, ऋषि राय, जितेन्द्र वर्मा, नवरतन शर्मा, साहिद, राजीव सिंह, विनोद शर्मा, रविशंकर राय, भीम राय, बिपिन राय, गौरव राय, पवन राय, विक्टर राय, सत्येंद्र राय, मुन्नू आचार्य, वीरेंद्र उपाध्याय, रजनीश राय, प्रदीप नारायण राय, गोपाल राय शर्मा, दिवाकर राय, पंकज राय, ब्रजेश राय, अमित यादव, कोरौली के रमेश राय, संजय राय, अमियचन्द यादव, पंकज राय, गणेश उपाध्याय, चन्द्रभान पाठक, लल्लन राय, मनोज राय, राजेश राय आदि लोग उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

रैली कर किया जागरुक, विहंगम योग आज

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। शारदा नारायण इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज पहसा गढ़वा पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पहले रैली निकालकर लोगों को योग दिवस पर विहंगम योग शिविर में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया। चेयरमैन डॉ संजय सिंह, चेयरपर्सन डॉ एकिका सिंह, मेडिकल डायरेक्टर डॉ सुजीत सिंह, एंब्रियोलाजिस्ट डॉ मधुलिका सिंह, डॉ ईना यादव, कालेज प्राचार्य पल्लवी राय एवं प्रबंधक शिव कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजित यह रैली पास के दो गांवों में निकाली गई। चेयरमैन ने बताया कि भारतीय योग को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिलना हम सबके लिए गौरव का विषय है।

विश्व योग दिवस से पूर्व लोगों को आयोजित शिविर में अथवा अपने स्तर पर ही योग करने के लिए प्रेरित किया गया। शनिवार को कालेज में विहंगम योग शिविर का आयोजन किया गया है जो प्रातः सात बजे से आरंभ होगा।

वांछित अभियुक्त डाक्टर गिरफ्तार

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। पुलिस अधीक्षक इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गत दिवस गरुवार को असलहे के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। थाना रामपुर पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान ग्राम फतहपुर नहर के पुलिया के पास से मु.अ.सं. 66/25 धारा 298 बी.एन.एस. व 7 सीएलए एक्ट व 27/30 आयुध अधिनियम में वांछित अभियुक्त डाक्टर उर्फ मो.शादाब पुत्र अरसद निवासी औरंगाबाद नई बस्ती थाना दक्षिण टोला को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से एक लाइसेन्सी राइफल व 2 जिन्दा कारतूस बरामद हुआ जिसे चालान न्यायालय किया गया।

गड्ढे में पलटने से बाइक चालक गंभीर

तरुणमित्र न्यूज

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। राजकीय मार्ग स्थित मढैया चट्टी के पास मुन्ना कुमार पुत्र कुमार उम्र 55 वर्ष जो किसी कार्य हेतु मऊ से वापस मुहम्मदाबाद गोहना आ रहे थे की एक जानवर को बचाने के चक्कर में मोटरसाइकिल लेकर गहरे गड्ढे में पलट गए। बाद में आसपास के लोगों ने इसकी सूचना 108 नंबर एंबुलेंस को दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले गए पूछे जाने पर मुन्ना कुमार ने अपना पता ग्राम कसारी खुरहट बताया। कुछ ही देर में घटना के बारे में परिजन को लोगों के जरिए हुई जिसके तुरंत बाद परिजन अस्पताल की ओर रवाना हो गए।

एलआईसी शाखा पर आयकर विभाग ने चलाया जागरूकता कार्यक्रम

तरुणमित्र न्यूज

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। जिला मुख्यालय स्थित भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा पर आयकर विभाग के तत्वाधान में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस मौके पर आयकर अधिकारी संतोष कुमार ने आयकर विवरण के संबंध में कर का भुगतान समय से करने की अपील किया। आयकर के भुगतान से विवरणी दाखिल करने में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न होने पाये। इसके लिए आप लोग विशेष ध्यान दें और आयकर के नियमावली का भी पालन करें। इस मौके पर मुख्य शाखा प्रबंधक चंद्र प्रकाश शुक्ला, सुशील कुमार सिंह, अभिषेक कुमार, हिमकर समेत आयकर विभाग के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

रुक-रुक कर हुई बारिश से गर्मी से राहत

तरुणमित्र न्यूज

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। कई दिनों से पढ़ रही भीषण गर्मी के चलते जहां आमजन परेशान थे वही दो दिनों से हुई रुक-रुक कर बारिश के कारण जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली है। जबकि गुरुवार एवं शुक्रवार को रुक-रुक कर हुई बारिश के चलते तापमान में भी काफी कमी आई। जबकि यह बारिश किसानों के लिए संजीवनी का काम कर रही है शुक्रवार को तापमान काफी कम रहा और लोग यह कह रहे थे कि अब लग रहा है की बारिश कई दिनों तक होगी जिसके चलते लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

अज्ञात हमलावरों ने युवक को मारी गोली, हालत गंभीर

तरुणमित्र न्यूज

मधुबन (मऊ)। रामपुर थाना क्षेत्र के दुलैचा गांव के एक युवक पर अज्ञात बदमाशों द्वारा गोली मारने से हालत गंभीर हो गई है। बताया जा रहा है कि दुलैचा के संजय कुमार पुत्र सुरेन्द्र को गुरुवार की रात में कुछ अज्ञात हमलावरों ने गोली मार दिया। घायल संजय का वाराणसी में ईलाज चल रहा है। खबर लिखे जाने तक इस मामले में थाने में कोई तहरीर नहीं मिला था।

वारण्टी धराया

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। थाना दक्षिण टोला पुलिस द्वारा शुक्रवार को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान 01 वारण्टी अभियुक्त गिफ्तार किया गया। उक्त वारण्टी अभियुक्त जमील उर्फ मोकादम पुत्र मुस्ताक अहमद निवासी डोमनपुरा थाना दक्षिण टोला की गिरफ्तारी के पश्चात चालान न्यायालय किया गया।

बाढ़ आपदा पर राज्य स्तरीय मॉक ड्रिल की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। अपर जिलाधिकारी सत्यप्रिय सिंह की अध्यक्षता में बाढ़ आपदा पर राज्य स्तरीय मॉक ड्रिल 26 जून के आयोजन के पूर्व तैयारियों को लेकर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों से संबंधित तहसील के अंतर्गत बाढ़ से प्रभावित होने वाले ग्राम पंचायतों की जानकारी ली गई। एडीएम ने समस्त उप जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि अपने तहसील के अंतर्गत बैठक कर लें जिसमें बाढ़ से प्रभावित होने वाले प्रथम ग्राम पंचायत से लेकर 10 ग्राम पंचायतों का चिन्हीकरण कर लें। जहां मुख्य रूप से संपर्क मार्ग, कृषि का कितना भाग प्रभावित होगा इसका निश्चित रूप से अवलोकन कर लेंगे।

कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते एडीएम सत्यप्रिय सिंह।

साथ ही संबंधित ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले समस्त कर्मचारियों का मोबाइल नंबर अवश्य अपडेट कर लें, जिससे समय पर किसी भी कर्मचारी से संपर्क किया जा सके। उन्होंने समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों को सहित संबंधित अन्य अधिकारियों के जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। एडीएम ने कहा कि मॉक ड्रिल के दिन एनसीसी, एनएसएस, नेहरू युवा केंद्र, प्रांतीय रक्षा दल एवं विद्यालयों के बच्चों को संबंधित अधिकारी अपने साथ लेकर उपस्थित रहेंगे जिससे मॉक ड्रिल के समय होने वाले गतिविधियों को बच्चे देखें और जाने। इसके अलावा संबंधित उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायक तहसीलदार, क्षेत्राधिकार, थानाध्यक्ष सहित अन्य विभाग के अधिकारी अपने टीम के साथ उपस्थित रहेंगे।

बैठक के दौरान डीसी मनरेगा उपेंद्र पाठक, वरिष्ठ कोषाधिकारी संजय गुप्ता, जिला पूर्ति अधिकारी विकास गौतम, नगर मजिस्ट्रेट, समस्त उप जिलाधिकारी, नगर क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार पाण्डेय सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

चेकिंग अभियान में आठ स्थानों से 13 वाहनों का हुआ चालान

तरुणमित्र न्यूज

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। पुलिस अधीक्षक इलमारन जी के आदेश के क्रम में गुरुवार संध्या पुलिस ने लगभग 8 स्थान पर वाहनों की जांच की जांच के दौरान 13 दो पहिया वाहन के चालक द्वारा गाड़ी के कागजात अधूरा दिखाने पर गाड़ियों का ई-चालान किया गया। कोतवाल रविंद्र नाथ राय के नेतृत्व में पुलिस ने कैलेंडर तिराहा बॉर्डर वलीदपुर जीयनपुर मार्ग सिकठिया मोड खैराबाद मुबारकपुर मार्ग एवं करहा मार्ग पर वाहनों की जांच की गई जांच के दौरान चालक द्वारा कागजात नहीं देने पर वाहनों का ई चालान किया गया इस दौरान उप निरीक्षक लाल साहब गौतम सरफराज खान अरविंद कुमार यादव वैभव कुमार पांडे अनिल सिंह जितेश मिश्रा मंजेश कुमार कांस्टेबल निर्भय सिंह अंशुमन शुक्ला अखिलेश यादव मनसा चौरसिया आज पुलिसकर्मी विभिन्न स्थानों पर तैनात रहे।

अभाविप मऊ नगर के कार्यकारिणी का हुआ गठन

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मऊ जिले की नगर इकाई का गठन गत दिवस गुरुवार को जिला पंचायत सभागार में संपन्न हुआ।

जिसमें मुख्य रूप से विभाग संगठन मंत्री अमन गौंड, विभाग संयोजक यशु सिंह, जिला संयोजक अनन्या शर्मा एवं चुनाव अधिकारी के रूप में प्रांत खेलो भारत संयोजक सूर्य भूषण द्विवेदी उपस्थित रहे। सूर्य भूषण द्विवेदी चुनाव अधिकारी के रूप में नगर अध्यक्ष डॉ घनश्याम दुबे एवं नगर मंत्री अविनाश साहू के नाम की घोषणा की। इसके साथ-साथ नगर उपाध्यक्ष डॉ शताक्षी सिंह, पूनम सिंह, आयुष चौरसिया, विशाल सिंह व नगर सहमंत्री सूरज यादव, अंजली सिंह, सलोनी सिंह, नेहा कुमारी, नितिन विश्वकर्मा, एसएफडी संयोजक मनीषा, सहसंयोजक सुजल सिंह, एसएफएस संयोजक आशुतोष गुप्ता, राष्ट्रीय कला मंच संयोजक सुप्रिया सिंह, सहसंयोजक प्राची श्रीवास्तव, खेलो भारत संयोजक सत्यम सिंह, सोशल मीडिया संयोजक नवीन चंद्र प्रजापति, नगर कार्यकारिणी में अर्पित उपाध्याय अभिनव कुमार, महक अग्रवाल, तनु यादव के नाम की घोषणा हुई। प्रांत सह मंत्री शशिकांत मंगलम ने नवीन कार्यकारिणी को शुभकामनाएं प्रेषित की और विद्यार्थी परिषद के कार्यों को अपने अनुभव को साझा किया और कहा कि मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है की मऊ नगर केंद्र की यह कार्यकारिणी पूरे मनोयोग से संगठन कार्य का विस्तार करेगी और छात्र हित राष्ट्रहित मैं कार्य करने के साथ-साथ सामाजिक क्षेत्र की समस्याओं का समाधान भी करेगी।

आगामी 21 जून योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम, तहसील अभ्यास वर्ग, विद्यार्थी एवं शिक्षक सदस्यता के विषयों पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर आयुष पाल, शुभम गुप्ता, अंकित सिंह, प्रज्ञा मिश्रा, जय सिंह आदि मौजूद रहे।

बाइक सवार युवक को बदमाशों ने मारी गोली, हालत गंभीर

निमंत्रण से लौटते समय बदमाशों ने घटना को दिया अंजाम

तरुणमित्र न्यूज

मधुबन (मऊ)। रामपुर थाना क्षेत्र के निधियांव गांव के पास निमंत्रण कर घर लौट रहे एक युवक को अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। आनन फानन में खून से लथपथ युवक को उपस्थित लोग रामपुर थाने ले गये। तदोपरांत पीआरडी के जवानों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जहां उसकी हालत को गंभीर से चिकित्सक ने हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। बताया जाता है कि रामपुर थाना क्षेत्र के कंधरापुर निवासी संजय कुमार भारती पुत्र सुरेंद्रनाथ भारती 30 वर्ष गुरुवार को अपनी मोटरसाइकिल से रसूलपुर आदमपुर उर्फ रामपुर के चांदपुर मजरा में निमंत्रण करने के लिए गया हुआ था। देर रात लगभग 1 बजे वापस घर लौट ही रहा था कि निधियांव गांव के पास चार अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने पीछा कर फायर करना शुरू कर दिया। जिसमें संजय कुमार भारती को भागते समय पीठ में एक गोली लग गई। और वहीं खून से लथपथ होकर गिर पड़ा गिरने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। गोली की आवाज सुनते ही आसपास के तमाम लोग जमा हो गए। और उसे घायल अवस्था में रामपुर थाना ले गए। जहां पीआर आरडी के जवानों ने 108 एंबुलेंस की सहायता से उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां स्थिति गंभीर देख चिकित्सक ने हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।

इस बाबत जब रामपुर थाना प्रभारी से संपर्क करने कि कोशिश किया गया मगर रामपुर थाना प्रभारी ने फोन उठाने कि जहमत नहीं उठाया।

अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी घोसी मऊ, जनपद- मऊ मुकदमा नम्बर-टी202415510200670 धारा-116 उ.प्र.रा.सं.2006, सा.ग्राम-धरौली, परगना व तहसील-घोसी जनपद-मऊ। मुखलाल बनाम नसरूद्दीन आदि। बनाम नसरूद्दीन पुत्र मुमताज अली, 2-शिवकुमारी पत्नी राजेन्द्र, सा.ग्राम-धरौली, परगना व तहसील-घोसी जनपद-मऊ। 3- क्रान्ति पुत्र मोहन, साकिन बड़ागांव, परगना व तहसील-घोसी जनपद-मऊ।--- प्रतिवादीगण। दरगाह वादी ने आपके नाम एक नालस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 24 माह 06 सन् 2025 बवक्त 10 बजे के अदालत या मार्फत वकील पेशी मुकदमे के हालात में करार वाकिफ हो गया है और कुल उमरान अहम मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सकें जिसके साथ और कोई शक्स हो जो कि जवाब ऐसे सवालात दे हाजिर हो और जवाबदेही दावा करे और आप की लाजिमी है कि उसी रोज है जुमैला दस्तावेज पेंश करें जिन पर आप बताईद अपनी जवाबदेही इस्तेमाल करना चाहते हैं। आपको इत्तला दी जाती है अगर ता0 मजकूर पर आप हाजिर होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मससूअअ और फैसला होगा बसख्स मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज व तारीख 10 माह 06 सन् 2025 ई0 को जारी किया गया। तारीख पेशी 24-06-2025 आज्ञा से- उपजिलाधिकारी

शांति भंग में पांच लोगों का हुआ चालान

तरुणमित्र न्यूज

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग गांव में जमीनी विवाद पारिवारिक विवाद को लेकर कहासुनी के बाद मारपीट के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को पांच लोगों का शांति भंग में न्यायालय चालान किया।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कबीराबाद में रामधारी गुप्ता पुत्र श्याम देव द्वारा किसी बात को मानने से तैयार न होने पर नोक झोक करने एवं झगड़ा करने के मामले में पुलिस ने शांति भंग में न्यायालय चालान किया इसी क्रम में कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भात कोलं निवासी विवेक शर्मा एवं अब्दुल द्वारा आपसी कहा सुनी तथा मारपीट को लेकर तू-तू मैं-मैं करने एवं नोक झोक करने के मामले में पुलिस ने इन दोनों का शांति भंग में न्यायालय चालान किया।

इसी क्रम में कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सौसर्वा निवासी रचना सिंह पुत्र प्रमोद सिंह पति-पत्नी के बीच विवाद को लेकर कहा सुनी के मामले में पुलिस ने शांति भंग में न्यायालय चालान किया। इस प्रकार पुलिस ने कुल 5 लोगों का अलग-अलग मामले में शांति भंग में न्यायालय चालान किया।

जनहित की समस्याओं का निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता हो: तहसीलदार

तरुणमित्र न्यूज

घोसी (मऊ)। तहसील सभागार में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में तहसीलदार डॉ. धर्मेंद्र पांडेय ने क्षेत्र में नव नियुक्त लेखपालों के साथ परिचयात्मक बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक का उद्देश्य लेखपालों को उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराना और राजस्व संबंधी कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करना रहा। बैठक में लेखपालों को जनहित से जुड़ी समस्याओं को सर्वोच्च प्राथमिकता पर निस्तारित करने की सख्त हिदायत दी गई।

तहसीलदार डॉ. पांडेय ने कहा कि "आप सभी का कार्य न केवल प्रशासनिक व्यवस्था का संचालन है, बल्कि जनता का कानून पर विश्वास बनाए रखना भी आपकी जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी राजस्वकर्मियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकरण में पक्षपात या पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर निर्णय न लें। "आपको दोनों पक्षों की बात निष्पक्ष रूप से सुननी चाहिए और भौतिक स्थिति का अवलोकन करके ही निर्णय लेना चाहिए" उन्होंने कहा। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि कोई भी अधिकारी या कर्मचारी नियमों से हटकर किसी प्रकार के दबाव या प्रलोभन में आकर कार्य न करे।

कक्ष में लेखपालों को कानूनी जानकारी देते तहसीलदार डॉ. धर्मेंद्र पांडेय।

स्वामित्व योजना पर विशेष बल- डॉ. पांडेय ने स्वामित्व योजना के अंतर्गत भूमि सर्वेक्षण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि "शेष स्वामित्व सर्वे कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करें ताकि ग्रामीणों को उनके अधिकारिक दस्तावेज प्राप्त हो सकें और भूमि विवादों में कमी आए।"

समस्याओं का समाधान ही प्राथमिकता- तहसीलदार ने जनहित की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने का संदेश देते हुए कहा कि लेखपालों की भूमिका जमीनी स्तर पर शासन की योजनाओं को लागू करने में सबसे अहम होती है। "आपकी सक्रियता और संवेदनशीलता से ही प्रशासनिक भरोसे को मजबूती मिलती है," उन्होंने कहा।

बैठक में ये लोग रहे मौजूद- इस अवसर पर लेखपाल संघ अध्यक्ष अरविंद पांडेय, गौरव राय, सुधाकर, जयप्रकाश यादव, मतीन खान, पारसनाथ, अजय चौहान, दिनेश, मनीष मिश्रा, कमलेश यादव विवेक सिंह, आशीष यादव, राम आशीष सिंह सहित अन्य राजस्वकर्मी व तहसील अधिकारी मौजूद रहे।

संस्थापक सम्पादक- स्व. कैलाशनाथ

श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट धरनीधरपुर, जौनपुर एवं तरूणमित्र मीडिया प्रा0लि0 द्वारा तरूणमित्र हि0दै0 के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक आदर्श कुमार* द्वारा मीडिया टेक्स्ट प्रा0लि0, रोहनिया जी0टी0 रोड, वाराणसी से मुद्रित एवं 631, उमरपुर हरिबन्धनपुर, जौनपुर से प्रकाशित।

आर.एन.आई पंजीयन सं. 353710/78 (मो0:- 9452984488)

फोनः-समाचार कक्ष-(05452) 358728, 05452-470147

E-mail : tarunjnp@rediffmail.com, tarunjaunpur@gmail.com

* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद जौनपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

मुख्यालयः- 47 धरनीधरपुर, जौनपुर (उ0प्र0)

नाई समाज की बेटी अन्नु ने नीट परीक्षा किया उत्तीर्ण, सम्मान समारोह आयोजित

शिक्षा से होगा विकास : जयप्रकाश ठाकुर

तरूणमित्र न्यूज

गाजीपुर। आज मोहम्मदाबाद तहसील अंतर्गत ग्राम सभा बैरान निवासी अन्नु ठाकुर पुत्री मनोज कुमार ठाकुर की नीट परीक्षा मैं सफलता पाने के उपलक्ष में भारतीय नाई सविता सलमानी महासभा गाजीपुर उत्तर प्रदेश एवं सहयोगी संस्था Zee72News द्वारा मोहम्मदाबाद तहसील की पहली बेटी अन्नु ठाकुर द्वारा नीट की परीक्षा की सफलता पर अभिनंदन और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अतिथियों ने कहाकि शिक्षा से ही समाज का विकास होगा।

इस मौके पर संस्था के जिला अध्यक्ष जयप्रकाश ठाकुर, सलमान सईद, संतोष ठाकुर, अनिल शर्मा, एडवोकेट खान अहमद जावेद, गोविंद ठाकुर के साथ ही साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर राम भवन शर्मा जी द्वारा होनहार बिटिया को बधाई तथा आशीर्वाद दिया और इस बिटिया ने पूरे समाज को एक दिशा दिखाई है। उस पर चलने की जरूरत है।

इस अवसर पर नई समाज के अलावा ग्राम प्रधान बैरान सोनू यादव, डायरेक्टर विजेंद्र यादव नाजिम रजा और रामायण ठाकुर तथा बच्ची के अन्य रिश्तेदार उपस्थित थे तथा पूर्व आर्मी मेजर अनिल यादव भी बच्ची को आशीर्वाद दिया।

विशाल भंडारे के साथ समापन

बरदह। बरदह थाना क्षेत्र के कुडिहर ग्राम सभा में, श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 11 जून से 18 जून तक विशाल भंडारे के साथ संपन्न हुआ। बता दें 11 जून से श्रीमद् भागवत गीता का पाठ विद्वान ब्राह्मणों द्वारा जिसमें आचार्य धर्मवीर चौबे जी महराज,पंडित राजकुमार मिश्रा, प्रेम पाठक जिंदोपुर के द्वारा किया गया। शाम करीब 6.00 बजे से रात्रि 9.00 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाता था जहां पर काफी संख्या में गांव की महिलाएं पुरुष बच्चे सभी लोग आते थे। और श्रीमद् भागवत कथा का आनंद लेते थे भक्ति रस का पान करते थे। जिसका समापन 18 जून को भव्य हवन पूजन यज्ञ के साथ किया गया। जहां पर गांव की काफी संख्या में महिलाएं पुरुष आए हुए थे।

ग्रामीणों ने लोडिंग अनलोडिंग ट्रांसफार्मर के लिए की शिकायत

बरदह। बरदह विद्युत उपकेंद्र से संबंधित बरदह चौराहे पर लगा हुआ 100 केवीए का ट्रांसफार्मर जिससे बरदह गांव में विद्युत आपूर्ति की जाती है पिछले दो दिन से वह जल गया था और 18 जून बुधवार को लगभग 4.00 बजे ट्रांसफार्मर आजमगढ़ से आया और उसे जोड़ दिया गया उम्मीद है कि 19 जून की सुबह या दोपहर तक सप्लाई चालू हो जाएगी, लेकिन ग्रामीणों के सामने ट्रांसफार्मर आने के बाद उसे चढ़ाने और उतारने की समस्या आ रही है। ट्रांसफार्मर काफी भारी होने के कारण उसे 15 से 20 लोग चढ़ने और उतारने के लिए चाहिए एक रिस्क भी बना रहता है जिससे लोगों को चोटिल होने की संभावना रहती है।

बताते चले की 18 जून को ट्रांसफार्मर किसी तरीके से उतर गया और पुराने ट्रांसफार्मर को खोलकर जैसे ही चढ़ाने का प्रयास किया गया ट्रांसफार्मर ग्रामीणों के हाथ से छूट गया और गिर पड़ा जिससे उसमें से तेल का रिसाव होने लगा मौके पर विद्युत उपकेंद्र के दो कर्मचारी मौजूद थे और 15 से 20 की संख्या में ग्रामीण थे लेकिन इसके बावजूद भी ट्रांसफार्मर का वजन काफी ज्यादा होने के कारण ट्रांसफार्मर चढ़ाने और उतारने में काफी मशक्कत का सामना करना पड़ता है। हर बार ट्रांसफार्मर चढ़ाने उतारने को लेकर आसपास के लोगों का इंतजार करना पड़ता है क्या शासन प्रशासन इसके लिए किसी भी प्रकार के कर्मचारियों की नियुक्ति नहीं किया है या जनता को अंधेरे में रखकर ट्रांसफार्मर को अनुचित तरीके से लोडिंग अनलोडिंग करवाया जा रहा है जिससे आए दिन बड़ा खतरा होने की संभावना बनी हुई है और जो सरकारी मद काफी नुकसान होगा वह अलग ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से अनुरोध किया कि ट्रांसफार्मर भेजने के साथ-साथ उसके लोडिंग अनलोडिंग की व्यवस्था भी कराई जाए जिससे आसानी से सभी कार्य संपन्न हो सके। छोटाई विश्वकर्मा ऋषभ तिवारी अविनाश तिवारी अवनीश तिवारी सत्यम तिवारी अभिषेक तिवारी राकेश लाइनमैन नूर मोहम्मद मुस्लिम अंबरीश इकबाल ट्रेलर बबलू तिवारी शिव प्रकाश तिवारी विजय तिवारी छबील मोदनवाल रामदास तिवारी आदि ग्रामीणों ने लोडिंग अनलोडिंग की व्यवस्था करने की मांग की है।

ई रिक्शा को ट्रक ने मारी धक्का आधा दर्जन सवारी घायल

तरुणमित्र न्यूज

बैरिया (बलिया)। बैरिया से शिवनटोला यात्रियों को लेकर जा रही ई-रिक्शा को ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दिया। जिससे आधे दर्जन ई- रिक्शा सवार घायल हो गए। एक को चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर किया है।अन्य घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा में चल रहा है।

बता दे की सोनबरसा निवासी यार मोहम्मद 65 वर्ष, बकुलहा नई बस्ती निवासी नागा बिन्द 50 वर्ष,बांसडीह मैरिटार निवासिनी देवंती देवी 50 वर्ष पत्नी राजकुमार राम, लालगंज दामोदरपुर निवासिनी शारदा देवी 48 वर्ष पत्नी संजय ई-रिक्शा से शिवन टोला जा रहे थे,अभी सोनबरसा गांव के सामने ही पहुंचे थे की बैरिया के तरफ से माझी की ओर जा रही ट्रक ने ई-रिक्शा को पीछे से टक्कर मार दिया। जिससे ड्राइवर सहित छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

हालांकि चिकित्सकों की माने तो ड्राइवर अपना इलाज करा कर घर चला गया। जबकि यार मोहम्मद को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।ग्रामीणों की माने तो ई-रिक्शा में टक्कर मारने वाले ट्रक को ग्रामीणों ने रोक रखा था।

पुलिस ने किया चोरी का खुलासा दो अभियुक्त गिरफ्तार

तरुणमित्र न्यूज

मुहम्मदाबाद यूसुफपुर (गाजीपुर)। स्थानीय पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मोहम्मदाबाद कस्बे में रात्रि चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी के आभूषण और नकदी बरामद की है।

पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी चोब सिंह के निर्देशन में 20 जून 2025 को स्थानीय पुलिस टीम संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग में लगी थी। इसी दौरान रात्रि में रौजा कब्रिस्तान के पास दो व्यक्तियों को संदेह के आधार पर रोका गया, जिनकी तलाशी में चोरी के आभूषण और नकदी बरामद हुई।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से एक पीली धातु का मंगलसूत्र, दो सफेद धातु की अंगूठियाँ, दो सफेद धातु की पायलें तथा ?2350 नकद बरामद हुए हैं। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान नरेश डोम (उम्र 24 वर्ष), पुत्र रंगबाज डोम, निवासी ग्राम कनुआन थाना भांवरकोल और भोला डोम, पुत्र टेंपो डोम, निवासी सुखडेहरा थाना भांवरकोल के रूप में की गई है।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक हरिश्चंद्र सिंह, कांस्टेबल एहसान अली, अवधेश कुमार, सीतांशु पाण्डेय, कोमल सिंह, अश्विनी कुशवाहा और जितेंद्र यादव शामिल थे। पुलिस द्वारा दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

नदी मे स्नान करते समय 30 वर्षीय युवक डूबा, मचा कोहराम

तरुणमित्र न्यूज

बेल्थरा रोड (बलिया)। उभांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत टंगुनिया निवासी 30 वर्षीय रंजीत ठाकुर पुत्र स्वर्गी अशोक ठाकुर की गुरुवार को शिव स्थान घाघरा में नहाते समय घाघरा नदी में डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि रंजीत कानपुर में मेट्रो रेल परियोजना में नौकरी करता था। और इन दिनों छुट्टी पर अपने घर आया हुआ था।

बीते तीन दिनों से रंजीत नियमित रूप से शिव स्थान घाघरा में स्नान के लिए जाया करता था। गुरुवार को भी वह सुबह अपने घर से स्नान के लिए निकला, लेकिन यह स्नान उसके जीवन का अंतिम स्नान बन गया। स्नान के दौरान वह गहरे पानी में चला गया और देखते ही देखते डूबने लगा। किनारे मछली पकड़ रहे एक युवक ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

घटना की सूचना मिलते ही गांव में कोहराम मच गया। इस बात कि सूचना मिलते ही ग्रामीणों लोगों के सहायता से युवक को बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीयर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि मृतक अविवाहित था। इस हृदय विदारक घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। इस बात कि सूचना मिलते ही उभांव पुलिस समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीयर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की विधिक कार्यवाही में जुट गई है।

परिवहन मंत्री ने नवनिर्मित सखी वन स्टॉप सेंटर भवन का किया लोकार्पण

तरुणमित्र न्यूज

बलिया। प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने शुक्रवार को नवनिर्मित सखी वन स्टॉप सेंटर भवन तथा नवीनीकरण कराए गए चाइल्ड हेल्पलाइन-1098 भवन का लोकार्पण किया। जिला प्रोबेशन अधिकारी मोहम्मद मुमताज ने बताया कि वन स्टॉप सेंटर का उद्देश्य-घरेलू हिंसा से पीड़ित तथा संवासित महिलाओं बच्चियों के लिए अल्पावास सुविधा, परामर्शदाता, चिकित्सकीय परामर्श, कानूनी सहायता, विधिक सहायता प्रदान करना हैं।

उन्होंने बताया कि चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 का उद्देश्य-लावारिस, गुमशुदा बच्चे/बच्चियों का देखरेख, मेडिकल परीक्षण होने के उपरांत उनके माता-पिता को सुपूर्द अथवा राजकीय बाल गृह में दाखिला कराया जाता है। इस अवसर पर केंद्र प्रशासक प्रिया सिंह, के जिला मिशन कोऑर्डिनेटर सुश्री अंजली सिंह, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर आकांक्षा राय तथा वन स्टॉप सेंटर, चाइल्ड हेल्पलाइन के समस्त कार्मिक उपस्थित रहे।

कार्डधारकों को निः शुल्क खाद्यान्न वितरण 20 जून से

तरुणमित्र न्यूज

बलिया। अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत माह जुलाई के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न तथा अंत्योदय कार्डधारकों को त्रैमास अप्रैल, मई व जून के सापेक्ष चीनी का वितरण दिनांक 20 जून, से 10 जुलाई, तक के मध्य खाद्यान्न वितरण नि: शुल्क किया जायेगा।

यह जानकारी जिला पूर्ति अधिकारी श्री देवमणि मिश्र ने देते हुए बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत प्रचलित अन्त्योदय लाभार्थियों को प्रति कार्ड 14 किग्रा गेहू व 21 किग्रा चावल का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को प्रति यूनिट 02 किग्रा गेहू व 03 किग्रा चावल (प्रति यूनिट 05 किग्रा खाद्यान्न) का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। अंत्योदय कार्डधारकों को त्रैमास अप्रैल, मई व जून, के सापेक्ष 03 किग्रा चीनी प्रति कार्ड रू0-18/-प्रति किग्रा की दर से रू0-54 में वितरण सुनिश्चित कराया जायेगा। अंत्योदय कार्डधारकों को चीनी के सम्बन्ध में पोर्टेबिलिटी की सुविधा अनुमन्य नही होगी। लाभार्थी मूल दुकान से ही चीनी प्राप्त कर सकेंगे। जिन कार्डधारकों के अंगूठा ई-पास मशीन पर आधार प्रमाणीकरण में असफल हो जायेगे, उन्हे मोबाइल ओ.टी.पी. आधारित प्राक्सी के माध्यम से दिनांक 10 जुलाई, को वितरण किया जायेगा।

मंत्री द्वय ने की बाढ़ व सिंचाई कार्यों की समीक्षा

तरुणमित्र न्यूज

बलिया। जिले में पहुंचे प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह व राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने शुक्रवार को लोनिवि डाक-बंगले में बाढ़ व सिंचाई विभाग के अधिकारियों संग बैठक कर निरोधात्मक कार्यों की समीक्षा किया। मंत्री द्वय ने अधिकारियों से बाढ़ संबंधित चल रहे कार्यों की जानकारी ली और उन्हें समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि जिले में जो भी विकास कार्य चल रहे हैं। उसे प्राथमिकता पर समय से पूरा कराया जाए। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जो भी निरोधात्मक कार्य हो रहे हैं उसे हरहाल में बरसात से पहले पूर्ण करा लिया जाए। मंत्री ने माल्देपुर व चैनछपरा में चल रहे बाढ़ निरोधात्मक कार्यों की प्रगति के बारे में भी जानकारी ली और समय से पूरा कराने के निर्देश दिए। कहा बाढ़ में इस बार कहीं भी समस्या न आए इसके लिए अभी से तैयारी कर लें। सिंचाई विभाग के अधिकारियों से कहा कि तत्काल में जोताई-बोवाई का सीजन है जिससे नहरों में पानी की सुचारू व्यवस्था रखी जाए। नहरों में टेल तक पानी पहुंचे इसकी हर हाल में व्यवस्था की जाए। कहा कि यदि कहीं भी नहर में पानी नहीं आने की कहीं भी शिकायत मिलती है या इसको लेकर किसान हंगामा आदि करते हैं तो संबंधित विभागीय कर्मियों पर निश्चित तौर पर कार्रवाई होगी। इस दौरान काफी संख्या में लोग अपनी समस्याओं को भी लेकर पहुंचे थे जिसका मंत्री द्वय ने समाधान किया।

चेहरा प्रमाणीकरण में लापरवाही बरतने पर होगी सेवा समाप्त

बलिया। जिला कार्यक्रम अधिकारी के0 एम0 पाण्डेय ने बताया है कि लाभार्थियों की केवाईसी व चेहरा प्रमाणीकरण मेंलापरवाही बरतने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को हिदायत जारी की गयी है। 5 दिन के अन्दर शत -प्रतिशत कार्य नही करती हैं तो उनका जून का मानदेय रोक दिया जाएगा। साथ ही सेवा समाप्ति की कार्रवाई भी की जा सकती हे। बाल विकास पुष्टाहार कार्यक्रम के तहत जनपद में संचालित 3471 आंगनबाड़ी केन्द्रों में पुष्टाहार पाने वाले बच्चों, धात्री माताओं व गर्भवती महिलाओं का चेहरा प्रमाणीकरण अभियान चलाया जा रहा है। यह कार्य जुलाई से पहले ही पूरा करना है। जिन लाभार्थियों का चेहरा प्रमाणीकरण होगा, जुलाई में उन्हें ही का पुष्टाहार वितरित किया जाएगा। साथ ही उन्होंने चेतावनी देते हुए सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को पांच दिन के अन्दर कार्य पूर्ण करने को कहा है। पांच दिन में शात प्रतिशत कार्य नही किया गया तो सेवा समाप्ति के लिए तैयार हो जाएं।

थानाध्यक्ष का पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

बरदह। बरदह थाना क्षेत्र बर्रा गांव में बीते 6 जून की रात राजभर बस्ती के दो पुरवे में एक इनोवा गाड़ी को लेकर विवाद हुआ था। जिसे लेकर दूसरे पक्ष के राजभर बस्ती के कुछ लोग इनोवा गाड़ी को तोड़फोड़ दिए थे। सूचना पर 112 नंबर पुलिस पहुंची उनसे भी उलझ गई और तोड़फोड़ करने लगे। तभी सूचना पर थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह पहुंचे पुलिस फोर्स के साथ और राजभर बस्ती के लोग इतने उग्र थे। कि थाना अध्यक्ष की एक न सुनी और आक्रोशित होकर लाठी डंडे से बड़े बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिए थे जिसमें थानाध्यक्ष के सर पर काफी गहरी छोटे आई थी। एक हाथ फैक्चर हो गया था। इस संबंध में वरिष्ठ उप निरीक्षक सुरेश चंद्र मिश्रा द्वारा 34 नामजद और कुछ अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। जिसमें 20 लोगों को जेल भेजा जा चुका है। बाकी लोगों की तलाश पुलिस अभी कर रही है। इधर सोशल मीडिया पर काफी दिनों बाद एक वीडियो खूब जमकर वायरल हो रही है। जिसमें थानाध्याक्ष राजीव कुमार सिंह को राजभर बस्ती के कुछ युवक लाठी डंडों से बड़े बुरी तरह मारपीट रहे हैं। थानाध्यक्ष एक खेत में गिर गए हैं। और ऊपर से लगातार लाठी डंडा बरसा रहे हैं।इन सभी को जरा से भी दया नहीं आ रही है जो हमें बचाने आया था हम उन्हीं को मार रहे हैं। बार-बार मत मारो कह कर चिल्ला रहे हैं लेकिन मनबढ़ युवक गाली देते हुए मारपीट रहे है जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। और इस वीडियो को देखकर क्षेत्र में काफी लोग अक्रोशित भी हो रहे हैं। पुलिस के साथ इस तरह व्यवहार हो रहा है। तो आम जनता के साथ क्या होगा, वहीं पुलिस प्रशासन पर भी एक प्रश्न चिन्ह लग रहा है कि जब इतनी बड़ी घटना हो रही थी तो और फोर्स कहां थी यह जांच का विषय है।

पीड़ित आत्मदाह करने के लिए विवश

बरदह। थाना क्षेत्र के भीरा ग्राम से उप जिलाधिकारी के आदेश पालन में लीपापोती की जा रही है बताते चले की भीरा ग्राम निवासी रवींदर सिंह की गाटा संख्या 455 जिसका रकबा 2.045 हेक्टेयर है उसमें शंकर सरोज व अन्य अपने झोपड़ी और अन्य ईंट पत्थर रखकर कब्जा कर रहे हैं इसके बाद रविंद्र सिंह ने अपने गाटे में कब्जे को लेकर आवाज उठाई तो वह लोग लड़ाई झगड़े पर आमादा हो गए और एससी एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी देने लगे इसके बाद पीड़ित ने राजस्व न्यायालय मार्टिनगंज उपजिला अधिकारी के यहां 2023 में धारा 24 के अंतर्गत संपूर्ण रकबे की पक्की पैमाइश करवाने की प्रक्रिया शुरू की और जांच प्रक्रिया के दौरान या पाया गया कि शंकर पुत्र सती राम ने अवैध कब्जा किया हुआ है जिसके बाद पत्थर गड्डी की गई और उप जिलाधिकारी रामानुज शुक्ल द्वारा पीड़ित के पक्ष में धारा 134 बेदखली काआदेश 7/10/.2024 को दिया गया कि जल्द से जल्द उनकी जमीन गाटा संख्या 455 रकबा 2.045 हेक्टेयर से शंकर पुत्र सती राम के झोपड़ी व किसी भी अन्य प्रकार के कब्जे को हटाया जाए संबंधित तहसीलदार और लेखपाल द्वारा जल्द से जल्द उपरोक्त अतिक्रमण को हटवा कर सूचित किया जाए लेकिन आज 7 महीने बीत जाने के बाद से भी अभी मामले में कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

डबल इंजन के सरकार पीडीए बर्ग के अधिकारों का हनन कर रही है : रिजवी

सिकन्दरपुर(बलिया)। समाजवादी पार्टी ने पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) जागरूकता अभियान के तहत चौहानपुरा में जन चौपाल का आयोजन किया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री और विधायक जियाउद्दीन रिजवी मुख्य वक्ता रहे। रिजवी ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार पीडीए वर्ग के अधिकारों का हनन कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि थानों में पीडीए वर्ग की शिकायतों पर एफआईआर दर्ज नहीं की जा रही है। रिजवी ने जातीय जनगणना की मांग को दोहराते हुए कहा कि इसके बिना सामाजिक न्याय अधूरा है। जन चौपाल में रामजी यादव, अनंत मिश्रा और गुरुजलाल राजभर समेत कई नेताओं ने विचार रखे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण और पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामप्रवेश चौहान ने की, जबकि संचालन संजय यादव ने किया।

दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट से संबन्धित वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

तरुणमित्र न्यूज

बलिया। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम व वांछित अभियुक्तों/ वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे सघन अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी कृपा शंकर के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी मो0 फहीम कुरैशी व थानाध्यक्ष विश्वदीप सिंह के कुशल नेतृत्व में शुक्रवार को थाना हल्दी पुलिस टीम के उ0नि0 औरंगजेब खाँ मय हमराह हे0का0 रमेश कुमार के साथ थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 65/2025 धारा 137(2),87,65(1) BNS व 5L/6 पाक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्त राकेश तुरहा पुत्र सरल तुरहा निवासी सीताकुण्ड थाना हल्दी जनपद बलिया उम्र 22 वर्ष की गिरफ्तारी हेतु क्षेत्र मे मामूर थे कि मुखबिर खास की सूचना के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त को सीताकुण्ड ढाले के पास से समय 07.30 बजे गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय भेजा गया।

विद्युत पोल टूटा तो हो सकती है बड़ी घटना

बरदह। आजमगढ़ स्थानीय विद्युत केंद्र गोठांव विद्युत सप्लाई नंदाव बाजार सहित अन्य क्षेत्रों को जाती है वहीं पर रेवला गांव में 440 वोल्टेज की बिजली गई है जहां पर मौजूदा समय में मनोहर यादव के घर के सामने पिच मार्ग के किनारे विद्युत लो वोल्टेज पोल जगह-जगह टूट कर गिरने की कगार पर है। वही पोल के ऊपर से जुगाड़ लगाकर एंगल के सहारे विद्युत चलाया जा रहा है जो कि करीब डेढ़ वर्ष पूर्व से खतरनाक बना हुआ है फिर भी विद्युत विभाग के अधिकारियों के यहां मनोहर के द्वारा तीन बार एसडीओ मार्टीनगंज गिरीश सिंह सहित अन्य अधिकारियों के यहां प्रार्थना पत्र दिए गए वहीं पर 1912 पर भी शिकायत की गई पर अभी तक कार्य नहीं हो पाया।

जिलाधिकारी ने की जिला स्तरीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक

तरुणमित्र न्यूज

बलिया। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने उद्यमियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता पर समस्या को निस्तारित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग एवं उद्यमियों से जनपद में किन-किन स्थानों पर औद्योगिक अस्थान विकसित किया जा सकता है, के संबंध में सुझाव प्राप्त करते हुए उपायुक्त उद्योग से कहा कि उप जिलाधिकारी से समन्वय कर भूमि चिन्हित कर प्रस्ताव तैयार किया जाय। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि ग्रीनफील्ड के किनारे इंडस्ट्रियल कॉरिडोर विकसित किए जाने के लिए भी भूमि को चिन्हित कर प्रस्ताव तैयार किया जाय। उन्होंने उपायुक्त उद्योग से कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराकर अधिक से अधिक आवेदन कराया जाय। उन्होंने जिला ग्रामोद्योग अधिकारी से कहा कि माटीकला के व्यवसाय से जुड़े हुए लोगों को चिन्हित कर,उन्हें योजनाओं से लाभान्वित किया जाय।

बैठक में औद्योगिक अस्थान,बनरही में पानी के निकास के प्रकरण पर उपायुक्त उद्योग रवि कुमार शर्मा ने बताया कि आगणन तैयार कर आयुक्त एवं निदेशक,उद्योग को पत्र प्रेषित किया गया हैं।

मान्यता प्राप्त
माध्यम हिन्दी/अंग्रेजी
स्थापित-1971
कम्प्यूटर शिक्षा मुफ्त
प्रवेश प्रारम्भ
भारती विद्या मन्दिर
वाजिदपुर उत्तरी (अहियापुर) जौनपुर
शिशु से जूनियर हाईस्कूल तक
हमारी सुविधायें
1. हवादार खुला भवन ।
2. शिक्षण की आधुनिकतम तकनीकी।
3. प्रशिक्षित अध्यापकों द्वारा शिक्षण।
4. बच्चों के शारीरिक, सांस्कृतिक एवं मानसिक विकास पर बल।
Admission
सभी कक्ष CCTV कैमरे युक्त
प्रधानाचार्य
कमलेश कुमार पाल
एम.ए., बी.एड.
Mob.: 9793402512
प्रबन्धक
आदर्श कुमार 'सम्पादक'
Mob.: 9452984488
सह प्रबन्धक- नरेन्द्र कुमार गुप्त
Mob.: 8088051925
नोट- 3 सगे भाई-बहनों में 1 की फीस माफ।
शिशुओं को खेल उपकरण द्वारा शिक्षा।

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ
(श्रम मंत्रालय भारत सरकार एन.सी.वी.टी. द्वारा मान्यता प्राप्त)
प्यारी देवी निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान
100% रोजगारपरक

ट्रेड (कोर्स)	अवधि	पात्रता
फिटर	2 वर्ष	हाईस्कूल
इलेक्ट्रिशियन	2 वर्ष	हाईस्कूल

सीमित सीट
★आधुनिक वर्कशाप ★ अनुभवी शिक्षक
विशेष- कैम्पस सिलेक्शन सुविधा, सुसज्जित कार्यशालाएँ प्रशिक्षित एवं अनुभवी अनुदेशक, जाब अप्रेन्टिस की व्यवस्था
गौराबादशाहपुर, पिलखिनी, जौनपुर
Mob.: 9415234998, 8423472673

लक्ष्मी हेल्थ केयर नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कालेज
A.N.M. 10+2 (Art/Bio)
G.N.M. (A) 10+2 (Bio)
B.Sc. Nursing (A) 10+2 (Bio)
प्रवेश प्रारम्भ 2025-26
O.T.T. डिप्लोमा इन आपरेशन थियेटर टैक्निशियन
D.P.T. डिप्लोमा इन फिजियोथैरपी
OPTOMERTY डिप्लोमा इन आप्टोमेट्री टैक्निशियन
कुत्तूपुर, जौनपुर Mob. : 7275314939, 9236627158

NIRMALA DEVI POLYTECHNIC & Pharmacy College
(D Pharma Course) | AICTE & UPBTE Approved
ADMISSION OPEN 2025-26
B. PHARMA AND D. PHARMA
Course Name Bus Facility
Electrical & Electronics Engineering
Mechanical Engineering Production
Mechanical Engineering Automobile
Electrical Engineering
Civil Engineering
Adress: Near Gaurabadshahpur Police Station, Nayansand, Jaunpur (U.P.)
Contact No. 9415234998, 7839456998, 9839449646, 7080956598, 8787010634, 8808800929
Website: www.ndpc.co.in E-mail: dnirmala432@gmail.com

शुभ लग्न ऑफर
शुद्धता और विश्वास, अब आपके और भी पास
कोठी परसोत्तम राम
अजीत कुमार बैंकर्स एण्ड ज्वैलर्स
त्यौहारों के उपलक्ष्य में कोठी परसोत्तम राम अजीत कुमार बैंकर्स एण्ड ज्वैलर्स प्रस्तुत करते हैं देश एवं विदेश के सर्वोत्तम कारीगरों द्वारा निर्मित उत्कृष्ट डिजाइनर ब्राण्डेड ज्वैलरी
हमारे यहां सोने, चांदी और डायमण्ड की फैन्सी ब्राण्डेड ज्वैलरी मिलती है। साथ ही साथ सोने चांदी के सिक्के, रत्न, उपरत्न एवं मूर्ति भी उपलब्ध है। एक बार सेवा का मौका दें।
कोतवाली चौराहा, अलफस्टीनगंज, स्टेशन रोड, जौनपुर
रविन्द्र बैंकर, संस्कार बैंकर, दिव्यांश बैंकर मो. 09838435680 - ए.सी. शोरूम
सम्बंधित फर्म-
परसोतम राम नरेन्द्र कुमार बैंकर ख्वाजगी टोला, स्टेशन रोड, जौनपुर
कोठी परसोत्तम राम राजाराम बैंकर्स कोतवाली चौराहा, जौनपुर

फिलिस्तीन समर्थकों ने ब्रिटेन में जमकर मचाया उत्पात

लंदन। ब्रिटेन में फिलिस्तीन समर्थकों ने शुक्रवार (20 जून, 2025) को सेंट्रल इंग्लैंड के रॉयल एअर फोर्स बेस में घुसकर दो विमानों को क्षतिग्रस्त कर दिया और उनके ऊपर लाल रंग छिड़क दिया। फिलिस्तीन एक्शन नाम के कैंपेन ग्रुप का कहना है कि उसके के दो एक्टिविस्ट ऑक्सफोर्डशायर में ब्रिज नॉर्टन बेस में घुस गए थे। उन्होंने वायेजर विमान के इंजनों पर पेंट छिड़क दिया और बहुत नुकसान पहुंचाया।

इस ग्रुप ने घटना एक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर करते हुए कहा, "इजरायली सरकार की सार्वजनिक रूप से निंदा करने के बावजूद ब्रिटेन मिलिट्री कार्गो को भेजना, गाजा के ऊपर जासूसी विमान उड़ाना और अमेरिकी/ इजरायली फाइटर प्लेन को ईंधन भरना जारी रखे हुए है।" ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने इस घटना की निंदा की और कहा कि वह जांच के लिए पुलिस के साथ काम कर रहा है।

बयान में कहा गया, "हमारी आर्म्ड फोर्स सबसे बेस्ट है। वो हमारे लिए अपनी जान जोखिम में डालते हैं और उनका कर्तव्य, समर्पण और निस्वार्थ व्यक्तिगत बलिदान का प्रदर्शन हम सभी के लिए प्रेरणा है। ये हमारी जिम्मेदारी है कि हम उन लोगों का समर्थन करें जो हमारी रक्षा करते हैं।" वहीं, पुलिस का कहना है कि वो इस बात की जांच कर रही है कि ये लोग एयरबेस तक कैसे पहुंचे और क्रिमिनल डैमेज का क्या कारण रहा? फिलिस्तीन एक्शन उन ग्रुपों में से एक है जो गाजा संघर्ष की शुरुआत से ही लगातार ब्रिटेन में डिफेंस फर्मों और इजरायल से जुड़ी अन्य कंपनियों को निशाना बनाते रहे हैं। इस ग्रुप का कहना है कि उसने ही रनवे पर पेंट फेंका था और वहां पर फिलिस्तीन का झंडा भी छोड़ दिया था।

स्टाफ नर्स के प्रशिक्षण के लिए
अवध पैरा मेडिकल कालेज जौनपुर
708, विशेषरपुर (पचहटिया) शीतला चौकियाँ, आजमगढ़ रोड, जौनपुर Mob. : 9129773253
G.N.M., A.N.M., B.Sc.(Nursing) Post Basic, D.Pharma, B.Pharma
G.N.M. सामान्य नर्सिंग एवं मिडवाइफरी के 3 वर्षीय डिप्लोमा प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं
योग्यता 10+2 या समकक्ष परीक्षा में कम से कम 90% अंक | चयन प्रक्रिया मेरिट के आधार पर | आयु सीमा 17–35 वर्ष | छात्रावास की सुविधा
आवेदन पत्र एवं अन्य विवरण के लिए सम्पर्क करें
डा. रामअवध यादव Mob.: 8931931199, 9415273329
डा. शकुन्तला यादव प्रबन्ध निदेशक Mob.: 9889377675, 9415207436
KUNWAR DAS MEDICAL CENTRE PVT. LTD. 708, Vishesharpur (Panchahatiya), Sheetala Cahukiya, Azamgarh Road, Jaunpur-222106

रिवांश मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधायें-
जनरल सर्जरी, अपेन्डिक्स, हार्निया बच्चेदानी का ऑपरेशन, पेट आंत पित्त की थैली के पथरी का ऑपरेशन हाइड्रोसिल, गुर्दे की पथरी प्रोस्टेट (दूरबीन विधि द्वारा), बवासीर भगन्दर, फिशर का ऑपरेशन क्षार सूत्र विधि द्वारा, यूरो सर्जरी, लैप्रोस्कोपिक सर्जरी ऑपरेशन द्वारा बच्चा पैदा करने की सुविधा इत्यादि
डॉ. पवन चौरसिया B.A.M.S., M.S. (Ay) जनरल एण्ड एनोरेक्टल सर्जन
डॉ. फैजल जावेद M.B.B.S फिजीशियन
डॉ. डी.के. गुप्ता M.B.B.S., MS, Mch, Urologist यूरो सर्जन
लाइन बाजार तिराहा, वाराणसी रोड, जौनपुर
24/7 EMERGENCY SERVICE
Mob.: 8765452133, 9336748494, 9415161571

Reg. No. 65483
HOPE FAMILY CLINIC
होप फैमिली क्लीनिक
डा. नाज़िया बानो
बी.ए.एम.एस. (बैंगलोर) सी.सी.एच., सी.जी.ओ. (पूणे)
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
पूर्व एम.ओ. बालाजी हॉस्पिटल- मुम्बई
रिस्क केयर हॉस्पिटल- मुम्बई
रविवार बन्दी
24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध
Mob.: 9956487705
क्लीनिक का समय
सुबह- 10 बजे से 2 बजे तक / शाम- 4 बजे से 7 बजे तक
पता:- मल्हनी पड़ाव, गंगा प्रेस के सामने गली में, जौनपुर-222001

नि:सन्तान दम्पति निराश न होवें
बाँझपन के सर्वोत्तम इलाज के लिए
शकुन्तला आईवीएफ सेन्टर जौनपुर
सेवा का अवसर दें
.... निवेदक ....
डा0 रामअवध यादव
डा0 शकुन्तला यादव
डा0 आनन्द वर्द्धन
डा0 अन्शु कुमारी
पंचहटिया, आजमगढ़ रोड, जौनपुर
Mob.: 8931931199, 9918905642

उमानाथ सिंह शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय
पिलखिनी, जौनपुर (उ.प्र.)
(वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर से सम्बद्ध)
वर्तमान सत्र- 2025-26 से मान्यता प्राप्त विषय
कला संकाय (बी.ए.)
प्राचीन इतिहास, शिक्षा शास्त्र, अंग्रेजी, हिन्दी, भूगोल, होम साइन्स, समाज शास्त्र।
विज्ञान संकाय (बी.एस.सी.)
भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान।
प्रवेश प्रारम्भ - शीघ्रता करें - सीटें सीमित

स्वर्ण आभूषण होल सेल से कम रेट पर
सौरव ज्वेलर्स
18 कैरेट जेवर पर 18 कैरेट का ही भाव लगेगा
22 कैरेट जेवर पर 22 कैरेट का ही भाव लगेगा
सोने के जेवर पर मेकिंग चार्ज 3.9 प्रतिशत से शुरू।
जो कि प्रदेश में पहली बार इतने न्यूनतम बनवाई पर HUID हाल मार्क गहने आप प्राप्त कर सकेंगे।
विश्वास ही हमारी परम्परा है।
मिश्रा काम्प्लेक्स, ओलन्दगंज तिराहा, जौनपुर
प्रो0-सौरव कुमार बैंकर मो0- 7317337000

पेट, आँत, लीवर, किडनी, ब्रेस्ट, प्रोस्टेट, बच्चेदानी आदि रोग की सुरक्षित गुणवत्ता पूर्ण एडवांस मेडिकल एवं सर्जिकल इलाज के लिए राष्ट्रीय प्रमाण-पत्र
NABH & ISO द्वारा प्रमाणित अस्पताल
डा. लाल बहादुर सिद्धार्थ
M.B.B.S., M.S. Surgery, F.I.M.S.A., M.I.A.G.E.S. SR. (Gastro Surgery,) M.I.M.S.A., F.A.I.S., F.I.C.S.
(गैस्ट्रो. लेप्रोस्कोपिक एवं कैंसर सर्जन)
जनता के बेहतर और कल्याण के लिए केन्द्र सरकार की सौगात
आयुष्मान भारत योजना
के अन्तर्गत 5 लाख तक का नि:शुल्क उपचार
गोल्डेन कार्ड प्रतिदिन बनता है
न्यू, हेरिटेज सिद्धार्थ हास्पिटल
मल्टी स्पेशियलिटी साइंस एवं रिसर्च सेन्टर
सुल्तानगर उमरपुर हरिबंधनपुर, (निकट मैहर देवी मंदिर) जनपद जौनपुर
मो.न.: 9415315405, 9598725958, 9838259535
बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ

बी.ए.एम.एस. के सर्वोत्तम प्रशिक्षण के लिए
डा. शकुन्तला आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज, जौनपुर
पता - 1214, नयनसण्ड, थाना रोड, गौराबादशाहपुर, जौनपुर (उ.प्र.) 222133
College Code- AYU0728
ADMISSION OPEN 2025-26
अभ्यर्थी U.P. आयुष, NEET की वेबसाइट पर डा. शकुन्तला आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज को प्रथम विकल्प चुनें
BAMS BACHELOR OF AYURVEDIC MEDICINE AND SURGERY
Recognized by NCISM, Ministry of AYUSH, Govt. of India, Affiliated to Mahayogi Guru Gorakhnath AYUSH University, Uttar Pradesh
10+2 (PCB) Min. 50% and NEET Qualifying Score
4.5 Years + 1 Year Internship
स्कॉलरशिप | एजुकेशन लोन सुविधा
LIMITED SEATS
HURRY UP! PRE BOOK YOUR SEAT NOW
NEET UG 2024 QUALIFYING CUTOFF

CATEGORY	PERCENTILE	MARKS
GEN/EWS	50%ile	164
OBC	40%ile	129
SC	40%ile	129
ST	40%ile	129

9415273329, 9889377675, 1390691111 drshakuntalaayush.in drshamch2023@gmail.com

विदेश में भारतीय कूटनीति का जलवा

नई दिल्ली। ईरान और इजरायल के बीच जंग भीषण होते जा रही है। दोनों देश एक दूसरे पर लगातार हमला कर रहे हैं। इस बीच एक बड़ी जानकारी सामने आई है। ईरान ने भारतीय छात्रों की निकासी के लिए अपने बंद एयरस्पेस को विशेष तौर से खोला है। इसको भारत की कूटनीतिक जीत के तौर पर देखा जा सकता है।

बता दें कि युद्ध प्रभावित इस देश में फंसे भारतीय छात्रों की आपतकालीन निकासी के लिए उठाया गया बड़ा कदम है। ईरान के इस फैसले से कम से कम 1000 छात्रों के आज भारत पहुंचने की संभावना है। बता दें कि ईरान द्वारा एयरस्पेस खोले जाने के बाद छात्रों के लेकर आ रही पहली फ्लाइट रात के 11 बजे के करीब नई दिल्ली पहुंचेगी। ईरान के के मशहद शहर से ईरानी विमान में ही छात्र दिल्ली आएंगे। इसके अलावा छात्रों के लेकर आने वाली दूसरी और तीसरी फ्लाइट भी शनिवार को आएगी।